RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 289
फरीदाबाद, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मैं सिर्फ फिल्म निर्माण नहीं बल्कि सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं

पेज - 11

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,260 | ▲ | 153 | |
| निफ्टी | 17,053 | ▲ | 27.16 | |
| सोना | 47,855 | ▲ | 270 | /10 gm |
| चांदी | 62,567 | ▲ | 684 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.01°C
न्यूनतम 14.02°C

## क्विक न्यूज

### मोदी चार दिसंबर को देहरादून में करेंगे चुनावी रैली

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिसंबर को यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे, साथ ही करीब 30,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को समारोह स्थल परेड ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लेने के बाद संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री 26000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और 4000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

### सीबीआई ने राजकोट की कंपनी, निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से कथित रूप से 44.64 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में राजकोट की कंपनी मंदीप इंडस्ट्रीज और उसके निदेशकों और भागीदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने कंपनी के अलावा, इसके निदेशकों और भागीदारों आशीष बी तलाविया, किशोरभाई एच वैष्णवी, श्री रामजीभाई एच गजेरा, कल्पेश प्रवीणभाई तलाविया, भावेश एम तलाविया और अज्ञात लोक सेवको और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### भारत में रिलीज होगी स्पाइडरमैन की नई फिल्म

**नई दिल्ली।** स्पाइडरमैन की नई फिल्म स्पाइडरमैन: नो वे होम अमेरिका में प्रदर्शित होने से एक दिन पहले, भारत में 16 दिसंबर को रिलीज होगी। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने ट्वीट किया, स्पाइडरमैन और मार्वल के प्रशंसकों के लिए उत्साहित करने वाली खबर है। हमारा प्रिय सुपरहीरो अमेरिका से एक दिन पहले आ रहा है। 16 दिसंबर को स्पाइडरमैन नो वे होम को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में देखिए। फिल्म में टॉम हॉलैंड और जेन्डाया ने अभिनय किया है। इसमें बेनेडिक्ट कम्बरबैच डॉक्टर स्ट्रेंज की भूमिका में दिखेंगे।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि में संकल्प यात्रा निकालने पर तीन काबू

**मथुरा।** जनपद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि में शाही ईदगाह पर संकल्प यात्रा निकाले जाने की घोषणा करने वाले सामाजिक संगठन नारायणी सेना के कोषाध्यक्ष सहित तीन पदाधिकारियों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। वहीं, लखनऊ से पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपने घर पर नजरबंद किए गए नारायणी सेना के अध्यक्ष मनीष यादव ने संकल्प यात्रा को निरस्त करने की घोषणा की है।

### दिल्ली में डेंगू के इस साल दर्ज किए 8200 से अधिक मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस सीजन में डेंगू के मामले बढ़कर 8200 से अधिक हो गए हैं। इनमें से 6700 से अधिक मामले नवंबर में दर्ज किए गए हैं। 17 नवंबर को कुल 5,277 डेंगू के मामले दर्ज किए गए थे जो 2015 के बाद से राजधानी में दर्ज हुए सबसे अधिक मामले थे। 22 नवंबर को इन मामलों की संख्या बढ़कर 7128 हो गई थी। पिछले एक सप्ताह में लगभग 1148 नए मामले दर्ज किए गए हैं। सोमवार को जारी वेक्टर जनित बीमारियों पर रिपोर्ट के अनुसार इस सीजन में 27 नवंबर तक कुल 8276 डेंगू के मामले दर्ज किए गए हैं। इससे पहले साल 2016 में 4431, साल 2017 में 4726, 2018 में 2798, 2019 में 2036 और 2020 में 1072 दर्ज किए गए थे।

# सीएम मनोहर से मिलने पहुंचे कैप्टन अमरिंदर

## चुनाव और किसान आंदोलन पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को हरियाणा के सीएम मनोहर लाल से उनके आवास पर मुलाकात की।

कैप्टन साढ़े 12 बजे सीएम आवास पर पहुंचे। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मुलाकात के बारे में कहा कि वो सिर्फ शिष्टाचार के नाते कॉफी पीने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलने आए हैं। हालांकि जानकारी मिल रही है कि दोनों ने आधे घंटे तक किसान आंदोलन और पंजाब चुनाव पर चर्चा की है।

कैप्टन की सीएम के साथ मुलाकात के पीछे भाजपा के साथ बढ़ रही नजदीकियां, पंजाब चुनाव और किसान आंदोलन हैं। केंद्र सरकार चाहती है कि तीन कृषि कानून वापसी होने के बाद अब किसान लौट जाएं। कैप्टन भी किसानों को वापस लौटने की अपील कर चुके हैं। ऐसे में यह मुलाकात किसान आंदोलन और पंजाब में चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण है। दोनों ने किसान आंदोलन के समय रिश्तों में आई तलखी को कम किया।

किसान आंदोलन में कैप्टन और मनोहर के रिश्तों में तल्खी आ गई थी। दोनों के बीच जमकर ट्वीटर वार चली। दरअसल, किसानों ने 26 नवंबर और 28 नवंबर 2020 को बड़े प्रदर्शन की तैयारी की थी। हरियाणा और पंजाब के किसानों ने दिल्ली कूच किया। पंजाब के तत्कालीन सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह खुलकर किसान आंदोलन के समर्थन में थे। उस समय मनोहर लाल ने कैप्टन पर आंदोलन को उकसाने और बढ़ावा देने के आरोप लगाए थे। कानून व्यवस्था के लिए कैप्टन को सीएम मनोहर ने फोन भी किया था, लेकिन उन्होंने फोन उठाया नहीं था। दोनों ने ट्वीटर पर एक-दूसरे के खिलाफ कई आरोप लगाए थे।



### खट्टर और कैप्टन की मुलाकात के लग रहे कयास

**पंजाब** में जल्द चुनाव होने जा रहे हैं और कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी बनाने की घोषणा कर चुके हैं। पूरी संभावना है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। पंजाब क्योंकि हरियाणा का सीमावर्ती राज्य है ऐसे में कैप्टन और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मुलाकात के बाद कई कयास लग रहे हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तीन सप्ताह के भीतर चुनाव आयोग में नई पार्टी रजिस्टर कराने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैप्टन ने इस बात के भी संकेत दिए कि पंजाब की राजनीति में कई बड़े चेहरे उनसे जुड़ने जा रहे हैं। वहीं संसद से किसान कानूनों की वापसी के विधेयक के पास होने पर कैप्टन ने इस बात की ओर भी इशारा किया कि जल्द ही दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे।

# प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान सेंट्रल विस्टा पर नाराज हुए सीजेआई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली**-एनसीआर प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह ने कहा कि आदेश के तहत दिल्ली में निर्माण कार्य बंद हैं, लेकिन इसके बावजूद सेंट्रल विस्टा का काम जारी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को फटकार लगाते हुए कहा है कि वह केंद्र से पूछेगा कि क्या सेंट्रल विस्टा का काम जारी रखने से दिल्ली में वायु प्रदूषण नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सवाल किया कि प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि हम दिल्ली में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, चाहे वह सेंट्रल विस्टा हो या कुछ और यह मत सोचो हम कुछ नहीं जानते। ध्यान भटकाने के लिए दूसरे मुद्दे मत उठाओ। आपको जवाब देना ही होगा।

कोर्ट ने इस दौरान पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि वह सीधा-सीधा जवाब दें, हमें पोस्ट ऑफिस न समझें और न ही उस तरह व्यवहार करें। दरअसल, कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र के हलफनामे के जवाब में पंजाब सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल जवाब दे रहे थे।

विस्तृत समाचार पेज- 09

# कृषि कानून वापसी बिल दोनों सदनों में पास, 12 रास सांसद निलंबित

## तीन चार पूंजीपतियों की शक्ति किसानों के आगे नहीं टिकेगी : राहुल गांधी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संसद** के विंटर सेशन के पहले दिन ही कृषि कानून वापसी बिल दोनों सदनों में पास हो गया है। यह बिल अब राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में यह विधेयक पेश किया। इसके तुरंत बाद ही विपक्षी दलों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच ही बिल राज्यसभा में पास हुआ। वहीं, लोकसभा कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में विंटर सेशन शुरू होते ही कृषि मंत्री तोमर ने कृषि कानून वापसी का बिल पेश किया, जो पास भी हो गया। इसके बाद कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने कानून वापसी पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने विपक्ष से कहा कि आप चर्चा चाहते हैं तो हम वो करवाने को तैयार हैं, लेकिन विपक्ष ने नारेबाजी जारी रखी।

कांग्रेस के राहुल गांधी ने कहा, हमने कहा था कि तीन काले कानूनों का वापस लेना पड़ेगा। हमें पता था कि 3-4 बड़े पूंजीपतियों की शक्ति हिंदुस्तान के किसानों के सामने खड़ी नहीं हो सकती और वही हुआ। काले कानूनों को रद्द करना पड़ा। ये किसानों की सफलता है। देश की सफलता है।

राहुल गांधी ने कहा कि ये तीन कानून किसानों और मजदूरों पर आक्रमण थे। किसानों और मजदूरों की कठिनाइयों की लिस्ट लंबी है, जो एमएसपी और कर्ज माफी तक ही सीमित नहीं है। वे अभी भी मांग कर रहे हैं और हम उनका समर्थन करते हैं। आपने कहा प्रधानमंत्री ने माफी मांगी, इसका मतलब प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि उनकी गलती के कारण 700 लोग मारे गए, उनकी गलती से आंदोलन हुआ। अगर उन्होंने गलती मानी है तो नुकसान की भरपाई तो करनी पड़ेगी।

कांग्रेस नेता ने कहा, जिस तरह से संसद में बिना किसी चर्चा के कानून रद्द किए गए, ये दिखाता है कि सरकार चर्चा से डरती है। सरकार जानती है कि उसने गलत काम किया है। 700 किसानों की मृत्यु और कानूनों को लागू करने के पीछे किसकी शक्ति थी, इस पर चर्चा होनी थी, लेकिन सरकार ने नहीं होने दी।

इस बीच, संयुक्त किसान मोर्चा के लीडर राकेश टिकैत ने कहा, कृषि कानून वापस हो चुके हैं, लेकिन अब एमएसपी और किसानों की समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। हम चार दिसंबर को एक बैठक करेंगे और उसमें आंदोलन की दिशा तय की जाएगी। तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इधर, कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर कांग्रेस ने संसद परिसर में धरना दिया। इसमें कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल समेत पार्टी नेता शामिल हुए।

कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस सांसद। कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस सांसद।



### मोदी ने राजनीतिक दलों से शांति और मर्यादा बनाए रखने की अपील की

**संसद** के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों से शांति और मर्यादा बनाए रखने की अपील की। पीएम ने कहा कि संसद में सवाल हो, लेकिन शांति भी बनी रहे। हमारी पहचान इस बात से हो कि हमने सदन में कितने घंटे काम किया, न कि इस बात से कि सदन में किसने कितना जोर लगाकर संसद को रोका। प्रधानमंत्री का इशारा विपक्ष के हंगामे की तरफ था।

### कार्यवाही को लेकर मोदी के चार संदेश

**मोदी** ने कहा, हमने देखा कि पिछले दिनों संविधान दिवस भी नए संकल्प के साथ संविधान की आत्मा को चरितार्थ करने के लिए सभी के दायित्व के संबंध में पूरे देश ने संकल्प किया है। इन सबको देखते हुए हम चाहेंगे, देश भी चाहेगा, हर नागरिक चाहेगा कि ये संसद सत्र और आगे आने वाला सत्र आजादी के दीवानों की भावना और अमृत महोत्सव की भावना के लिहाज से संसद भी देश हित में चर्चा करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आशा करता हूं कि भविष्य में संसद को कैसा चलाया, कितना अच्छा योगदान किया इस तराजू पर तौला जाए। किसने कितना जोर लगाकर संसद को रोका, ये मानदंड नहीं होगा। ये मानदंड होगा कि संसद में कितने घंटे काम हुआ। सरकार हर मुद्दे पर चर्चा और सवाल का जवाब देने को तैयार है। संसद में सवाल भी हो और शांति भी हो। सरकार के खिलाफ, नीतियों के खिलाफ जितनी आवाज प्रखर होनी चाहिए वो हो, लेकिन संसद की गरिमा, स्पीकर की गरिमा, चेयर की गरिमा के विषय में हम वो आचरण करें, जो आने वाले दिनों में देश की युवा पीढ़ी के काम आए। उन्होंने कहा कि नए वैरिएंट की खबरें भी हमें और सतर्क, सजग करती हैं। मैं संसद के सभी साथियों को सतर्क रहने की प्रार्थना करता हूं। सत्र में देशहित के निर्णय तेजी से और मिलजुलकर करें।

### इस सत्र में 25 बिल और पेश करेगी सरकार

**केंद्र** सरकार ने कृषि कानून वापसी बिल के अलावा 25 अन्य बिल भी 23 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन संसदीय सत्र के दौरान पेश करने की तैयारी की हुई है, जिनमें सबसे अहम बिल प्राइवेट क्रिप्टोकरेंसी पर बैन लगाने से जुड़ा हुआ है। हालांकि सरकार खुद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को डिजिटल करेंसी उतारने की इजाजत दे रही है। इसके अलावा शीतकालीन सत्र के दौरान पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 पर संसद की जॉइंट कमेटी की रिपोर्ट भी सदन में टेबल की जाएगी।

### निलंबित किए गए सांसद

**वहीं**, राज्यसभा के 12 सांसद निलंबित कर दिए गए हैं। इनमें सीपीएम के एलाराम करीम, कांग्रेस के फूलो देवी नेताम, छाया वर्मा, आर बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रसाद सिंह, सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम, टीएमसी नेता डोला सेन, शांता छेत्री, शिवसेना के प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई शामिल हैं। मानसून सत्र के दौरान बदसलूकी को लेकर यह कार्रवाई हुई है। राज्यसभा कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# मथुरा में तीन दिन में चार विदेशी कोरोना संक्रमित हुए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मथुरा** के वृंदावन में लगातार तीसरे दिन एक और विदेशी महिला कोविड पॉजिटिव पाई गई। वह रूस से भारत आई थी। इससे पहले शनिवार को एक, रविवार को दो और सोमवार को एक विदेशी महिला और एक स्थानीय युवक के पॉजिटिव आने के बाद अब यहां एक्टिव केस पांच हो गए हैं। पॉजिटिव मिलने के बाद रमणरेती इलाके में स्थित बिल्डिंग को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। यूरोपीय देशों का 60 सदस्यीय दल वृंदावन घूमने के लिए 15 नवंबर को आया था। इन लोगों को 21 को वापस जाना था लेकिन, कई सदस्य यहां रुक गए। इसके बाद कुछ सदस्य वापस चले गए, जबकि कुछ रह गए। अब इन लोगों ने वापस अपने देश लौटने से पहले एयरपोर्ट पर कोविड रिपोर्ट दिखाने के लिए टेस्ट कराया तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

गोवा के एक जुवेनाइल डिटेंशन सेंटर में सात बच्चे कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। उत्तरी गोवा के जिला कलेक्टर अजीत रॉय ने बताया कि सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा था। इसके बावजूद संक्रमण के मामले सामने आए हैं। डॉक्टरों की एक टीम संक्रमित बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है।

भारत में पिछले 24 घंटे में 8309 कोरोना केस सामने आए हैं। वहीं, इस दौरान कोरोना से 236 लोगों की जान भी गई है। इस बीच, ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे के मद्देनजर भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए सोमवार को नई गाइडलाइन जारी की है। नई गाइडलाइन के मुताबिक, एट रिस्क देशों से आने वाले सभी यात्रियों को आने के साथ ही कोविड-19 टेस्ट से गुजरना होगा। टेस्टिंग की शर्त तब भी लागू होगी, जबकि आने वाले यात्री पूरी तरह वैक्सीनेटेड हों।

मध्यप्रदेश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 12 नए केस मिले हैं। इनमें भोपाल में सबसे ज्यादा 9 पॉजिटिव केस हैं। इंदौर में एक सप्ताह के बाद सिर्फ एक केस सामने आया है। वहीं, जबलपुर में दो संक्रमित मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग नए पॉजिटिव मरीजों की कॉन्टैक्ट और ट्रेवल हिस्ट्री तलाश रहा है, ताकि संपर्क में आने वाले लोगों के भी टेस्ट किए जा सकें। प्रदेश में अभी भी 126 एक्टिव केस हैं। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका से जबलपुर आई महिला का भी पता लग गया है। वह सेना के हॉस्टल में क्वारेंटाइन है।

वृंदावन में रविवार को तीन विदेशी नागरिक कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया है। वहीं ओमिक्रॉन वैरिएंट से बचने के लिए लखनऊ प्रशासन ने नए नियम लागू किए हैं। अब लखनऊ एयरपोर्ट पर आने वाले पैसेंजर्स को आरटीपीसीआर टेस्ट कराना होगा और 8 दिन के लिए होम क्वारेंटाइन भी होना पड़ेगा।

महाराष्ट्र के भिवंडी में एक ओल्ड एज होम में 62 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें से 55 वहां के रहने वाले हैं, पांच स्टाफ के लोग और दो रिश्तेदार शामिल हैं। इनके अलावा और पांच लोगों के भी संक्रमित होने की आशंका है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एरिया को कंटेनमेंट जोन बना दिया गया है। इन 62 में से 60 लोग फुली वैक्सीनेटिड हैं।

मुंबई में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा पैदा हो गया है। साउथ अफ्रीका से दिल्ली होते हुए मुंबई लौटे डोम्बिवली के एक युवक का कोविड-19 टेस्ट रविवार को पॉजिटिव पाया गया है। एडमिनिस्ट्रेशन ने युवक को आइसोलेट करते हुए उसके सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया है ताकि ओमिक्रॉन वैरिएंट होने या नहीं होने की पुष्टि हो सके। संक्रमित युवक साउथ अफ्रीका से 24 नवंबर को दिल्ली पहुंचा था और वहां से मुंबई आया था। कल्याण-डोम्बिवली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की हेल्थ ऑफिसर डॉ. प्रतिभा पाटिल के मुताबिक, युवक की हालत फिलहाल पूरी तरह सामान्य है। उसके भाई का भी कोविड टेस्ट कराया गया था, जो निगेटिव निकला है। अन्य फैमली मेंबर्स का कोरोना टेस्ट सोमवार को कराया जाएगा। फिलहाल उन सभी को क्वरेंटाइन कर दिया गया है।



यूरोप से 60 लोग ग्रुप में घूमने आए थे

जहां ठहरे थे वह बिल्डिंग कंटेनमेंट जोन घोषित

### 13 देशों तक पहुंचा ओमिक्रॉन

**कोरोना** का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी समेत 13 देशों में पहुंच चुका है। यह स्थिति तब है, जब ज्यादातर देश ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए ट्रैवल बैन लागू कर चुके हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि नया वैरिएंट दुनिया के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। अगर इस वैरिएंट के चलते कोरोना संक्रमण तेज हुआ तो इसके नतीजे खतरनाक होंगे। डब्ल्यूएचओ ने यह भी कहा कि अभी तक इस वैरिएंट से एक भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। अभी तक यह भी साफ नहीं हुआ है कि ये वैरिएंट कितना संक्रामक और घातक है। ओमिक्रॉन वैरिएंट का पहला केस केस बोत्सवाना में मिला। दक्षिण अफ्रीका में पहली बार इसकी सीक्वेंसिग की गई। इसके बाद ये हॉन्गकॉन्ग, ब्रिटेन, जर्मनी, नीदरलैंड, डेनमार्क, बेल्जियम, इजराइल, चेक रिपब्लिक, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल और कनाडा तक पहुंच चुका है।

# कैश फॉर जॉब स्कैम को दबाने में जुटी मनोहर सरकार : सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि मनोहर सरकार कैश फॉर जॉब स्कैम को दबाने में जुट गई है। आए दिन मुख्यमंत्री ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे आरोपियों का उत्साह बढ़ रहा है और वह बहुत जल्द बाहर आ सकते हैं।

सोमवार को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में आए दिन हो रहे नौकरी घोटालों के बावजूद मुख्यमंत्री पारदर्शिता, मैरिट और 'बिना पर्ची, बिना खर्ची' के दावे कर रहे हैं। सुरजेवाला ने सात साल में 32 पेपर लीक होने का दावा करते हुए कहा कि सरकार बताए कि एप्लीकेशन पोर्टल-स्कैनिंग-पेपर चेकिंग करने वाली 'हटाई गई कंपनी' को एचपीएससी की भर्ती का ठेका क्यों व कैसे दिया गया। एफआईआर में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं। सुरजेवाला ने कहा कि विजिलेंस की जांच में अदालत के सामने पेश की गई रिमांड एप्लीकेशन में अश्विनी शर्मा, अनिल नागर, विजय बलहारा व सेफडॉट ई-सॉल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड का नाम स्पष्ट तौर से आरोपी के तौर पर सामने आया है। जानकारी के मुताबिक पूर्व चेयरमैन के समय साल 2020 में जसबीर सिंह की कंपनी को हटा दिया गया था। मौजूदा चेयरमैन आलोक वर्मा के कार्यभार संभालने के बाद भर्तियों का काम एक बार फिर जसबीर सिंह की कंपनी को दे दिया है।




# असंगठित मजदूरों का डाटाबेस तैयार करेगी सरकार

**चंडीगढ़।** असंगठित मजदूरों के उत्थान और कल्याण के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह असंगठित क्षेत्र में आने वाले मजदूरों व कर्मचारियों का पंजीकरण जरूर कराएं। पंजीकरण प्रक्रिया बेहद सरल है, जिसके लिए कामगार नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) एवं अटल सेवा केंद्रों में जाकर नि:शुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड व बैंक अकाउंट पासबुक और मोबाइल नंबर की आवश्यकता है।

## नागर और चेयरमैन की वाट्सप चैट को सार्वजनिक करे सरकार : जयहिंद

# नार्को टेस्ट कराने से क्यों भाग रही सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** लोक सेवा आयोग में हुए भर्ती रिश्वत कांड को लेकर सरकार को घेरते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नवीन जयहिंद ने दावा किया है कि विजिलेंस ब्यूरो को आरोपी डिप्टी सैक्रेटरी नागर और आयोग चेयरमैन की चैटिंग मिली है। जिसमें कई महत्वपूर्ण खुलासे हैं। इसे सार्वजनिक किया जाना जरूरी है।

नवीन जयहिंद ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार इस रिश्वत कांड में एचपीएससी के चेयरमैन भी पूरी तरह से लिप्त हैं। जिसके चलते सरकार अब उन्हें और नागर को बचाने में लगी है। जयहिंद ने कहा कि नागर और चेयरमैन के

### आप अध्यक्ष ने हरियाणा सरकार से पूछे पांच सवाल

### वह प्रदेश के 30 लाख युवाओं के साथ खड़े हैं

बीच हुई चैटिंग को अगर सार्वजनिक किया जाए तो इस घोटाले में कई लोगों के नाम उजागर होंगे।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार सच्ची है तो वह इस चैट को क्यों उजागर नहीं करती है। इस जांच को शुरू होने से पहले ही समाप्त कर दिया गया है। नागर का नार्को टेस्ट क्यों नहीं कराया जा रहा है। जिन दो मंत्रियों के नाम इस घोटाले में आ रहे



हैं उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर क्यों नहीं किया गया है।

जयहिंद ने एचपीएससी व एचएसएससी के सभी सदस्यों व उनके परिजनों की संपत्ति की जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपने बयानों से इस घोटाले पर पर्दा डालने में लगे हुए हैं। जयहिंद ने कहा कि हरियाणा पुलिस एसआई, कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल के पेपरों में खुलेआम धांधली हुई है। सरकार इन सभी भर्तियों की जांच कराने से क्यों भाग रही है।

जय हिन्द ने आगामी भर्तियों की प्रदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि इसकी क्या गारंटी है आने वाली भर्तियों में किसी तरह का भ्रष्टाचार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के 30 लाख युवाओं के साथ खड़े हैं और उनके हक की आवाज उठाते रहेंगे। जयहिन्द ने प्रदेश के वोकेशनल टीचर, कंप्यूटर टीचर, ड्राइंग टीचर, पीटीआई टीचर के मुद्दे पर सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकार रोजगार देने के बजाय रोजगार छिनने में ज्यादा विश्वास रखती है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 14.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- राजा नाहर सिंह किले में मॉकड्रिल का आयोजन : सुबह 10:30 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह नौ बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेश कैम्प : सुबह 10 बजे
- वुमेंस पावर की तरफ से सेक्टर-23 में आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा: 2 बजे

### निवेश गुरु

**राष्ट्रिक** स्वर्ण बॉण्ड खरीदने पर निवेशक ने स्वर्ण की जितनी मात्रा के लिए पैसे दिए हैं उतनी मात्रा संरक्षित हो जाती है और बॉण्ड की मीयाद पूरी हो जाने पर या उससे पहले बॉण्ड जमा कर देने पर उसे उस समय बाजार में चल रही कीमत मिलती है। अत: स्वर्ण को भौतिक रूप में अपने पास रखने के बजाय राष्ट्रिक स्वर्ण बॉण्ड के रूप में रखना बेहतर विकल्प है। इस प्रकार जोखिम से बचने के साथ-साथ इसे सुरक्षित रखने की लागत नहीं है। निवेशकों को इस बात का आश्वासन मिलता है कि बॉण्ड की अवधि समाप्ति पर उन्हें स्वर्ण का बाजार भाव मिलेगा और साथ ही आवधिक ब्याज भी।

### यूटीलिटी न्यूज

#### 107 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सातवां यूथ कप मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर 4 विकेट के नुकसान पर 271 रन बनाए। जिसमें पीयुष ने 82 रन, नमन ने 74 रन और आकाश चाहर ने 36 रन बनाए। आनंद स्पोर्ट्स के गेंदबाज अरुण ने दो विकेट लिए। लक्की ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आनंद स्पोर्ट्स के बल्लेबाज 38.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 164 रन ही बना सके। सचिन ने 28, आशु ने 30 रन बनाए। रावल के गेंदबाज सूरज कुंडु ने चार विकेट लिए। नमन शर्मा, आयुष नेगी, अकाश ने 2-2 विकेट लिए। रावल क्रिकेट अकादमी ने 107 रन से मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच पीयुष को दिया गया।

### क्विक न्यूज

#### छात्राओं ने दिया प्रतिभा का परिचय

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर -12 खेल परिसर के अलावा बिभिन्न स्कूलों के मैदानों पर आयोजित हो रहा है, यह प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर तक आयोजित हो रही है। जिसमें जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के छात्र छात्राएं भाग ले रही हैं। इसी कड़ी में तिगांव रोड स्थित शिरड़ी साईं बाबा स्कूल सेक्टर 86, फरीदाबाद की छात्राओं ने अंडर-17 खो-खो प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम में शामिल भूमिका, प्राची, सिम्पी, जिया, भारती, कशिश, सोफिया, नैन्सी व सेजल ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के संस्थापक मोतीलाल गुप्ता, प्रिंसिपल बीनू शर्मा और उप प्रधानाचार्य बबीता समेत अन्य स्टाफ के सदस्यों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए भविष्य में और शानदार प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हार-जीत कोई महत्व नहीं रखती, इसमे खिलाड़ियों को निराश होने की जरूरत नहीं है।

# प्रतिबंध के बावजूद हाइवे पर लगे विज्ञापन दे रहे हैं दुर्घटनाओं को न्योता

### दुर्घटनाओं के साथ सरकार को पहुंचा रहे हैं राजस्व का भारी नुकसान

राजेश दास। फरीदाबाद



ओल्ड फरीदाबाद के निकट लगा होर्डिंग्स और वॉल पेंटिस।



सेक्टर 28 के निकट नियमों को ताक पर रखकर लगाया गया होर्डिंग्स।

**नगर** निगम की लापरवाही के कारण पूरा शहर अवैध विज्ञापनों से पटा हुआ है। यहां तक बिना किसी अनुमति के लोग सरकारी भवनों और सार्वजनिक सम्पत्ति पर भी विज्ञापन करने से नहीं चूक रहे हैं। कहने को नगर निगम ने शहर की सड़कों पर होर्डिंग्स और अन्य तरीकों से विज्ञापन करने का ठेका दिया हुआ है। लेकिन पिछले दिनों विज्ञापन के ठेके में भी बड़ा घोटाला नगर निगम सदन की बैठक में उजागर हो चुका हैं।

जांच के बावजूद नगर निगम अभी तक संबंधित ठेकेदारों से करीब छह करोड़ रुपये की रिकवरी नहीं कर पाया है। शहर में तो वैध तरीके होर्डिंग्स आदि लगाने की अनुमति दी जाती है। लेकिन सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर होर्डिंग्स और अन्य तरीकों से प्रचार करने पर पूरी तरह पाबंदी लगाई हुई है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद बदरपुर सीमा से पलवल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर होर्डिंग्स लगे हुए हैं। होर्डिंग्स हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं को सरेआम न्योता दे रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले ही आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाती रहती है। इस साल अक्टूबर तक हाइवे पर हुई दुर्घटनाओं में 44 मौत और 88 लोग घायल हो चुके हैं।

#### रुक नहीं रही सड़क दुर्घटनाएं

**सुगम** यात्रा और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों का लगातार आधुनिक तरीकों से निर्माण करा रही हैं, लेकिन निर्माण के दौरान बरती गई खामियों और अन्य कई कारणों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में आए दिन लोगों की जान जा रही है। वर्ष 2020 में फरीदाबाद जिले के अंर्तगत राष्ट्रीय राजमार्ग पर 122 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी।

इन सड़क दुर्घटनाओं में 59 लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे और 99 लोग घायल हुए हैं। वहीं इस साल अक्टूबर तक 101 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें 44 लोगों की मौत हो चुकी है और 88 व्यक्ति घायल हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौजूद खामियों को दूर करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। बल्कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाओं को लगातार बढ़ावा मिल रहा है।

प्रतिबंध के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर न केवल होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं बल्कि मेट्रो के पिलर पर चित्रकारी भी कराई जा रही है।

#### प्रतिबंध के बाद भी लगे होर्डिंग्स

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर वाहनों की गति अन्य सड़कों की बजाए ज्यादा तेज होती है। ऐसे में वाहन चालकों की जरा सी लापरवाही अथवा अन्य कारणों से अक्सर सड़क दुर्घटनाएं भी हो जाती है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चालकों का ध्यान भटकाने वाले विज्ञापनों पर केंद्र सरकार की तरफ से कई साल पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विज्ञापन अथवा प्रचार करने के लिए कई स्थानों पर प्रतिबंध के बाद भी होर्डिंग्स लगाए हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मेट्रो ट्रेन के पिलरों पर लाखों रुपये खर्च करके चित्रकारी करवाई गई है। विज्ञापन के लिए लगाए गए होर्डिंग्स और आकर्षक चित्रकारी की वजह से वाहन चालकों का ध्यान भटकने की पूरी सम्भावना बनी रहती है। लेकिन इसके बावजूद एनएचएआई की तरफ से इन होर्डिंग्स को लगाने वालों के खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं की जाती है। कार्रवाई के अभाव में हाइवे पर होर्डिंग्स की संख्या बढ़ती जा रही है।

#### पहुंचा रहे राजस्व का नुकसान



बाटा मोड़ के निकट हाइवे पर लगा अवैध होर्डिंग्स।

**राष्ट्रीय** राजमार्ग के अलावा शहर की अंदरूनी सड़कें अवैध रूप से लगाए गए पोस्ट, बैनर, होर्डिंग्स और अन्य कई तरह के विज्ञापनों से अटी पड़ी हैं। नगर निगम अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण सरकार को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर में वैध से कई गुणा ज्यादा अवैध होर्डिंग्स लगे हुए हैं, लेकिन नगर निगम आर्थिक तंगी के बावजूद आय के इस बड़े स्रोत की तरफ ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है। शहर की सड़कों पर लगने वाले विज्ञापनों पर नजर रखने के लिए निगम में अलग शाखा भी है। इसके बावजूद आय में बढ़ोतरी तो दूर जो ठेका निगम ने दिया हुआ है, उसकी भी पूरी रिकवरी नहीं हो पा रही है। पिछले दिनों नगर निगम सदन की बैठक में पार्षदों द्वारा विज्ञापन घोटला उजागर किया गया था। निगम अधिकारियों द्वारा कराई गई जांच में करीब छह करोड़ रुपये के घोटाले की बात सामने आई थी, इसके बावजूद आज तक इस रकम की रिकवरी नहीं हो पा रही है। इन्हीं कारणों से शहर विकास के मामले में लगातार पिछड़ता जा रहा है।

#### गंभीरता बरतने की जरूरत



**समाजसेवी** सागर दुआ का कहना है कि नगर निगम वैसे ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। लेकिन फिर भी आय के स्रोतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर में पहले ही विकास की गति धीमी है। यदि इसी तरह से लापरवाही होती रही तो विकास कार्य रुक जाएंगे। वहीं दूसरी तरफ हाइवे पर लगे होर्डिंग्स जानलेवा साबित हो सकते हैं। इसलिए प्रशासन को गंभीरता दिखाते हुए हाइवे पर लगे इन होर्डिंग्स को तुरंत प्रभाव से हटाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

## जेसी बोस में टीकाकरण शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोविड-19** के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा सोमवार को विवि परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 100 लोगों को कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला और दूसरा शॉट दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोविड टीकाकरण के पांच शिविरों का आयोजित किया जा चुका है।



जेसीबोस विश्व विद्यालय में आयोजित शिविर में कोविड-19 का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

इस अवसर पर कुलपति श्री राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया।

टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कोविड संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिए कारगर कदम उठाये जा रहे हैं, जिनका लाभ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मुफ्त टीकाकरण नीति अपनाई है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त कोविड-19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही कोविड संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी समाधान है।

इसलिए, प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी के साथ टीकाकरण में हिस्सा लेना चाहिए और टीकाकरण अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कोविड टीकाकरण के साथ-साथ मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे उपायुक्त व्यवहार का पालन करें।

## नेशनल फोक डांस में कन्या विद्यालय बना विजेता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जनसंख्या** अनुभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली फरीदाबाद द्वारा सामाजिक कुरीतियों और किशोरावस्था की समस्याओं से अवगत कराता हुआ खंड स्तरीय नेशनल फोक डांस कंपटीशन जो कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी पांच फरीदाबाद में आयोजित किया गया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं और संगीत अध्यापक हेमलता का अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय की बालिकाएं अंजली, नेहा, सीमा, रानी, रुकसाना, अनुराधा, कशिश और खुशबू ने हेमलता के कुशल मार्गदर्शन में खंड स्तरीय नेशनल फोक डांस प्रतियोगिता में प्रशंसनीय प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में नेशनल फोक डांस के विजेता छात्राओं का स्वागत करते प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा।

## रविंद्र फागना अकादमी ने 178 रन से जीता मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एंजेल** पब्लिक स्कूल क्रिकेट मैदान फरीदाबाद में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और एंजेल क्रिकेट अकादमी के बीच प्रैक्टिस मैच खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने एंजेल क्रिकेट अकादमी को 178 रन से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 40 ओवर में छह विकेट पर 481 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ओमकार ने 111 रन, ध्रुव ने 108 रन, ऋषभ ने 92 रन, जतिन अग्रवाल ने 35 रन, कनव शर्मा ने 22 रन बनाए और एंजेल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए उदय नाहर ने दो विकेट, अरमान और आदित्य व् आदित्या मेहता और ऋषभ ने एक-एक विकेट ली।



एंजेल पब्लिक स्कूल के क्रिकेट मैदान में आयोजित मैच की विजेता टीम कोच के साथ।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एंजेल क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में छह विकेट में 303 रन ही बना सकी और मैच में हार का सामना करना पड़ा और टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ भाटिया 125 रन, देवांश ने 41 रन, उदय ने 40 रन, उदय तलवार ने 16 रन, आदित्या ने 14 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरांश रात्रा और जतिन अग्रवाल ने दो-दो विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार धुर्व को दिया गया।

## बढ़ती जनसंख्या को लेकर की उल्टी पदयात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पति** पत्नी उल्टा चलते हैं, ताकि रुके देश की आबादी। अब तक 250 से अधिक शहरों में पदयात्रा कर चुके मेरठ के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश तलवार और दिशा तलवार अपनी यात्रा को लेकर फरीदाबाद पहुंचे।

पिछले 25 सालों से जनसंख्या नियंत्रण की मुहिम चलाने वाले तलवार दंपति अब तक देश के प्रधानमंत्री को करीब एक लाख पोस्टकार्ड और करीब 6000 ज्ञापन पिछले 25 सालों से प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखते आ रहे हैं और इस अभियान को लेकर वह दोनों देश भ्रमण पर निकले हैं। दिनेश तलवार और दिशा तलवार 1994 से इस अभियान को चला रहे हैं। वह जिस शहर में भी जाते हैं वहां उल्टी पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हैं और खाली पोस्टकार्डस जनता को देते हैं और पत्र में बढ़ती जनसंख्या से होने वाली हानियां देश के प्रधानमंत्री तक लिख कर पहुंचाते हैं।



जनसंख्या के लिए जागरूक करते तलवार दम्पति दिनेश और दिशा।

1994 से इस अभियान को उनके परिवार का पूरा समर्थन है उनकी बिटिया सिमरन तलवार और बेटा यश तलवार इस मुहिम में हमेशा उनके साथ होते हैं। दिशा तलवार का कहना है कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हमको आशा है कि वह हमारी बात गंभीरता से लेंगे। 1994 से लेकर अब तक हमने देश के हर प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा परंतु आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने मिलने का समय नहीं दिया।

#### केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को दिया ज्ञापन

तलवार दंपति का कहना है कि जिस देश में एक मिनट में 42 बच्चे पैदा होते हो और रोजाना 61000 बच्चों का जन्म होता है। आजादी के वक्त आबादी 33 करोड़ थी और आज 136 करोड़ को पार कर गई है जिस दिन से मोदी देश के प्रधानमंत्री ने शपथ ली है उस दिन से दिशा तलवार व दिनेश तलवार रोजाना देश के प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखते हैं। यह अभियान 365 दिन तक चलेगा। इसके अतिरिक्त 250 शहरों में पदयात्रा कर चुके तलवार दंपत्ति देश के 365 शहरों की की पदयात्रा करेंगे और लोगों से अपील करेंगे कि वह देश के प्रधानमंत्री को जनसंख्या वृद्धि पर पत्र लिखें उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर सरकार जनसंख्या दिवस क्यों नहीं बनाती। जनसंख्या वृद्धि पर कार्य करने वालों को कोई पुरस्कार नहीं देती आरटीआई के माध्यम से दिनेश तलवार ने जाना कि 1992 में 97 संशोधन बिल नरसिम्हा राव की सरकार में बना था चुनाव वही लड़ेगां इसके 2 बच्चे होंगे परंतु आज तक वह बिल पेश नहीं किया गया। मेरठ निवासी दिनेश दिशा तलवार पेशे से इंश्योरेंस का काम करते हैं।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**हुत अचरज हुआ जब ये कहा हमसे उजालों ने**
**परेशां कर दिया है रात-दिन जलते सवालों ने**
**हमारा दोष क्या है देश की जनता बताये तो**
**बिगाड़ी मुल्क़ की तस्वीर आख़िर पहले वालों ने**

## आजादी का अमृत महोत्सव राष्ट्र जागृति का उत्सव

### संत सूरदास को समर्पित किया गया था कार्यक्रम, पद्मश्री सुमित्रा गुहा सहित हरियाणवी कलाकारों ने भी बांधा समां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 स्थित कन्वेशन हाल में कला एवं सांस्कृतिक विभाग द्वार आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्रस्तुती देते कलाकार।

**आजादी** के अमृत महोत्सव को वर्ष भर मनाये जाने की कड़ी में गत सायं कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा और समुधर हंस ध्वनि के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर- 12 स्थित कन्वेंशन हॉल में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री, हरियाणा मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव स्वाधीनता सेनानियों से प्रेरणा और ऊर्जा लेकर देश हित में नए संकल्पों का उत्सव है। इसके साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव राष्ट्र के जागरण का उत्सव है और साथ ही स्वराज के सपनों को पूरा करने कर वैश्विक शांति बनाए रखने में सहभागिता निभाने का उत्सव है।

उन्होंने कहा कि गायन, शास्त्रीय, नृत्य जैसी सभी प्रकार की विधाएं व्यक्ति की साधना से जुड़ी हुई हैं। जिस व्यक्ति ने साधना का जितना अभ्यास कर उसे अपने जीवन में आत्मसात किया है। उसने अपनी बरसों की कठिन रियाज एवं साधना के माध्यम से परमात्मा तक को प्राप्त किया है। इस प्रकार का भाव यदि व्यक्ति के जीवन में आ जाएं तो वह नृत्य एवं संगीत से जुड़ कर जीवन के इस प्रकार के उद्देश्यों को पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कला और संस्कृति के माध्यम से इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने का उद्देश्य गीत, संगीत और संस्कृति से जुड़े लोगों को बेहतर मंच प्रदान करना है ताकि इन मंचों पर अपने उत्कृष्ट विधाओं एवं प्रतिभाओं का मंचन कर संस्कृति एवं कला से जुड़े लोग अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें।

कार्यक्रम में इस दौरान शास्त्रीय गायन पदमश्री अवॉर्ड से सम्मानित विदुषी सुमित्रा गुहा ने अपने सुर लहरियों के माध्यम लोगों को मंत्र मुग्ध किया तो साथ ही शास्त्रीय नृत्य में पदमश्री अवार्ड से सम्मानित डॉ शोवना नारायण ने अपने नृत्य के माध्यम से लोगों को आनंदित किया साथ डॉक्टर हरविंदर राणा व टीम द्वारा हरियाणवी फोक रिसाइटल कार्यक्रम की प्रस्तुति पर दर्शकों की खूब ताली बटौरी, इस दौरान शास्त्रीय गायन व लोक संगीत के माध्यम से संत सूरदास को याद किया। इस दौरान कार्यकम के आयोजको द्वारा मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अनिल कुमार राव, उपायुक्त जितेंद्र यादव का कार्यक्रम में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया।


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 28.10.2018 को दिवन्द्री पुत्री श्री सुखाराम निवासी गांव बन्चारी थाना होडल जिला पलवल, अपने घर से लापता हो गयी है जो अभी तक वापस नही आयी है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गेहुआ, लम्बुतरा पतला चेहरा, जिसने सन्तरी रंग का शुट सलवार, पैरो मे सफेद सैंडल पहने रखा हैं, व थैला बैग जिसमें कपड़े आदि लिए हुए है। जिसका कद 5 फुट 4 इंच वा उम्र 21 वर्ष है। मुकदमा न0 543 दिनांक 29.10.2018 धारा 363 आइ.पी.सी थाना होडल जिला पलवल पता चलने पर निम्नलिखित नम्बर पर सुचित किया जाये।

**राज्य अपराध शाखा फरीदाबाद:-8700580119**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 25.10.2021 को सोनु पुत्र फुला देवी पत्नी रामसोगर्ध राम निवासी गाँव हरीहर पुर वैघालय, आधार पुर पंचायत नयानगर जिला बेगुयराय थाना तघरा बिहार हाल किरायदार मकान न० 100 गली न० 54/4 संजय कालोनी फरीदाबाद अपनी मर्जी से बिना बताये कही चला गया है जो अभी तक वापस नही आया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग सांवला, लम्बुतरा चहरा, पतला फुर्तिला शरीर , जिसने मटिया रंग की टी शर्ट, काले रंग का लोवर पहने रखा हैं जिसका कद 5 फुट 3 इंच वा उम्र 23 वर्ष है। मुकदमा न0 640 दिनांक 29.10.2021 धारा 346 भा.द.स. थाना मुजेसर पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

**अनुसंधान अधिकारी मख्य सिपाही दिवान सिंह - 9582200131**
**चौकी ईन्चाज संजय कालोनी फरीदाबाद :- 9582200162**
**प्रबन्धक अफसर थाना मुजेसर फरीदाबाद:- 9582200131**
**मुदईया फुला देवी: -8860915313**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 20.11.2021 को श्रीमती सोनिया गाँधी पत्नी श्री संजय गांधी निवासी मकान न० 2एम /18 एन.आई.टी. फरीदाबाद अपनी मर्जी से बिना बताये कही चली गयी है जो अभी तक वापस नही आयी है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गोरा, लम्बुतरा चहरा, मजबुत शरीर दाहिने हाथ पर जले का निशान, जिसने काला व सफेद रंग का टॉप, नीले रंग की जीन्स, पैरो मे गुलाबी रंग की स्पोर्ट शुज पहने रखा हैं, व थैला बैग कपड़े आदि लिए हुए है जिसका कद 5 फुट 2 इंच वा उम्र 38 वर्ष है। मुकदमा न0 465 दिनांक 22.11.2021 धारा 346 थाना कोतवाली फरीदाबाद पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

**हेंड कॉस्टेबल सुरेन्द्र कुमार 8076207009**
**थाना कोतवाली फरीदाबाद :- 0129-2416165**
**एसएचओ कोतवाली :- 9582200126**

# बीके अस्पताल के चिकित्सकों ने बचाई बुजुर्ग की जान

## चक्कर आने पर गिरने वाले बुजुर्ग को सहारा और इलाज देकर किया स्वस्थ

कविता। फरीदाबाद

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आ रहे गरीब और बेसहारा मरीजों के मददगार चिकित्सक बन गए हैं। ऐसा ही बीके अस्पताल में सोमवार को देखने को मिला। जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति को बेहोश होते देखकर वहां से निकल रही महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा ने देख लिया। उन्होंने तुरंत उसे गिरने से पहले ही संभाल लिया। वहां मौजूद वेटिंग चेयर पर अकेले ही लिटा दिया। जिसके बाद फिजिशियन चिकित्सक डॉ. दिनेश रंगा को बुलाकर उनकी जांच करवाई। जिसके बाद इस व्यक्ति को अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया। लेकिन इस दौरान ओपीडी में स्ट्रेचर न होने से थोड़ी परेशानी हुई।



ओपीडी में बीपी शुगर कम होने से बेहाल बुजुर्ग का इलाज करते चिकित्सक।

### अचानक हुआ बेहोश

**नेत्र** रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा अपने कमरे में मरीजों की जांच कर रही थी। तभी वह किसी काम से कक्ष से बाहर निकली तो उन्होंने देखा कि कमरा नम्बर 9 के बाहर मोहन राम नामक व्यक्ति, जिनका ऑपरेशन हुआ था। वह खड़े हुए थे और अचानक चक्कर खाकर गिरने वाले थे। 66 वर्षीय मोहनराम को गिरते हुए देखकर उन्हें अजीब लगा और उन्होंने तुरंत उन्हें पकड़ लिया और उन्हें बैठाते हुए अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बुलाया। जिसके माध्यम से उन्होंने शूगर और बीपी की जांच करवाई। जिससे पता चला कि शूगर और बीपी कम था। जिस पर उन्होंने तुरंत फिजिशियन डाक्टर को बुलवा लिया। फिजिशियन डॉ. दिनेश रंगा ने बीपी और शुगर कम देखते हुए बुजुर्ग को तुरंत अपातकालीन कक्ष में शिफ्ट करने के निर्देश दे दिए।

### जब सच्ची मानवता की प्रतीक बनी डा. शिखा

**यह** सारा घटनाक्रम पायनियर संवाददाता के सामने हुआ। चिकित्सक डा. शिखा ने अकेले ही बुजुर्ग को संभाला। वहीं फिजिशियन के अपने कक्ष से आकर मरीज की जांच के बाद उसे तुरंत अपातकालीन कक्ष में भेजने के आदेश दिए। जोकि अस्पताल के डाक्टरों का मानवीय कदम था। मौजूद मरीजों ने कहा कि ये चिकित्सक सच्ची मानवता वाली है। स्टेचर की कमी महसूस होने पर महिला चिकित्सक ने कर्मचारी को अपातकालीन कक्ष में भेजकर स्ट्रेचर मंगवा लिया। जिसके बाद डा. शिखा ने बुजुर्ग को अपातकालीन कक्ष में शिफ्ट करवा कर इलाज शुरू करवाया।

# अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है लक्ष्य : मंत्री मूलचंद शर्मा

## सेक्टर-12 खेल परिसर में लगाए गए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसे समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं और लोगों को जरूरत के अनुसार रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना भी अंत्योदय से जुड़ी इसी योजना का एक हिस्सा है। परिवहन मंत्री सोमवार को सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कह रहे थे। मेले में शहरी क्षेत्र के पांच जोन, 18 विभागों व सात बैंकों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाए गए।



अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का रिबन काट कर शुभारंभ करते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेंद्र गुप्ता व नयनपाल रावत।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में योजना से जुड़े संबंधित विभागों द्वारा अपने से जुड़ी योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देंगे। विभागों ने आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से अपनी-अपनी स्टाल लगाई गई हैं। जहां स्टाल पर पहुंचने पर सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा विचार-विमर्श उपरांत मार्गदर्शन दिया जा रहा है जिससे संबंधित वर्ग योजनाओं का भरपूर लाभ ले सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि खेल परिसर सेक्टर-12 में 29 और 30 नवंबर 2021 तक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का भरपूर लाभ लें। उन्होंने कहा कि अपने व अपने रुचि के क्षेत्र से जुड़ी योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर इसका समुचित लाभ लेकर समुचित लाभ लें। इस अवसर पर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार कल्याण योजना एक महत्वपूर्ण योजना है और इससे जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। तिगांव के विधायक राजेश नागर ने इस तरह के मेलों को बेहतरीन बताया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अगर अपना छोटा रोजगार शुरू करना चाहे तो इस तरह के मेले उसके लिए महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेले भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।

फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस तरह की पहल के जरिए हम समाज के सभी लोगों को मुख्य धारा से जोड़ सकते हैं। पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने बेहतरीन आयोजन के लिए प्रशासन को बधाई दी। इस अवसर पर एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा, मेले के नोडल अधिकारी एवं मंडलायुक्त संजय जून, उपायुक्त जितेंद्र यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत सिंह चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगराधीश पुलकित मल्होत्रा, सीएमजीजीए करण कपूर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# होटल के कमरे में युवती पर किया दोस्त ने जानलेवा हमला



घटना के बाद घायल युवती को होटल से बाहर लाते पुलिसकर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच-पांच** स्थित होटल आर्किड के कमरे में ठहरे एक युवक ने तेज धारदार हथियार से युवती का गला रेत डाला। हमले के बाद युवती किसी तरह जान बचाने के लिए कमरे से बाहर निकलने में कामयाब हो गई और बाहर आकर बेहोश होकर गिर गई। सूचना मिलने हेल्पलाइन नंबर 112 की गाड़ी में मौके पर पहुंच कर युवती को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यह है मामला

**एनएच-पांच** स्थित होटल आर्किड में एसजीएम नगर निवासी 23 वर्षीय यश अग्रवाल ने यूपी की रामपुर निवासी 21 वर्षीय युवती के साथ कमरा लिया था। युवती यहां एनएच-पांच में अपने रिश्तेदारों के यहां रहती थी। सुबह से ठहरे युवक और युवती के बीच दोपहर को न जाने क्या हुआ कि गुस्से में युवक ने तेज धारदार हथियार से युवती का गला रेत दिया। जिस पर वह खून से लथपथ होकर जान बचाने के लिए भागते हुए चीखते हुई बाहर निकल गई। जिस पर मौके पर मौजूद लोगों ने खून से लथपथ युवती को देखकर पुलिस को सूचित किया।

112 हेल्पलाईन समेत पुलिस की कई गाड़िया मौके पर पहुंच गई। लेकिन एम्बुलेंस न पहुंचने के कारण पुलिस को मजबूरी में घायल युवती को 112 की गाड़ी की मदद से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डाक्टरों द्वारा रेफर करने पर परिजन ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवा दिया। समाचार लिखे जाने तक युवती पर हुए जानलेवा हमले के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर पूरे मामले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला सिर्फ ढकोसला: नीरज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला पहुंचे विधायक नीरज शर्मा ने मेले को ढकोसला बताया। सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा ये सिर्फ जनता के पैसों की बर्बादी की जा रही और लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा की यहां आते ही जब उन्होंने अपने क्षेत्र के बारे में अधिकारियों से पूछा तो उन्होंने कुछ 255 लोगों की लिस्ट उन्हें पकड़ा दी, मगर हैरानी तब हुई जब उन्होंने देखा कि उन 255 में 57 नाम ऐसे नाम शामिल थे जोकि उनके विधानसभा से थे ही नहीं।

यही नहीं विधायक नीरज शर्मा ने तो उस लिस्ट में ऐसे भी लोगों के नाम दिखे। जिनकी महीने की तनख्वाह करीब 1 लाख या उससे भी अधिक है। इस योजना को लेकर उन्होंने सरकार को लताड़ते हुए कहा कि ऐसे कई व्यक्ति है जो विकलांग है या सच में जिनको इस योजना का लाभ मिलना चाहिए उनका नाम इस लिस्ट में है ही नहीं। विधायक नीरज ने याद दिलाया कि मैंने इन मुद्दों को विधानसभा में भी उठाया था लेकिन इसके बावजूद इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया। इसके अलावा विधायक ने बंद पड़ी प्रेस कॉलोनी के पतों पर रहने वाले लोगों का नाम दिखते हुए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले की आड़ में चल रहे फर्जीवाड़े से भी पर्दा उठाया।



विधायक नीरज शर्मा।

# प्रदूषण रोकने को हटाई 17 पुरानी गाड़ियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार की नई स्क्रैप पॉलिसी और फरीदाबाद प्रशासन की मुहिम अब जमीन पर दिखने लगी है। बालाजी बजाज व रेनबो गैस एजेंसी ने एक नई पहल की शुरुआत करते हुए एक साथ डेढ़ दर्जन नई गाड़ियों की खरीदारी की।

जानकारी के मुताबिक प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए व सरकार की गाइडलाइंस को जमीनी हकीकत में उतारने के लिए फरीदाबाद प्रशासन ने लगातार कई दिनों से सड़क पर चल रहे पुराने वाहनों को इंपाउंड की मुहिम चला रखी है। इसका असर अब दिखने भी लगा है कि कई संस्थान अपनी पुरानी गाड़ियों को हटाकर उसकी जगह नई गाड़ियां का उपयोग करना शुरू कर रहे है। इसी कड़ी में रेनबो गैस एजेंसी ने पहल की। इसमें विशेष योगदान बालाजी मोटर के मुकेश कौशिक व रेनबो गैस एजेंसी के मैनेजर सर्वेश यादव व बजाज की पूरी टीम ने मिलकर इस अभियान को गति देने के लिए पिछले दिनों एक मीटिंग की और बजाज कंपनी ने कुछ स्पेशल ऑफर देते हुए इस मुहिम में गति प्रदान की। जिसमें मुकेश कौशिक ने विशेष रोल निभाया और 17 पुरानी गाड़ियों को सड़क से हटाकर नई गाड़ियां इस्तेमाल में लाने की शुरुआत की।



नई गाड़ियों के साथ एजेंसी और अन्य लोग।

इस मौके पर दर्जनों लोगों की उपस्थिति में पूर्व मंत्री टीम पंडित जी की तरफ से वरिष्ठ समाजसेवी मुनेश शर्मा ने सभी लोगों को बधाई दी और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में इस मुहिम में जो योगदान बजाज बालाजी और रेनबो गैस एजेंसी को बधाई दी। इस मौके पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ बजाज ओटो के रीजनल मैनेजर मनप्रीत बिंद्रा, एरिया सेल्स मैनेजर विकास बिष्ट, मैनेजर कैलाश गोयल सर्विस मैनेजर संजीत कुमार यादव रेनबो गैस एजेंसी के चेयरमैन हेम सिंह राणा के प्रतिनिधि मैनेजर सर्वेश यादव और बालाजी मोटर की पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में आए हुए सभी मेहमानों का बालाजी के चेयरमैन मुकेश कौशिक ने रेनबो गैस एजेंसी के चेयरमैन हेम सिंह राणा का विशेष धन्यवाद किया एवं आए हुए सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं।

# मुंबई में हत्या कर फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** वर्ष 2021 के दौरान मुंबई पुलिस द्वारा एक हत्या के जुर्म में अभियोग दर्ज किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से आरोपी हरियाणा के भिवानी के रहने वाले थे। हत्या के बाद आरोपी विक्रम मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन लॉकडाउन का फायदा उठाकर आरोपी प्रमोद वहां से भागने में सफल हो गया था।

मुंबई पुलिस की सूचना पर व हरियाणा पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई के लिए मुंबई पुलिस को सौंपा दिया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि आरोपी विक्रम व प्रमोद ने सिक्योरिटी गार्ड के रूप में मुंबई के संदीप को रखा हुआ था। आरोपियों के अनुसार सिक्योरिटी गार्ड संदीप दशरथ पंवार गाड़ियों से छोटा-मोटा सामान चार्जर म्यूजिक सिस्टम इत्यादि चुरा लेता था। जिससे उसे मौत के घाट उतार दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षिकाओं का करवाया निः शुल्क मैमोग्राफी टेस्ट



के एल मेहता वूमन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।


**फरीदाबाद।** महिलाओं में बहुतायत में पाई जाने वाली ब्रेस्ट कैंसर के रोग की पूर्व जानकारी के लिए किये जाने वाले मैमोग्राफी टेस्ट का निःशुल्क जांच शिविर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कृति द्वारा स्थानीय केएल मेहता दयानंद महिला कालिज की महिला सेल के संयुक्त तत्वाधान में कॉलिज की शिक्षिकाओं के लिए आयोजित किया गया। इसी अवसर पर गुरुग्राम की प्रसिद्ध वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा सेठी द्वारा ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर इत्यादि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी महिला शिक्षिकाओं एवं कालिज में पढ़ रही छात्राओं के साथ साझा की गयी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रधानाचार्य डॉ. मंजू खन्ना द्वारा रोटरी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महिला सेल की प्रमुख मीनू मैडम एवं बीनू मेहता की सक्रिय भूमिका रही। सेमीनार के अंत मे डॉ. पुष्पा सेठी को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। क्लब की ओर से क्लब की प्रथम महिला सुनीता विज, बेला अग्रवाल, नीलम सिंघल, कविता सिंघल एवं क्लब ट्रेनर रोटेरियन संदीप सिंघल क्लब सचिव रोटेरियन सुनील गुप्ता उपस्थित थे।

### मनाया जा रहा है मधुमेह सप्ताह



**फरीदाबाद।** सुधा रस्तोगी कॉलेज के पेरियोडोंटोलॉजी विभाग द्वारा 15 से 30 नवंबर तक मधुमेह सप्ताह मनाया जा रहा है। मौकिख स्वास्थ्य और मधुमेह के बीच एक गहरा सम्बंध होता है। इसी विषय पर ओपीडी में आए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौखिक स्वास्थ्य से शरीर की अन्य बीमारियों के बारे में काफी कुछ पता लगाया जा सकता है। जिनके बारे में मरीज को समान्य तौर से जानकारी नहीं होती। खराब मौखिक स्वास्थ्य शरीर में मधुमेह की स्थिति को और खराब कर सकता है और इसी के विपरीत जिन लोगों का मधुमेह अधिक होता है, उनके मुंह से तमाम तरह की बीमारियां होने की सम्भावना अधिक हो जाती है। इसलिए मधुमेह सप्ताह पर डॉक्टर सही सलाह देते हैं कि नियमित समय पर मौखिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शरीर में मधुमेह की मात्रा की जांच आवश्यक करानी चाहिए। कॉलेज के कमरा नम्बर आठ में लोगों को मौखिक सफाई का महत्वक समझाया जा रहा है तथा रक्त में मधुमेह की मात्रा की जांच भी की जा रही है।

### बाजारों के बाद सब्जी मंडियों में लगाया वैक्सीनेशन कैम्प



**फरीदाबाद।** वैक्सीनेशन को बढ़ावा देते हुए जिले में जगह-जगह कैम्प लगाए जा रहे हैं। जहां बाजारों में लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जा रहा है। वहीं सोमवार से सभी मंडियों में कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण शिविर लगाए गए। सोमवार को 9591 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि वह तेजी से जिले में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए जगह-जगह कैम्प लगा रहे हैं। सोमवार को जिले में 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में 1713 और निजी में आठ लोगों को प्रथम डोज लगी। वहीं दूसरी डोज सरकारी में 6151 और निजी में 21 लोगों को लगी। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 343 और सैकेंड डोज 1150 लगी। निजी में सैकेंड डोज मात्र एक को लगी। 60 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में प्रथम डोज 32 को और निजी में एक बुजुर्ग को लगी। सैकेंड डोज 164 ने सरकारी में और सात बुजुर्गो ने निजी अस्पताल में लगवाई। वहीं दूसरी तरफ सोमवार को जिले में कोरोना का मात्र एक ही मरीज पॉजिटिव आया। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या 26 पर पहुंच गई।

### यूनियन के शिष्टमंडल की कार्यकारी अभियंता के साथ हुई बैठक



**फरीदाबाद।** हरियाणा गवर्मेंट पीडब्लूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन यूनियन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ब्रांच फरीदाबाद, की कर्मचारियों की मांगों को लेकर यूनियन के शिष्टमंडल की कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक हुई। इस मौके पर यूनियन के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल राज्य कमेटी के उप कोषाध्यक्ष अतर सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के बाद सहमति बनी। इस बैठक में पंचायती पंचायती पंप ऑपरेटर के बकाया वेतन का भुगतान करने। लघु सचिवालय सेक्टर 12 के पंप चेंबर की रिपेयरिंग करने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को पे रोल पर रखकर उन्हें ईएसआई और पीएफ का भुगतान करने के अलावा नौकरी के दौरान गुमशुदा हुए रामजी लाल पंप ऑपरेटर के 7 वर्षों के बकाया वेतन का भुगतान करने, सभी कर्मचारियों को डांगरी, जूते, गुम बुट, हेलमेट, इत्यादि चीजें प्रदान के अलावा काम करने के लिए आवश्यक सामग्री और सभी कर्मचारी की मेडिकल भत्तों का भुगतान करने, सेक्टर 8 के पॉलिटेक्निक स्टाफ क्वार्टरों की रिपेयरिंग आदि मांगों से भी सहमति बनी। इस बैठक में जिले के चेयरमैन अत्तर सिंह, जगदीश चंद्र, जिला सचिव राजकुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# देशभर में पहली बार नहीं मनेगा विश्व एड्स दिवस

## एक दिसंबर को काला दिवस मनाऐंगे हरियाणा एड्स कर्मचारी

कविता। फरीदाबाद

**हर साल** एक दिसंबर को देशभर में विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। लेकिन इस बार हरियाणा एड्स कंट्रोल विभाग के कर्मचारी पूरे देश में इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाऐंगे। कर्मचारियों ने इसके विरोध में सोमवार को काले बिल्ले लगाकर काम किया। उन्होंने कहा कि वह एड्स दिवस के दिन काले कपड़े पहनकर इसे काले दिवस के तौर पर मनाएंगे।

### जिले में 26 कर्मचारी

**जिले** में कुल 26 हरियाणा एड्स कंट्रोल विभाग के कर्मचारी काम कर रहे है। जिसमें से बीके अस्पताल के आईटीसीटी सेंटर में छह, ओएसटी सेंटर में चार और ब्लड बैंक में पांच कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा ईएसआई सेक्टर-आठ में स्थित एआरटी सेंटर में पांच कर्मचारी, एनएच तीन स्थित मेडिकल कॉलेज में चार और बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल में दो कर्मचारी तैनात हैं। इन सभी ने बताया कि उन्हें विभाग की तरफ से लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसके कारण उन्होंने विश्व एड्स दिवस को काले दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है।



बीके अस्पताल में काला रिबन बांध कर रोष प्रकट करते कर्मचारी।

### कर्मचारियों की मांग

**आल** इंडिया एड्स कंट्रोल इम्प्लॉईस वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान कृष्ण ने बताया कि सोमवार को उन्होंने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया है। जिसमें उन्होंने निर्णय लिया है कि आगामी एक दिसंबर को वह काले कपड़े पहनकर विश्व एड्स दिवस को काला दिवस के नाम से मनाएंगे। उन्होंने बताया कि 2017 एनएसीपी-5 शुरू होना था, जो नहीं किया गया। यह महंगाई के हिसाब से सेलरी रिवाईज होती है, लेकिन तब से यह केवल चिकित्सकों के लिए ही शुरू की थी। लेकिन कर्मचारियों को इससे दूर रखा गया। जिसमें काउंसलर, एलटी, ओआरडब्ल्यू वर्कर्स शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि मेडिक्लेम की सुविधा नहीं है।

# ओएलएक्स पर फर्जी कंपनी बनाकर ठगने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के प्रभारी इंस्पेक्टर विमल की टीम ने ओएलएक्स पर फर्जी रजिस्टर्ड कंपनी साइट बनाकर लोगो से ठगी करने वाले 3 आरोपियो को हरियाणा के अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया। आरोपियों से कार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी मनदीप उर्फ संदीप गांव गोकलपुर भिवानी, नरेश निवासी उत्तम नगर भिवानी और आरोपी मनोज गांव बलियाना रोहतक के रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया है कि आरोपियों ने 7 नवम्बर को फरीदाबाद के भूपेन्द्र सिंह के साथ ओएलएक्स पर फर्जी रजिस्टर्ड कंपनी साइट से उसकी गाड़ी को मुंबई उसके बेटे के पास भेजने के नाम पर 20,000 रुपये ठग लिए थे। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-7 में दर्ज किया गया। जिसपर कार्रवाई करते हुए आरोपी मनदीप उर्फ संदीप को भिवानी से, आरोपी नरेश को हिसार से तथा आरोपी मनोज को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है।

# जल्द होगा दो डाटा सेंटर भवनों का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**योट्टा** इंफ्रास्ट्रक्चर ने घोषणा की कि वह जनवरी 2022 में अपने ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर पार्क में दो और डेटा सेंटर भवनों का निर्माण शुरू करेगी। दोनों भवनों में प्रत्येक में 30 मेगावाट आईटी लोड की क्षमता होगी और जनवरी 2024 में ग्राहकों की सेवा के लिए तैयार होंगे। डेटा सेंटर पार्क में पहली इमारत, जिसके लिए जनवरी 2021 में निर्माण शुरू हुआ था, जुलाई 2022 तक ग्राहक सेवा के लिए 18 महीने से कम समय में तैयार हो जाएगा। एक बार पूरा हो जाने पर, इसकी क्षमता 30 मेगावाट आईटी लोड होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2020 में कंपनी को ग्रेटर नोएडा में 20 एकड़ का अत्यधिक विशाल (हाइपरस्केल), डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी। यह इस क्षेत्र का पहला डेटा सेंटर पार्क होगा, जिसमें 6 इंटरकनेक्टेड डेटासेंटर भवन होंगे, जो 250 मेगावाट से अधिक बिजली द्वारा संचालित 30,000 रैक क्षमता वाले होंगे। पार्क को स्थापित करने की अनुमानित लागत लगभग 7000 करोड़ रुपये (950 मिलियन यूस डॉलर) है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी पैदा करेगी क्योंकि कंपनी डेटा केंद्रों के संचालन और निर्माण के लिए अपनी टीम का विस्तार तेज़ी से कर रही है। उत्तर प्रदेश को एक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में बदलने के विकास और उनके दृष्टिकोण पर टिप्पणी करते हुए, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश आज सर्वांगीण विकास में सबसे आगे है। मैं हीरानंदानी ग्रुप व्यापार समूह और योट्टा को इस पहल के लिए बधाई देता हूं, जो नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा और देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को विकसित करेगा। योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सह-संस्थापक और सीईओ सुनील गुप्ता ने कहा, डिजिटल त्वरण के कारण इस क्षेत्र की बढ़ती मांग को देखते हुए, हमने जनवरी 2022 से 30 मेगावाट आईटी लोड के दो नए डेटा सेंटर भवनों का निर्माण शुरू करने का निर्णय लिया है, और यह हम अपनी मूल योजना से बहुत पहले शुरू कर रहे हैं । हमारा डेटा सेंटर पार्क इस क्षेत्र का सबसे बड़ा होगा, जो ग्राहकों के लिए 100 फीसद हरित ऊर्जा के विकल्प के साथ निरर्थक 220 केवी एक्सप्रेस फीडर और एक ऑन-साइट सबस्टेशन द्वारा संचालित होगा। कई टेल्को ऑपरेटरों, निरर्थक फाइबर के विभिन्न रास्तों और विभिन्न सार्वजनिक और निजी इंटरनेट एक्सचेंजों और बीटीएस, थोक और खुदरा कोलोकेशन और विभिन्न क्लाउड और प्रबंधित सेवाओं की उपलब्धता के साथ, यह अत्यधिक इंटरकनेक्टेड डेटा सेंटर पार्क दुनिया भर से और विभिन्न उद्योगों के ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है।



# स्वच्छता सैनिकों का सम्मान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी

## नगर निगम गुरुग्राम ने सेक्टर-29 के रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## स्वच्छता के इस महायज्ञ में प्रत्येक नागरिक की आहुति है जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम




स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा की स्टेट लेवल टास्क फोर्स के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने गुरूग्राम में स्वच्छता सैनिकों एवं सफाई मित्रों का शॉल एवं प्रशंसा-पत्र देकर किया सम्मान

**स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा की स्टेट लेवल टास्क फोर्स के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र सोमवार को गुरूग्राम पहुंचे। उन्होंने यहां नगर निगम गुरूग्राम द्वारा सेक्टर-29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में आयोजित संकल्प से सिद्धि एवं सम्मान समारोह में 350 स्वच्छता सैनिकों एवं सफाई मित्रों को शॉल एवं प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता सैनिकों एवं सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र ने कहा कि स्वच्छता सैनिक एवं सफाई मित्रों का सम्मान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पहले सफाई का कार्य करने वालों को सफाई कर्मचारी या कचरे वाला आदि नामों से संबोधित किया जाता था, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा इन्हें स्वच्छता सैनिक की उपाधि से नवाजा गया है। जिस प्रकार देश के सैनिक सीमाओं पर तैनात रहकर बाहरी दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हैं, उसी प्रकार हमारे स्वच्छता सैनिक भी गंदगी का सफाया करके अनेक प्रकार की बीमारियों से हमारी रक्षा करते हैं। हम सभी को स्वच्छता सैनिकों का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्ष-2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से देश को स्वच्छ बनाने के अभियान का जो शंखनाद किया था, आज उसके परिणाम हम सभी के सामने हैं। पहले शहरों की गिनती दूषित शहरों में होती थी, लेकिन अब वहां स्वच्छता का परचम लहरा रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री की सोच और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री की सोच का अनुसरण कर प्रदेश को स्वच्छता में देश का नंबर वन प्रदेश बनाने में जुटे हुए हैं और पिछले परिणामों को देखें तो यह सत्य साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छत सर्वेक्षण-2021 में प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया है तथा गुरूग्राम देश में 24वें स्थान पर आया है। उन्होंने स्वच्छता सैनिकों एवं गुरुग्राम के नागरिकों का आह्वान किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में सभी के प्रयासों से हम प्रथम स्थान प्राप्त करने में कामयाब होंगे। गुरूग्राम की सीनियर डिप्टी मेयर प्रमिला गजेसिंह कबलाना तथा डिप्टी मेयर सुनीता यादव ने भी अपने संबोधन में गुरूग्राम को स्वच्छता की रैंकिंग में निरंतर सुधार के लिए स्वच्छता सैनिकों का आभार व्यक्त किया। नगर निगम गुरूग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया तथा आशा जताई कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में हम और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

स्वच्छता सलाहकार अनिल मेहता ने नगर निगम गुरूग्राम द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में निगम पार्षद कुलदीप बोहरा, अनूप सिंह, अश्विनी शर्मा एवं सीमा पाहुजा, अधीक्षक अभियंता राधेश्याम शर्मा, कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण, सहायक अभियंता राकेश जून, ब्रांड एम्बेसडर कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नये ट्रांसफार्मर से हजारों उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

## उपभोक्ताओं ने बिजली निगम में कई बार दर्ज कराई थी शिकायत



**सोहना**। ओल्ड शहर में बिजली के लगने वाले कटों से उपभोक्ताओं को बिजली के लगने वाले कटों से छुटकारा मिलेगा। बिजली निगम ने पुराने शहर में बिजली कट की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया है। जिससे एक हजारों बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

पिछले करीब एक साल से पुराना शहर के कायस्थ वाड़ा, कुम्हारवाड़ा, छीपीवाडा, नेहरू बाजार, बड़ा बाजार, हलवाई वाड़ा, पुरानी सब्जीमंडी, मोती प्लाजा आदि मोहल्ले में बिजली के लगने वाले कटों से हजारों उपभोक्ताओं के लिए परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर यहां के उपभोक्ता बिजली निगम अधिकारियों के कार्यालय में कई बार लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा उपभोक्ताओं ने विधायक संजय सिंह से भी बिजली के लगने वाले कटों की समस्याओं को दूर करने की मांग की गई थी। विकास कुमार का कहना है कि 200 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर पर करीब 1500 बिजली कनेक्शनों का लोड होने के कारण सप्लाई दिन में कई बार बाधित हो रही थी। गर्मी का मौसम तो जैसे-तैसे निकल गया। सर्दी शुरू होने पर भी बिजली के कट कम नहीं हो रहे थे।

### बिजली निगम ने बदला ट्रांसफार्मर

**बिजली** निगम ने उपभोक्ताओं की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 200 केवीए के स्थान पर 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया है। जिससे हजारों उपभोक्ताओं को बिजली के लगने वाले कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**बिजली** विभाग के जेई रोहित खान कहते हैं कि विभाग ने बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया है। जिससे उपभोक्ताओं को अब बिजली के लगने वाले कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# खाली सीटों पर खुली काउंसिलिंग कर छात्रों को दिए दाखिले

**गुरुग्राम**। राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में सोमवार को स्नातकोत्तर की खाली हुई 6 सीटों पर दोबारा दाखिला के लिए खुली काउंसिलिंग आयोजित करके विद्यार्थियों को दाखिले दिए गए।

महाविद्यालय में एमए में 1 सीट सामान्य वर्ग में खाली हुई थी। वहीं आरक्षित वर्ग के लिए एमए इक्नोमिक्स संकाय में 1 सीट, एमए एमएससी गणित संकाय में 2 सीट और एमसीए संकाय में 2 सीट खाली हुई थी। महाविद्यालय में दाखिला के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को इस बारे में जानकारी दी गई थी कि 29 नवंबर को खाली हुई सीटों पर खुली काउंसलिंग के तहत दाखिले दिए हैं। सोमवार को सुबह कई विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज कराई और उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया में शामिल किया गया। जिन विद्यार्थियों के नाम मेरिट सूची में नाम आया है, उनको रात्रि 12 बजे तक फीस जमा कराने का समय दिया गया है। राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के दाखिला नोडल अधिकारी ने बताया कि स्नातकोत्तर में एक-दो आरक्षित वर्ग की सीटों को छोड़कर अन्य सभी सीटों पर दाखिले हो चुके थे, लेकिन दिल्ली के महाविद्यालयों या अन्य जगह पर विद्यार्थियों के दाखिले होने के कारण 4 सीटें खाली हो गई थी।

# विधायकी के दो सालों में नालों में पानी तक ना ला पाया मैं, मंत्रीजी

## ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में मंत्री के समक्ष क्षेत्रीय विधायक की अधिकारी की शिकायत

कैलाश मंगला। होडल



गांव पेंगलतु के निकट सूखा पड़ा नाला।

**क्षेत्र** के रजवाहों व नालों में सिचाई के लिए क्षेत्र के किसानों की पिछले कई सालों से चली आ रही मांग का मुददा क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर ने जिले के लघु सचिवालय में सोमवार को हुई ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में जोर-शोर से उठाया है। बैठक में विधायक जगदीश नायर ने मंत्री बनवारी लाल से कहा कि उन्हें विधायक बने दो साल हो गए हैं। अभी तक भी क्षेत्र के रजवाहों व नालों में पानी नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिले के अधिकारियों से भी कई बार पानी पहुंचाने के लिए कहा, लेकिन कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देता।

बैठक में विधायक नायर ने सहकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री बनवारी लाल के समक्ष जिले के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान ना देने के भी आरोप लगाए हैं। क्षेत्र के किसानों की मांग को देखते हुए मंत्री बनवारी लाल ने विधायक नायर की इस मांग को एक महीने के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया है। पिछले कई वर्षों से होडल में स्थित रजवाहों एवं नालों में सिंचाई के लिए पानी ना पहुंचने के कारण किसानों को फसल की बुवाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

फसल बुवाई के लिए उन्हें उचित मात्रा में पानी ना मिलने के कारण उनकी फसल को भी नुकसान हो रहा है। रजवाहों व नालों में से पानी ना मिल पाने के कारण किसानों को फसल बुवाई के लिए भारी पानी खरीदकर भरकम खर्चा ग्रहण करना व दर-दर भटकना पड़ रहा है। रजवाहों व नालों में पानी की मांग को लेकर किसान क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर के पास भी लगातार चक्कर काट रहे थे। क्षेत्र के किसानों की फसल बुवाई के लिए रजवाहों व नालों में पानी पहुंचाने की मांग को देखते हुए विधायक जगदीश नायर ने सोमवार को हुई ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में मंत्री बनवारी लाल के समक्ष जोरशोर से उठाया है।

उन्होंने कहा कि रजवाहों व नालों में पानी ना होने के कारण किसानों को बुवाई के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक नायर ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की इस मांग पर मंत्री बनवारी जिला अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वह जल्द किसानों को इस समस्या से निजात दिलाएं।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर भोजपुरी महाकुंभ पांच दिसबंर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में

## दुष्यंत चौटाला, जेपी दलाल और मनोज तिवारी होंगे शामिल

## गोलू राजा, प्रियंका स्मिता सिंह समेत अनेक भोजपुरी कलाकारों आएंगे



**गुरुग्राम**। प्रवासी एकता मंच की ओर से इस बार डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती समारोह सह भोजपुरी महाकुंभ का आयोजन पांच दिसंबर को राजीव चौक ताऊ देवीलाल स्टेडियम में किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा सांसद मनोज तिवारी होंगे।

समारोह का उद्घाटन हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल करेंगे। इस समारोह में गोलू राजा, प्रियंका पांडे, स्मिता सिंह समेत अनेक भोजपुरी गायक व गायिकाओं का भी मचेगा धमाल। प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने सेक्टर 4 जिमखाना क्लब में विभिन्न पूर्वांचली संगठनों की आयोजित एक बैठक में सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि प्रवासी एकता मंच प्रत्येक साल डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर भोजपुरी महाकुंभ का आयोजन करता रहा है। इसका एकमात्र मकसद पूर्वांचली एकता व कला-संस्कृति को बनाए रखना है। इस बार के समारोह में उन लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिनका गुरुग्राम में पक्का छठ घाट बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न पूर्वांचली संगठनों के अलावा गुरुग्राम के विभिन्न छठ पूजा समितियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बैठक में सत्येन्द्र सिंह के अलावा संदीप सिंह, अनुज सिंह, मनोज कुमार झा, भगवान झा, मनीष कुमार सिंह, दिलीप सिंह, उपेन्द्र सिंह, विजय तिवारी, मुकेश कुमार जायसवाल, राम कुमार सिंह, वेदानंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक संस्था के निदेशक को मिली जान से मारने की धमकी

**सोहना**। पशु तस्करों के खिलाफ नैन फाउंडेशन के निदेशक को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। पुलिस नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भोंडसी पुलिस चौकी अंतर्गत देवनगर-2 रिठौज निवासी सतप्रकाश ने पशु तस्कर के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। सतप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसने पशु तस्कर साहिल कुरैशी के खिलाफ इसी वर्ष दिल्ली वसंत कुंज थाना में 113 नंबर मामला दर्ज कराया था। साहिल कुरैशी व उसके साथियों ने दिल्ली लोधी रोड से पशु चोरी किए थे। उसकी नैन फाउंडेशन के नाम से सामाजिक संस्था है। जिसका कार्य पशु चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस की मदद करके पकड़वाने का है। साहिल कुरैशी के खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की हुई है।

# किसान आंदोलन की लंबित मांगों को भी पूरा करे सरकार

**गुरुग्राम**। संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष संतोख सिंह ने कहा कि किसान आंदोलन ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है। सरकार को किसान आंदोलन की मांगों के सामने झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री की घोषणा पराली जलाना अब अपराध नहीं है, किसान आंदोलन ने ऐतिहासिक जीत की ओर एक कदम और बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि किसान संगठनों की मांग थी कि पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर रखा जाए,किसानों की यह मांग केंद्र सरकार ने मांग ली है। उन्होंने सरकार से माँग की है कि किसान आंदोलन की लंबित माँगो को भी सरकार शीघ्र पूर्ण करें ताकि किसान अपने घर लौट सके। लंबित मांगों में एमएसपी की गारंटी का कानून बनाओ, किसान आंदोलन में शहीद हुए लगभग 700 किसानों के परिवारों के मुआवजे और पुनर्वास की व्यवस्था हो, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज हुए झूठे मुकदमे वापस लो, विद्युत अधिनियम संशोधन विधेयक, 2020/2021 का ड्राफ्ट वापस लिया जाए, लखीमपुर खीरी हत्याकांड के सूत्रधार और सेक्शन 120 बी के अभियुक्त अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करके गिरफ्तार किया जाए।

सोमवार को धरने में शामिल होने वालों में बलवान सिंह दहिया, योगेश्वर दहिया, पंजाब सिंह, फूल कुमार, तेजपाल यादव, रमेश दलाल, हरि सिंह चौहान, मनीष मक्कड, उम्मेद सिंह लावा, ईश्वर सिंह, राजवीर, जगमाल मालिक, मनोज झाड़सा, योगेश कुमार, आकाशदीप, रणजेय सिंह, रिटायर्ड कमांडेंट सत्यवीर सिंह, तथा अन्य व्यक्ति शामिल रहे।

# आईएपीएचडी की नेशनल कांफ्रेंस में एसजीटी के छात्रों ने जीते नौ अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**एसजीटी** विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री (आईएपीएचडी) द्वारा आयोजित 25वीं आईएपीएचडी नेशनल कॉन्फ्रेंस (वर्चुअल) में भाग लेकर 9 अवार्ड जीतकर यूनिवर्सिटी को गौरवान्वित किया है।

फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के डीन डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 19 से 21 नवंबर तक 18 नवंबर को थीम के साथ एक प्री-कांफ्रेंस के साथ किया गया था। जिसका शीर्षक भारत में दंत सार्वजनिक स्वास्थ्य दक्षताओं को फिर से परिभाषित करना% रहा। कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई वैज्ञानिक प्रतियोगिता में जनरल पोस्टर बनाना, लघु फिल्म निर्माण करना, टेबल क्लिनिक और पुतला चैलेंज की अलग अलग कैटेगरीज में विद्यार्थियों ने कई पुरस्कार जीते।

इस कॉन्फ्रेंस में फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड डॉ. शौर्य टंडन ने कांफ्रेंस में वैज्ञानिक सह-अध्यक्ष के रूप में मिली जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। कॉन्फ्रेंस के दौरान रीडर डॉ मीनाक्षी चोपड़ा, सीनियर लेक्चरर डॉ. चारु खुराना और सीनियर लेक्चरर डॉ. अभिनव भार्गव ने विभिन्न साइंटिफिक सेशन्स की अध्यक्षता की।

प्रीकॉन्फ्रेंस के लिए अंतिम वर्ष के छात्रों और इंटर्न सहित 22 बीडीएस अंडर ग्रजुएट ने इस सेशन में भाग लिया। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों श्रेणियों में कई पुरस्कार जीते। पोस्ट ग्रेजुएट के तीसरे साल की छात्रा डॉ प्रेरणा ने सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुति का पुरस्कार जीता। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों में इलाक्षी, उदिता, अंशुला और अंशु को सर्वश्रेष्ठ जनरल पोस्टर बनाने के लिए व गीतिका, लोकेश, दीपांशी, निकिता, स्वाति और स्नेहा को शॉर्ट मूवी बनाने के लिए और नेहा गोयल, अतिभा मखीजा को टेबल क्लिनिक और अवि, इलाक्षी, लक्ष्य, विधि, बॉबी, तेजस और कोमल को मॉडल चैलेंज के लिए के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ. टंडन ने विभाग के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार जीतने पर बधाई दी।

# बजाज फिनसर्व ने लाइफ इंश्योरेंस में धोखाधड़ी से जागरूकता को 'सावधान रहें, सेफ रहें' कैंपेन के दूसरे चरण की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। पुणे

**भारत** के सबसे बड़े व्यवसायिक समूहों में से एक, बजाज फिनसर्व, ने आज लाइफ इंश्योरेंस में धोखाधड़ी पर केंद्रित अपने जन-जागरूकता अभियान, 'सावधान रहें, सेफ रहें' के दूसरे चरण की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य अपने ग्राहकों तथा आम जनता को इस तरह की धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। कंपनी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस अभियान का संचालन किया जाएगा।

बजाज फिनसर्व अपनी इस जागरूकता पहल के माध्यम से लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने वाले ग्राहकों को एक महत्त्वपूर्ण संदेश देना चाहता है कि, पॉलिसी खरीदने से पहले इससे संबंधित सभी दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच करना और सिर्फ बीमा कंपनी की वेबसाइट पर जाकर विवरणों को सत्यापित करना बेहद जरूरी है। कभी-कभी धोखेबाज भोले-भाले ग्राहकों को कम प्रीमियम वाले ऑफर का लालच दे सकते हैं और फर्जी दस्तावेजों के साथ पॉलिसी बेच सकते हैं। इस कैंपेन के जरिए ऐसी तमाम जानकारी को लोगों के सामने उजागर किया गया है, जिन्हें पॉलिसीधारकों को पॉलिसी की असलियत की जांच के लिए जानना बेहद जरूरी है।



'गुप्ता जी' के बेहद प्यारे किरदार के साथ इस कैंपेन का जिंगल, 'ना जी ना जी' भी बड़ा मनमोहक है, जो बिल्कुल अनोखे अंदाज में जागरूकता के इन संदेशों को लोगों तक पहुंचाता है। इस कैंपेन के माध्यम से ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर,ओटीपी,पते का प्रमाण, बीमा पॉलिसी विवरण जैसी गोपनीय जानकारी साझा करने नहीं करने और सतर्क रहने का संदेश दिया गया है। कैंपेन के जरिए यह संदेश भी दिया गया है कि, ग्राहकों को कभी भी अतिरिक्त बोनस या अधिक फायदे वाले ऑफर के लालच में अपनी मौजूदा पॉलिसी को सरेंडर नहीं करना चाहिए।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपने ग्राहकों के बीच जागरूकता फैलाने के साथ-साथ जनताध्ग्राहकों को धोखेबाजों से बचाने के लिए, कुछ सुरक्षा टिप्स भी साझा किए हैं। इनमें शामिल हैं: अपने दस्तावेजों, जैसे कि पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि को कभी भी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। बजाज आलियांज लाइफ कभी भी ग्राहकों से किसी भी तरह के काम के लिए आपके मूल दस्तावेजों को जमा करने का आग्रह नहीं करता है। कभी भी एक खाली प्रस्ताव फॉर्म पर हस्ताक्षर न करें, और अगर हमारी कंपनी का कोई एजेंटध् कर्मचारी ऐसा करने के लिए कहता है,

तो आप टोल-फ्री नंबर 1800-209-4040 पर फोन करके, अथवा कस्टमरकेयरएटदरेटबजाजएलाइंजडॉटकोडॉटइन पर सूचना दे सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी



अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी।

**होडल**। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर होडल बिजली बोर्ड परिसर में 30 सूत्रीय मांग पत्र की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान लख्मी चंद रावत ने व मंच संचालन पूर्व प्रधान भगवान सिंह ने किया। गौरतलब है कि गत 13 नवंबर 2021 को रोहतक में आयोजित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार की राज्य कार्यकारिणी मीटिंग में लिए गए फैसले अनुसार सोमवार को पूरे प्रदेश में एक दिवसीय विरोध धरना प्रदर्शन किया गया है। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन होडल यूनिट प्रधान नरेंद्र सिंह सौरोत ने बताया कि कर्मचारियों की मांग व समस्याओं के संदर्भ में निगम मैनेजमेंट को 30 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया था। जिसमें एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) को रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर लेने व ठेकेदार को बीच में से निकालने, एक्स ग्रेशिया स्कीम में नाजायज रूप से किए गए संशोधन को रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक 2021 को रद्द करने व निजीकरण पर रोक लगाने आदि मांग शामिल है परंतु निगम मैनेजमेंट ने इन मांगों पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है इसी के विरोध में आज पूरे प्रदेश में सभी उप मंडल अधिकारी कार्यालयों पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया है। सौरोत ने बताया कि अगर निगम मैनेजमेंट ने जल्दी ही कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज करते हुए 3 दिसंबर 2021 को यूनिट स्तर पर कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार की इस मीटिंग में नरेश कुमार महलावत, पवन कुमार, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह रावत, नरेश रावत, पूरन लाल खत्री, रोशन लाल, महिपाल, वेद प्रकाश, ओम प्रकाश, तसव्वर हुसैन, जितेंद्र डांगी, हरि सिंह के अलावा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### पति पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का केस दर्ज

**सोहना**। भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करने तथा पिता के घर से नकदी लाने के लिए मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी निवासी ज्योति चौहान ने पुलिस को बताया कि उसकी 10 वर्ष पहले गुरुग्राम सेक्टर-15 पार्ट टू निवासी दीपक चौहान से विवाह हुआ था। विवाह के बाद से उसने दो बच्चों को जन्म दिया, लेकिन उसका पति शादी से पहले ही ड्रग्स लेने का आदी था। यह बात ससुराल पक्ष से सास ऊषा चौहान व ससुर महिन्दर चौहान ने छुपाकर रिश्ता किया। दीपक से ड्रग्स के नशा में मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करने के साथ-साथ उसे तथा उसके दोनों बच्चों को कमरे में कैद करके रखता है। पूरा-पूरा दिन उन्हें कमरे से बाहर नहीं निकलने देता है। उसके साथ आए दिन मारपीट व गालियां देता है। उसे पिता के घर से नशा करने के लिए पैसा लाने का दवाब बनाता है। जिसकी इन हरकतों से वह और उसके बच्चे परेशान हो चुके हैं। विवाहिता ने बताया कि दीपक उसे तथा दोनों बच्चों को जान से मार देने की धमकियां देता है। कभी अपने आपको चोट पहुंचाने की बातें करता है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### गाड़ी में से नगदी चोरी कर क्लीनर फरार, चालक गिरफ्तार



नगदी चोरी करने के मामले में पुलिस की गिरफ्त में चालक।

**होडल**। होडल थाना पुलिस ने गाड़ी में से हजारों रुपये की नगदी चुराने के मामले में चालक व क्लीनर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है। जांच अधिकारी महेंद्र ने जानकारी में बताया कि गांव इमलाबदा जिला आगरा थाना फतेहपुर सिकरी निवासी भगवान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह आइसी कंटेनर सब्जी भरकर दिल्ली ओखला के लिए गया था। उसने बताया कि मेरे साथ गाड़ी चालक सरसा जिला आगरा यूपी निवासी पुष्पेंद्र व क्लीनर अमित मौजूद रहे। उसने बताया कि ओखला में गाड़ी खाली करके सब्जी की 76 हजार रुपये की नगदी लेकर आगरा की लिए लौट रहा था। उसने बताया कि रात लगभग दो बजे वह नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर चाय पीने के लिए गाड़ी में से उतर गया और नगदी गाड़ी में ही रखी थी। उसने बताया कि जैसे ही में चाय पीने के लिए बैठा वैसे ही गाड़ी का क्लीनर अमित नगदी लेकर वहां से भाग गया। उसने बताया कि दुकानदारों की मदद से मैंने गाड़ी के चालक पुष्पेंद्र को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि क्लीनर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

### एटीएम मशीन से 12.40 लाख उड़ाने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। सेक्टर-24 वर्लपूल रेफ्रिजरेटर कंपनी के गेट पर स्थित एटीएम से डिवाइस मशीन की मदद से 12,40,000 रुपये उडाने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार और अमित कुमार फतेहपुर बेरी दिल्ली के रहने वाले है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना मुजेसर में एटीएम मशीन से पैसे उडाने का मामला दर्ज है। पुलिस कार्रवाई मे 28 नवम्बर को सेक्टर 9-10 के चौक से आरोपी मनोज कुमार और अमित कुमार को गिरफ्तार किया है।

# महिलाओं और बच्चियों को कानूनी अधिकारों के बारे में किया जागरुक

**रिजवान कासिम। मेवात**

### कानूनी जन जागरूकता को पंचकूला से चलकर साईकिल यात्रा पहुंची नूंह

### महिला और बच्चियों को साइबर अपराध से बचने की बारीकी से जानकारी दी

**जागरुक** नारी, शक्ति हमारी मिशन को लेकर हरियाणा पुलिस की महिला अधिकारी व कर्मचारियों की साइकिल यात्रा सोमवार को हरियाणा के सबसे पिछड़े नूंह जिला में पहुंची।

यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह में महिला पुलिस कर्मचारियों द्वारा इस अवसर पर महिलाओं व बच्चियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया। डीएसपी ममता खरब एवं साइकिल यात्रा की अगुवाई कर रही इंस्पेक्टर माया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्हें हरियाणा सबसे पिछड़े इलाके में आने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में पूरी जानकारी अभी तक नहीं है। कहां थाने खुले हैं। क्या सरकारी लाभ महिलाएं उठा सकती हैं, इसके अलावा महिलाएं और बच्चियां साइबर अपराध की शिकार ना हो, इन सबके बारे में उनको बारीकी से जानकारी दी गई।


नूंह पहुंचने पर स्कूल की बच्चियों के साथ खड़े महिला साईकिल यात्रा के सदस्य।

इंस्पेक्टर माया ने पत्रकारों को बताया कि साइकिल यात्रा पंचकूला से डीजीपी पीके अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर गत 15 नवंबर को शुरू की थी, जो आगामी 10 दिसंबर को जाकर समाप्त होगी। यह साइकिल यात्रा महिलाओं में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रदेश भर में निकाली जा रहे हैं। राज्य के सभी 22 जिलों में यह साइकिल यात्रा जाकर महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेगी।

कुल मिलाकर हरियाणा में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए महिला पुलिस ने बीड़ा उठाया है और साइकिल यात्रा के दौरान गांव-गांव में रुककर महिला पुलिस कर्मचारी इलाके की महिलाओं को जागरूक कर रही हैं, ताकि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा अपने कान में अधिकारों का लाभ उठाकर सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

# मंत्री बनवारी लाल ने वैक्सीनेशन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

### कोरोना से बचने का एकमात्र उपाय वैक्सीन : बनवारी लाल

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**


लघु सचिवालय में पुन्हाना की एसडीएम सुश्री मनीषा शर्मा को टीकाकरण कार्य में अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल। साथ में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह व अन्य अधिकारी।

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने नूंह जिला के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोविड बहुत ही खतरनाक बीमारी है, इससे बचने का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है। इसलिए लोगों अफवाहों पर ध्यान ने देकर वैक्सीनेशन अवश्य करवाना चाहिए। डा. बनवारी लाल ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद नूंह जिला में वैक्सीनेशन कार्य में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि यदि यह संक्रमण किसी एक व्यक्ति को होता है तो धीरे-धीरे करके यह सारे इलाके को अपनी चपेट में ले लेता है। इसलिए वैक्सीनेशन अवश्य लगवाएं और किसी के बहकावे में आएं और अफवाहों पर ध्यान न दें। सहकारिता मंत्री को उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला में कल तक 67 गांव में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का कार्य पूरा हो चुका है। जिले में 57 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में टीकाकरण काम तेजी से किया जा रहा है। पिछले 15 दिनों में टीकाकरण की रफ्तार तेज हुई है। जल्द ही समुचित जिले को वेक्सीनेट कर दिया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कोविड-19 को लेकर पूरी तरह से सचेत है और नागरिको का स्वास्थ्य सरकार के लिए सर्वोपरि प्राथमिकता है।

यह बीमारी बड़ी घातक है और हम सबको मिलकर इस बीमारी को भगाना है। इस बीमारी के रोजाना नए नए वैरिएंट आ रहे हैं। इसलिए हमें अपने आप को बचाने के साथ-साथ लोगों को बचाए रखने के लिए भी वैक्सीन लगवानी होगी ताकि हम स्वयं तो बचें और अन्य लोग भी संक्रमण से बचाएं। मंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वैरिएंट, जोकि साउथ अफ्रीका में पाया गया है उससे निपटने के लिए हम पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### मंत्री ने एसडीएम समेत कई कर्मियों को किया सम्मानित

**सहकारिता** मंत्री ने पुन्हाना की एसडीएम मनीषा शर्मा को अपने उपमंडल में वैक्सीनेशन के कार्य में अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया। मंत्री ने डा. योगेन्द्र, डा. बीएस सिंगल, डा. हार्षित गोयल, डा. मनप्रीत व आबिद, नरेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, बिजेन्द्र सिंह तथा जिला की टोप वैक्सीनेटर सपना, लीलावती, पूनम राजपूत, सकुन्त, मिन्टू, सरोज, ऊषा यादव, अन्जू लता, मनीषा व अन्जू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पात्र परिवारों की बढ़ाई जाएगी वार्षिक आय: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के तहत पात्र परिवारों को किसी न किसी योजना के साथ जोड़कर उनकी वार्षिक आय को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। डीसी मंगलवार को डीआरडीए हॉल में आयोजित किए जाने वाले अंत्योदय मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक को जिला सचिवालय के सभागार में संबोधित कर रहे थे।

मेले के आयोजन के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए उपायुक्त ने कहा कि संबंधित लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की शुरुआत की गई है। प्रदेश के हर गरीब परिवार को आर्थिक व सामाजिक रूप सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक परिवार की आय 1.80 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंचाने के लिए जिला में अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत अंत्योदय मेले लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक खंड स्तर पर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से गरीब परिवारों को किसी न किसी योजना के साथ जोड़ कर उनकी आय बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

### अंत्योदय मेले को लेकर जारी किए दिशा-निर्देश

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि नूंह ब्लॉक व एमसी नूंह के मेले के लिए 641 परिवारों को चिह्नित किया गया है। उन्हें मेले में आने के लिए संदेश भेजे जा चुके हैं और अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि वे अंत्योदय उत्थान मेलों का आयोजन सुचारू रूप से करवाएं। पात्रों को लाभ अवश्य मिलना चाहिए। इस विषय को लेकर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेलों में लीड बैंक के साथ-साथ अन्य बैंक भी भागीदारी करें और लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने संबंधी पूरा विवरण समझाएं। उन्होंने बताया कि मेले में एक स्वागत डेस्क, काउंसिलिंग डेस्क, प्रतीक्षा डेस्क व विभिन्न विभागों से संबंधित डेस्क लगाए जाएंगे। इन स्टालों पर प्रशिक्षित स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी।

## 10 शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

**नूंह।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल 13 शिकायतें सुनीं।

सहकारिता मंत्री ने 13 शिकायतों में से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया। सहकारिता मंत्री ने जय सिंह सैनी निवासी वार्ड नंबर 4 फिरोजपुर झिरका की सीएम विंडो पर लगाई गई शिकायत के बारे में नगरपालिका झिरका के समय स्वामित्व में आने वाले नाले नंबर 305, 306 वह 308 पर हुए अवैध कब्जे के निर्माण संबंधित शिकायत का कलेक्टर की शक्तियां प्राप्त एसडीएम पुन्हाना को आदेश दिए कि इस समस्या का समाधान कर रिपोर्ट आगामी मासिक बैठक में प्रस्तुत करें।

# नाराज कर्मचारियों ने की सरकार और बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी

**पायनियर समाचार सेवा। तावडू**

### ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने दिया एक दिवसीय धरना

**नेशनल** कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर के आह्वान पर सोमवार को ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की ओर से कर्मचारियों की लंबति मांगों व समस्याओं को लेकर नगर के उपमंडल कार्यालय ओल्ड 33 केवी बिजली घर तावडू के प्रांगण में एक दिवसीय सांकेतिक धरना का आयोजन किया गया।

इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान दीनू व संचालन सोहना यूनिट के सहसचिव लालसिंह ने किया। इस दौरान नाराज कर्मचारियों की ओर से सरकार व निगम प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सोहना यूनिट के पदाधिकारी राजन वर्मा ने कहा कि भारत के किसान ने पूरे वैश्विक समाज को यह दिखा दिया है कि सत्ता चाहे कितनी भी निरंकुश हो। उसे संघर्ष के आगे नतमस्तक होना पड़ता है। किसान, कर्मचारियों और मजदूरों के संयुक्त संघर्ष के आगे सरकार को झुकना पड़ा और हठधर्मिता को छोड़कर तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा।

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सोहना यूनिट के उप प्रधान मोहम्मद हासिम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली निगमों में कार्यरत स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों से संबंधित मांगों व समस्याएं पिछले लंबे समय से लंबित पड़ी है। मांगों को पूरा करने को लेकर सरकार व प्रबंधन से कई बार प्रयास किया गया, परंतु सरकार व निगम प्रबंधन की हठधर्मिता के चलते समाधान नहीं हो पाया है।


तावडू में बिजली कर्मचरियों को संबोधित करते यूनिट उप प्रधान मोहम्मद हासिम।

उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन से सीख लेते हुए अब कर्मचारियों को भी मजबूती से संघर्ष करना होगा और अपने लक्ष्य तक पहुंचना होगा। कर्मचारियों को अपनी मांग और मुद्दों के समाधान के लिए लगातार और मजबूत संघर्ष की जरूरत है।

उन्होंने कर्मचारियों से आगामी 3 दिसंबर, 12 दिसंबर, 22 दिसंबर, 5 जनवरी, 12 जनवरी, 19 जनवरी व 28 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की भी अपील की। दीनू, दिनेश, नरेन्द्र मोहम्मद नयूम, राजबीर, फैमूदीन, इलयास, जुबैर, इजहार आलम, लाल सिंह व मोहम्मद अब्बाश आदि ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विभागो के निजीकरण पर रोक' 'पुरानी पेंशन बहाल करवाने' 'रेगुलर पॉलिसी बनवाने, समान काम-समान वेतन, अस्थायी कर्मचारियों को स्थाई करने, जौखिम भत्ता देने व बिजली संशोधन बिल 2020 आदि मुद्दों को लेकर कर्मचारी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

जब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं होंगी, उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर साजिद, साहबूदीन, करतार, संजय, अमित, दिनेश, हरिओम, सुरेश, जिया उल , उम्मर मोहम्मद सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# आज से शुरू होंगी सीबीएसई बोर्ड के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं

### पहली बार ओएमआर शीट पर होंगी परीक्षाएं, उसी दिन सेंटर पर होगी मार्किंग

**पायनियर समाचार सेवा। पलवल**


अलका मेहता।

**सीबीएसई** की ओर से 30 नवंबर से दसवीं तथा एक दिसंबर से 12वीं की प्रथम सेमेस्टर की मुख्य विषयों की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। कोविड की संभावनाओं को देखते हुए इस बार दो सेमेस्टर में परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर तक एवं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं एक दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी।

डीएवी स्कूल पलवल की प्रिंसिपल व केंद्र अधीक्षक अलका मेहता ने बताया कि सीबीएसई 10वीं और 12वीं टर्म -1 की परीक्षा ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन) शीट पर ली जाएगी। जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होंगे। ऐसा पहली बार होगा कि परीक्षा के दिन ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। पेपर में अधिकतम 60 प्रश्न होंगे, छात्रों को अपने उत्तर ओएमआर शीट पर केवल पेन से अंकित करने होंगे। इसके साथ ही अगर स्टूडेंट्स से गलती से किसी प्रश्न का उत्तर गलत हो जाए तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि ओएमआर शीट में एक अलग से प्रत्येक उत्तर के साथ बॉक्स दिए गए हैं। यदि उम्मीदवार उत्तर बदलना चाहते हैं तो वह बदल सकते हैं। बोर्ड की तरफ से यह फैसला छात्र हितों को देखते हुए लिया गया है। परीक्षा के दिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। उसके बाद उस कॉपी को सीबीएसई भेजना होगा। प्रिंसीपल ने बताया कि उनके यहां तीन स्कूलों का सेंटर है। जिनमें एसएनडी पब्लिक स्कूल, निशांत पब्लिक स्कूल व मिशन स्कूल शामिल है। 10वीं और 12वीं में 700 से अधिक बच्चे पेपर दे रहे हैं। कोविड प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा गया है। साथ ही फर्स्ट एड की सुविधा बच्चों के लिए उपलब्ध है।

**दसवीं की डेटशीट** : कक्षा दसवीं के लिए डेटसीट के अनुसार 30 नवंबर को सामाजिक विज्ञान, 2 दिसंबर को विज्ञान, 3 दिसंबर को गृह विज्ञान, 4 दिसंबर को गणित, 8 दिसंबर को कंप्यूटर एप्लीकेशन, 9 दिसंबर को हिंदी, 11 दिसंबर को इंग्लिश की परीक्षा होगी।

**12वीं की डेटशीट** : कक्षा बारहवीं की डेटसीट के अनुसार 1 दिसंबर को समाजशास्त्र, 3 दिसंबर को इंग्लिश, 6 दिसंबर को गणित, 7 दिसंबर को शारीरिक शिक्षा, 8 दिसंबर को बिजनेस स्टडी, 9 दिसंबर को भूगोल, 10 दिसंबर को भौतिक विज्ञान, 11 दिसंबर को मनोविज्ञान, 13 दिसंबर को अकाउंटेंसी, 14 दिसंबर को केमिस्ट्री, 15 दिसंबर को अर्थशास्त्र, 16 दिसंबर को हिंदी, 17 दिसंबर को राजनीतिक विज्ञान, 18 दिसंबर बायोलॉजी, 20 दिसंबर को इतिहास, 21 दिसंबर को कंप्यूटर साइंस और 22 दिसंबर को गृह विज्ञान की परीक्षा होगी।

## बैंक स्थापना दिवस पर बाल गृह में बांटे गर्म वस्त्र


बाल गृह में वस्त्र वितरण के दौरान बैंक प्रबंधक।

**तावडू।** उपमंडल के गांव भंगवो में स्थित पीसीआई बाल गृह में सोमवार को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के स्थापना दिवस पर मोहम्मदपुर अहिर शाखा प्रबंधक द्वारा बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित कर उन्हें बैंक संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मोहम्मदपुर अहिर शाखा की प्रबंधक प्रवेश माथुर ने बताया कि सोमवार को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के 9वें स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने बाल गांव भंगवो में स्थित पीसीआई बाल गृह के 18 बच्चों को गर्म कपड़े व ट्रैकसूट वितरित किए। इस दौरान बच्चों को बैंक खाता, फिक्स जमा पूंजी, पढ़ाई के लिए ऋण लेने संबंधी आदि विभिन्न बैंक संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा ज्योति योजना के बारे में भी अवगत कराया। इस मौके पर बाल गृह से अनिल कौशिक व क्रिसिल फाउंडेशन से सेंटर मैनेजर पूनम यादव सहित आदि मौजूद रहे।

# डीएलसीसी की बैठक में पांच आवेदकों को मिली स्वीकृति


डीएलसीसी की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह।

**नूंह।** जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक लेवल क्लीयरेंस कमेटी (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों से ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुई 21 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों में से 5 आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की गई।

उपायुक्त ने बताया कि इंटरप्राइजिज प्रोमोशन पॉलिसी (ईपीपी) 2015 के तहत उद्यमियों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। जिनमें नये प्रोजेक्ट व स्थापित प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्रदान की जाती है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे प्रोजेक्ट लगाने के लिए निर्धारित समयावधि में ही उद्यमियों के आवेदनों पर विचार करते हुए उन्हें स्वीकृति प्रदान करे।

उन्होंने निर्देश दिए कि वे लंबित चल रहे आवेदनों को तुरंत निपटाया जाए। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों ने डीसी को आश्वासन दिया कि जल्द ही पोर्टल पर आए हुए सभी आवेदनों को निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टावरों से सम्बन्धित कार्य शीघ्र पूर्ण करवाएं जाएं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से टावरों से सम्बन्धित चल रहे विकास कार्यों की फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि सभी अधूरे कार्य पूर्ण कर उनके कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत कहा कि सम्बन्धित कार्यों की रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर भी चैक करें तथा कार्यों की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें।

## संक्षिप्त समाचार

### रैली का उद्देश्य टीकाकरण के बारे में जागरूक करना


टीकाकरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीईओ सुरेश गोरिया।

**नूंह।** गेटी फिरोजपुर नमक के छात्राओं द्वारा टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जिसको जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के अभियान ने हमें कोविड के खिलाफ इस लड़ाई में टीकाकरण के लिए हर व्यक्ति को कोविड रोधी वैक्सीन की डोज लगवाने के महत्व के बारे में जागरुक करना है। डीईओ ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य टीकाकरण के बारे में हर व्यक्ति को न केवल जानकारी प्रदान करके, बल्कि सूचना के माध्यम से जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी संभावित लहर से सतर्क होने की जरूरत है। कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन बेहद जरूरी है। इसके लिए जिन व्यक्तियों ने अब तक वैक्सीन की डोज नहीं लगवाई सबसे पहले उन्हें नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर वैक्सीन लगवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना बेहद जरूरी है। ऐसे में जिन लोगों ने अब तक दूसरी डोज नहीं लगवाई वह भी जल्द से जल्द अपनी दूसरी डोज लगवाए। उन्होंने कहा कि उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह गांव-गांव में जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं। उनका मकसद है कि जिला में कोई भी व्यक्ति बिना वैक्सीनेशन न रहे ताकि कोविड जैसी महामारी से बचा जा सके।

### लिपिक कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन


सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

**मेवात।** नूंह जिले के विभिन्न विभागों के क्लर्क कर्मचारियों ने मानदेय की बढ़ोतरी को लेकर नूंह गांधी पार्क सर्कल एसोसिएशन वेलफेयर सिक्योरिटी मेवात के कर्मचारियों ने बैठक की। बैठक के बाद गांधी पार्क से प्रदर्शन करते हुए नूंह लघु सचिवालय पहुंचे। जहां डीसी की गैरमौजूदगी में नूंह सीटीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन भेजा। सर्कल एसोसिएशन वेलफेयर सिक्योरिटी मेवात के जिला प्रधान दीपक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अन्य विभागों के कर्मचारियों के वेतन में सम्मानजनक बढ़ोतरी की है, लेकिन लिपिक पद के कर्मचारियों की वेतन में बढ़ोतरी नहीं की है। उन्होंने कहा है कि लिपिक कर्मचारियों की 35400 मानदेय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार विभाग और सरकार को अवगत कराने के बावजूद भी सरकार हमारी मांगों पर गौर नहीं कर रही है। इसलिए हमें धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी ही कोई सरकार ने कदम नहीं उठाया। इससे भी बड़ा आंदोलन जिले भर में किया जाएगा

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत और दो हुए घायल

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादियान के अनुसार पृथला गांव निवासी डिगम्बर ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि गत 28 नवम्बर की शाम 6 बजे वह पृथला मोड़ पर अपने साथी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान दूधौला की तरफ से एक तेज रफ्तार डंफर आया और एक बुलेट बाइक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक डंफर सहित मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने मौके पर जाकर देखा तो ताऊ का लड़का योगेश बुरी तरह कुचला हुआ पड़ा था। मौके पर उसकी मौत हो चुकी थी। गांव निवासी दो युवक सोनू व अजय गंभीर रूप से घायल हुए पड़े थे। इसी प्रकार करनाल जिले के खुटेल गांव निवासी रिजवान ने चांदहट थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने साथी ड्राईवरों के साथ पीएमआई इलेक्ट्रो कंपनी की गाड़ियों को पलवल-अलीगढ़ मार्ग स्थित शेरे-ए पंजाब ढाबे पर खड़ा कर 27 नवम्बर को खाना खा रहे थे। उसी दौरान चालक करतार निवासी शेखपुरा सुहाना (करनाल) ने अपनी गाड़ी को आगे पिछे किया। साथी रोहित (20) को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में रोहित को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान रोहित की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मै, मनोज कुमार पुत्र श्री चन्द्रभान निवासी मकान न० 562 गाँव बिन्दरोली 213 तहसील सोनीपत ने अपनी पुत्री का नाम क्रिया से बदलकर भाग्यलक्ष्मी रख लिया है भविष्य मे उपरोक्त पुत्री का नाम भाग्यलक्ष्मी से जाना जाएगा

**सूचना**

हम चन्द्रमान, राम कुमार, विनोद कुमार ,सुनील कुमार पुत्रान शिरोमणी पुत्री मोतीराम पुत्र गणेशीलाल, शालू पत्नी प्रवीन कुमार पुत्र किशनदत्त पुत्र मोतीराम निवासी दिल्ली ब्यान करते कि हम तावडू में खेवट / खाता नं0 213 /229 मुस्ततील नं0 92 कीला नं0 41/1/2 रकबा 10 मरला का 1/10 भाग रकबा 1 मरला व खेवट /खाता नं0 212/228 मुस्ततील नं0 92 कीला नं0 41/1/ रकबा 17 मरला में से 410 वर्गगज कुल रकबा 440 वर्गगज, बैंक कॉलोनी तावडू जिला नूह के मालिक काबिज हैं। जो मौके पर खाली प्लाट हैं। प्लाट की प्रापर्टी आई.डी. नं0 051518985/ 8 / 01 हैं। के मालिक व काबिज हैं। जो कि नगरपालिका असससमेंट रजिस्टर में हमारे नाम दर्ज नहीं है। प्लाट को असससमेंट रजिस्टर में नगरपालिका रिकार्ड तावडू में हमारे नाम दर्ज किया जाये। इस जानकारी पर यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह 7 दिन के अंतर्गत तावडू नगर पालिका कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**सूचना**

हम चन्द्रमान, राम कुमार, विनोद कुमार ,सुनील कुमार पुत्रान शिरोमणी पुत्री मोतीराम पुत्र गणेशीलाल, शालू पत्नी प्रवीन कुमार पुत्र किशनदत्त पुत्र मोतीराम निवासी दिल्ली के हैं ब्यान करते कि हम तावडू में खेवट / खाता नं0 212 / 228 मुस्ततील नं0 92 कीला नं0 41/1/3 रकबा 17 में से 100 वर्गगज, बैंक कॉलोनी तावडू जिला नूह के मालिक काबिज हैं। जो मौके पर खाली प्लाट हैं। प्लाट की प्रापर्टी आई.डी. नं0 051518981/8 / 01 हैं। के मालिक व काबिज हैं। जो कि नगरपालिका असससमेंट रजिस्टर में हमारे नाम दर्ज नहीं है। प्लाट को असससमेंट रजिस्टर में नगरपालिका रिकार्ड तावडू में हमारे नाम दर्ज किया जाये। इस जानकारी पर यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह 7 दिन के अंतर्गत तावडू नगर पालिका कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# संभावित खतरा

## कोरोना का नया प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** में नया परिवर्तन खतरे का संकेत दे रहा है और हम अभी एक बार फिर इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है और अधिकांश लोगों ने कोविड-उपयुक्त व्यवहार छोड़ दिया है क्योंकि उनकी समझ में वायरस वैश्विक महामारी अब भारत से चली गई है। ऐसे में कोरोना के दक्षिण भारतीय रूप ने जोर से खतरे की घंटी बजा दी है। वर्तमान समय में बहुत से लोग मास्क पहन रहे हैं, लेकिन लगभग इतने ही लोगों ने सचेतन रूप से इसके पहनना बंद कर दिया है। तथ्य यह है कि त्योहारी मौसम के बाद भी वायरस संक्रमण नहीं बढ़ा, जबकि लगभग सारे सुरक्षा उपायों को इस गलत धारणा से अनदेखा किया गया कि सबसे बुरा वक्त बीत गया। दु:ख है कि ऐसा सोचना गलत है। डब्लूएचओ ने ओमीक्रान को 'चिन्ताजनक स्वरूप' घोषित कर दिया है। इसका अर्थ है कि हमें जोखिम नहीं लेना चाहिए। दुनिया को ओमीक्रान के बारे में समुचित जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका, बोट्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इस्राइल में भी इसके मामले पाए गए हैं। यह स्वरूप यूरोप भी पहुंच गया है क्योंकि इसके दो मामले ब्रिटेन में भी मिले हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी यह नहीं जानते हैं कि इसका विस्फोट हो सकता है, पर उनको कहना है कि इससे पुन: संक्रमण का खतरा बढ़ा है। शुरुआती शोध से स्पष्ट है कि इस स्वरूप का संबंध ऐसे परिवर्तनों से है जिससे यह अत्यधिक संक्रामक तथा तेजी से फैलने वाला बन गया है। ओमीक्रान से खतरे की संभावना का परीक्षण प्रयोगशाला में हो रहा है ताकि इस पर वर्तमान वैक्सीनों की प्रभावशीलता का पता लगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण सवाल का हल भी खोजना है कि क्या ओमीक्रान हमारे प्रतिरक्षा तंत्र को चकमा दे सकता है।




इसका जवाब लापरवाही या अज्ञान के कारण संक्रमित जनसंख्या के बजाय वैज्ञानिक प्रयोगशाला से आना बेहतर होगा। इसका भारत के लिए क्या अर्थ होगा जिसने चरणबद्ध रूप से अपना आसमान खोलने की नीति अपनाई है? यदि सरकार विदेश से आने वाले यात्रियों की कठोरता से जांच करे तथा बिना किसी अपवाद के दो सप्ताह का क्वारंटीन लागू करे तो ज्यादा समस्या नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक सूची बना कर उन देशों को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा है जहां नया स्वरूप पाया गया है। मंत्रालय को अब इन देशों से आने वाली उड़ानें बहाल करने की अनुमति की समीक्षा करनी चाहिए, चाहे द्विपक्षीय एयर बबुल समझौता जो भी हो। भारत को अब यह भी सुनिश्चित करना होगा कि टीकाकरण प्रक्रिया में किसी ढिलाई, लापरवाही या लाजिस्टिक समस्या को स्थान नहीं मिलेगा। वैज्ञानिक आज पहले की तुलना में ज्यादा जोर दे रहे हैं कि टीकाकरण वृद्ध, अन्य बीमारियों वाले लोगों तथा उन स्वस्थ लोगों के लिए जरूरी है जो पूरी तरह सामान्य गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यदि पूरी तरह टीकाकरण न हो तो दोनों समूहों के सामने अस्पताल में भर्ती होने या मौत का खतरा बहुत अधिक है। शुक्रवार तक 120 करोड़ लोगों को टीका दिया जा चुका था, लेकिन इनमें केवल एक तिहाई 42.62 करोड़ लोगों ने ही दोनों खूराकें ली थीं। इस आंकड़े में तेजी से वृद्धि करना जरूरी है। दूसरा, नवीनतम अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में उपलब्ध एक वैक्सीन, स्वदेशी कोवैक्सिन कोविड-19 बीमारी के लक्षणों के खिलाफ केवल 50 प्रतिशत प्रभावी है। अतीत के अनेक सर्वेक्षणों से अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। वे 81 प्रतिशत, 77.8 प्रतिशत तथा 65.2 प्रतिशत के बीच हैं। निसंदेह इनमें से प्रत्येक आंकड़े की वैज्ञानिक व्याख्या होनी चाहिए, लेकिन आम आदमी को इससे कोई लाभ नहीं होता है और वह भ्रमित हो सकता है।

# ग्वादर में सीपीईसी का भारी विरोध

**पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।**



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं सह प्रोफेसर हैं)



हाल में ग्वादर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना-सीपीईसी के खिलाफ भारी विरोध फूट पड़ा। इसे पाकिस्तान की जनता की 'स्थिति बेहतर बनाने वाली परियोजना' बताया जा रहा है, पर इसके बजाय यह चीनी विस्तारवाद का प्रतीक बन गई है और इसके कारण उन लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है जिन्होंने यह परियोजना आमंत्रित की है। पाकिस्तान की कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार से ग्रस्त कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण हालत और खराब हो गई है। प्रदर्शनकारियों को स्थानीय राजनीतिक समूहों तथा एनजीओ का समर्थन मिल रहा है जिनका सीपीईसी परियोजना में वास्तविक हित था। 'ग्वादर को अधिकार दो' रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतुर रहमान हैं जो अक्सर ग्वादर की जनता के अधिकारों के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसके साथ ही अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में नेशनल पार्टी तथा बलूच छात्र संगठन की भूमिका भी पूरी तरह स्वीकारी जानी चाहिए। सीपीईसी वाणिज्यिक कारीडोर रास्ते से आगे जाता है। इसके नतीजे बहुत गहरे हैं तथा पाकिस्तानी समाज पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पहला, सीपीईसी परियोजना 'तटीय मनोरंजन उद्योग' की लंबी पट्टी है जो लक्ज़री होटलों, स्पा, थियेटरों, गोल्फ कोर्सों, आदि से जीवन्त नाइटलाइफ प्रदान करेगी।

नि:संदेह इसके लिए तटीय भूमि ली जाएगी और इसका पाकिस्तान के छोटे किसानों व मछुआरों से कुछ लेनादेना नहीं है। इसके बजाय चीनी और पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त लोगों की सेवा करने वाली 'मनोरंजन' सुविधाओं का खामियाजा मछली पकड़ने के उद्योग को भुगतना पड़ेगा, जबकि इस्लामाबाद की अर्थव्यवस्था में इसका 2 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि पाकिस्तान सरकार ने चीनी मछली पकड़ने वाले ट्रालरों को अनुमति दे दी है। यह अरब सागर में चीन के अवैध व अनियंत्रित मछली पकड़ने के अलावा होगा जो मछलियों के महत्वपूर्ण प्रजनन काल में भी जारी रहता है। इन ट्रालरों में अद्यतन तकनीक का प्रयोग होता है जिससे वे फौरन पकड़ी गई मछलियों का प्रसंस्करण और भंडारण सुनिश्चित करते हैं। इससे स्थानीय मछली पकड़ने वालों के लिए प्रतियोगिता बहुत कठिन हो जाती है। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम के कारण पाकिस्तान में गरीबी तथा बेरोजगारी और बढ़ेगी जिससे जनता का एक हिस्सा नशाखोरी व अवैध मानव व्यापार की ओर प्रवृत्त होगा।

दूसरा, सीपीईसी ने किसानों की उपजाऊ कृषि जमीन पर कब्जे का असाधारण अवसर दे दिया है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान मोटेतौर से एक ऐसा राज्य है जहां अधिकांश सरकारी मामलों में सेना को वरीयता मिलती है। सीपीईसी का लक्ष्य कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन व वितरण के सभी क्षेत्रों पर कब्जा करना है जिनमें बीज व उर्वरक उत्पादन, भंडारण व परिवहन शामिल हैं। लेकिन इस परियोजना का क्रियान्वयन सेना की सीधी निगरानी में भूमि अधिग्रहणों के माध्यम से हो रहा है। ये अधिग्रहण बिना समुचित मुआवजे के हैं और कभी-कभी इनमें वैध स्वामी से अनुमति भी नहीं ली जाती है। कब्जा की गई जमीन के 'भूमि अधिकार' चीनी उद्यमों को दे दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में, कृषि परियोजनायें चीन के निजी उद्यम बन जाती हैं जो पाकिस्तानी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करती हैं। इसके साथ ही यदि पाकिस्तानी निजी उद्यमों के पास अपनी जमीन होती है तो उसका मालिक आमतौर से सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी या सशस्त्र बलों में प्रभाव रखने वाला व्यक्ति होता है। इसी कारण सेना लंबे समय से जमीनों पर कब्जा कर रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही पाकिस्तानी न्यायपालिका ने भी इस पर गौर किया है। अप्रैल, 2021 में लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद कासिम खान ने कहा था कि 'सेना संभवत: देश में जमीन पर कब्जा करने वाली सबसे बड़ी मशीन बन गई है, जबकि सेना की वर्दी सेवा के लिए होती है, राजा की तरह शासन करने के लिए नहीं।'

सीपीईसी अधिकरण ने एक मजबूत दीवाल बनाने का निर्णय किया है जिसमें केवल एक प्रवेश और निकास द्वार होगा ताकि लोगों के स्वर कुचल कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया मानवाधिकार मुद्दे न उजागर करे। शहर में चौबीसों घंटे एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उच्च तकनीकी उपकरणों से निगरानी की जाती है जो अत्यधिक निगरानी सुनिश्चित करते हैं। स्रोतों से संकेत मिलते हैं कि यह दीवाल 30 किलोमीटर लंबी तथा 10 फीट ऊंची है। पाकिस्तान ने सीपीईसी की रक्षा के लिए 34वीं लाइट इन्फैंट्री तैयार की है जिसे विशेष सुरक्षा डिवीजन-एसएसडी भी कहा जाता है। ऐसी किसी अन्य 'वाणिज्यिक महत्व' वाली परियोजना का उदाहरण नहीं मिलता है जहां एक सैनिक डिवीजन की आवश्यकता हो। इस घटनाक्रम से बलूचिस्तान व खासकर ग्वादर में जनता का सामाजिक अलगाव बढ़ा है जिससे निसंदेह संपूर्ण हिंसक टकराव पैदा होगा। इससे बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग भी तेज होगी।

सेना ने अर्थव्यवस्था की सहायता करने के नाम पर लगातार कृषि, शहरी आवासीय व वाणिज्यिक भूमि पर कब्जा किया है और इससे पाकिस्तान की खास राष्ट्रीय पहचान बनी है। नेशनल लाजिस्टिक सेल व फौजी फाउंडेशन जैसी विभिन्न सैनिक सब्सिडी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सिविलियन प्रतियोगिता को तेजी से कुचल दिया है। इनमें कार्गो परिवहन, रियल इस्टेट, उर्वरक, तेल व गैस, आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र पर सेना का प्रभुत्व होने को देखते हुए सीपीईसी केवल सैनिक अर्थव्यवस्था तथा भूमि पर कब्जे के लालच का एक उदाहरण है। आने वाले समय में किसानों का अपनी जमीन पर कोई विधिक अधिकार नहीं रह जाएगा तथा कोई संदेह नहीं कि परियोजना आगे बढ़ाने के नाम पर असली मालिक कौन होगा। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना अपने आप में एक देश तथा चीनी सेना के समान है। दूसरी ओर चीन में परियोजना के महत्व को देखते हुए इसे 'आंतरिक गलियारा' कहा जाता है। इस प्रकार यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आर्थिक परियोजना के बजाय सैनिक परियोजना है। पिछले साल पास अपराध कानून संशोधन, 2020 के अनुसार पाकिस्तान के सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाने या उनका अपमान करने या उसके सदस्यों का सम्मान गिराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। निश्चित रूप से हालिया घटनाक्रम के कारण पैदा अशांति से निपटने में इस कानून की भूमिका समझी जा सकती है। आमतौर से दुनिया भर में सैनिक वर्दी का बहुत सम्मान है और दुनिया की जनता अपने सैनिक बलों का सम्मान करती है। लेकिन अब पाकिस्तानी सेना की भूमिका तालिबान व अन्य चरमपंथी तत्वों को चीनी परियोजना से दूर रखने की है। पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।

2006 में 79 वर्षीय अकबर खान बुग्ती की हत्या के कारण सैनिक सरकार में बलूच जनता का अलगाव बहुत बढ़ गया था। एक अन्य बलूच नेता मुफ्ती हिदायतुल्ला की 2018 में हत्या से बलूचिस्तान में सैनिक अवस्थापना का इरादा स्पष्ट हो गया था। इस वर्ष के प्रारम्भ में पाकिस्तीन सेना के मेजर जनरल अयमान बिलाई ने बलूच आंदोलन को कुचलने में चीन की भूमिका स्वीकारी थी और यह भी कहा था कि चीन-पाक बलूचिस्तान में ईरानी गतिविधियों के खिलाफ हैं। सीपीईसी तथा आवास सोसाइटियों को पाकिस्तानी सेना को दिया जा रहा है। इसके पीछे इरादा बलूच स्वतंत्रता आंदोलन पर लगाम लगाने के लिए बलूचों के स्थान पर पाकिस्तानी पंजाबियों को लाना है। इस प्रकार जमीन पर कब्जा करने की यह घटना भू-राजनीतिक सवाल है। लेकिन हर साल सेना से सेवानिवृत्त होने वाले सैनिक अधिकारियों के नए समूहों को बसाने के लिए जमीन कहां से आएगी?

इस सवाल का जवाब वर्तमान अफ्गान पहेली में है। यदि अफ्गान गलियारे को सीपीईसी से जोड़ दिया जाता है तो अफ्गान जनता कहां जाएगी? ऐसा लगता है कि अफगान शरणार्थियों का संकट चीन-पाक के बजाय यूरोप और रूस की समस्या बनेगा। पहले 'मोहसिने बलूचिस्तान' के पुरस्कार से सम्मानित नए आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम की नियुक्ति अफगानिस्तान में 'जमीनों पर कब्जा करने' तथा बलूच व अफ्गान जनता के बढ़ते दमन का संकेत करता है। इस प्रकार क्षेत्र में भविष्य में और ज्यादा उथलपुथल होने की आशंका है।

# उग्रवादीकरण की तीसरी लहर से सावधान



**जयदीप सैकिया**
(लेखक संघर्ष विश्लेषक हैं)

वर्तमान समय में भारत में जिस कट्टरता को महसूस किया जा रहा है, उसका श्रेय पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे समूहों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश में हनबली स्कूल के बढ़ते अनुनय को दिया जा सकता है। हालांकि पीएफआई- जिसका शीर्ष नेतृत्व मुख्य रूप से केरल से है- इस आरोप से इनकार करता है कि संगठन का हनबली स्कूल (वहाबी और/या सलाफी का दूसरा नाम) के साथ कोई संबंध है, इस मामले का तथ्य यह है कि वे भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बना रहे हैं। इस्लाम का रूढ़िवादी तनाव चाहे कुछ भी हो।

हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम बांग्लादेश (एचआईबी) और इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश (आईओबी)- इस्लामी संगठन जो वर्तमान समय में फिर से उभरे हैं और बांग्लादेश के तालिबान के अधिग्रहण के बाद तेजी से सक्रिय हो रहे हैं-पीएफआई के करीबी सहयोगी हैं। एचआईबी और आईओबी बांग्लादेश के अंदर अल-कायदा और आईएस से जुड़े संगठनों जैसे जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के ओवर-ग्राउंड एक्टिविस्ट के रूप में काम कर रहे हैं। बांग्लादेश के आतंकवाद-रोधी और अंतरराष्ट्रीय अपराध तंत्र के अत्यधिक दबाव के आगे झुकते हुए, जेएमबी और एबीटी दोनों ने वर्तमान के लिए अपनी गतिविधि को कम कर दिया है, इसके बजाय एचआईबी और आईओबी के माध्यम से अपने सरोगेट को आगे बढ़ाया है। स्ट्रैटेजम सरल है। कार्यप्रणाली यह है कि जेएमबी और एबीटी गायब हो गए हैं कि स्थापना में आत्मसंतुष्टता की भावना पैदा करें। वास्तविकता यह है कि उन्होंने बांग्लादेश में 'ऑपरेशन कन्फ्यूजन' को सक्रिय किया है और साथ ही बांग्लादेश में इस्लामवाद को फिर से जीवंत किया है।

वास्तव में, इस्लामी खतरे की समय-सीमा काफी सरल है। लेखक अमेरिका के अर्बाना-शैंपेन में इलिनोइस विश्वविद्यालय में अपने उन्नत शोध की अवधि के दौरान एक बोधगम्य समयरेखा तैयार करने में सक्षम थे। अध्ययन ने इस्लामी कार्रवाई के तौर-तरीकों में एक 'लहर की प्रगति' का पता लगाया जो संयोग से समय के अंत तक कभी नहीं रुकेगी: 'इस्लाम में परिवर्तनकारी क्षण' कभी न खत्म होने वाला है। वास्तव में, जिस तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने आईएसआईएस को उस क्षेत्र से गैर-क्षेत्रीयकरण करने की मांग की है, जिस पर बाद में नव-खिलाफत को बनाए रखने के लिए कब्जा कर लिया था, यह पता चला है कि काफिरों के खिलाफ युद्ध अब न केवल होगा। एक निरंतर लेकिन कार्रवाई का एक त्वरित स्वरूप बनेगा। मुद्दा यह बनाया जा रहा है कि यद्यपि आईएसआईएस ने क्षेत्रीय हार का अनुभव किया है, लेकिन यह दुश्मन को अपने निरंतर छल से भ्रमित करने में सक्षम है, नुकसान को फायदे में बदल रहा है। इसलिए, एक स्पष्ट विश्लेषण उस सादगी को सामने लाएगा जिसके साथ इस्लामवादी अगले हमले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इसलिए, जबकि 1999 और 2005 के बीच बड़े पैमाने पर हिंसक आंदोलन और कट्टरता की प्रदर्शनी थी, जिसे लेखक पहली लहर के रूप में वर्णित करता है, दूसरी लहर जेएमबी जैसे समूहों द्वारा निष्ठा की शपथ या बया के साथ शुरू हुई थी। अबू बक्र-अल-बगदादी के नव-खिलाफत के गठन के मद्देनजर आईएस और एआईबी। क्षेत्रीय झटके ने दुनिया भर में लगातार लोन-वुल्फ हमलों को देखा, जिसमें ऑरलैंडो और नीस जैसे स्थान शामिल हैं और बांग्लादेश में इस्लामी कार्रवाई के पर्यवेक्षक 1 जुलाई, 2016 को ढाका में बंधक की स्थिति को याद करेंगे।



घटना के बाद के वर्षों में नया हथियारों के लिए आह्वान काफिर को जहां कहीं भी पाया गया, उसे नष्ट करना था क्योंकि अब एक निंदनीय मामला नहीं था। हालांकि, इस्लामवादियों के खिलाफ बांग्लादेश सुरक्षा बलों द्वारा अथक कार्रवाई ने कट्टरपंथियों को क्षण भर के लिए शांत कर दिया है और लड़ाई को अस्थायी रूप से एचआईबी और आईओबी के अच्छे कार्यालयों को सौंप दिया गया है जो ईशनिंदा कानून अधिनियम जैसे पहलुओं की मांग करके आंदोलन को जीवित रख रहे हैं। हालांकि, इराक और सीरिया में जिन क्षेत्रों पर उसने कब्जा कर लिया था, वहां से आईएसआईएस के लगभग कुल क्षेत्रीय निष्कासन के साथ, रणनीति एक समुद्री परिवर्तन देखने वाली है।

अल-कायदा और आईएसआईएस, जो पहले से ही भारत के अंदर है, से प्रेरित, इसके सहयोगी (पीएफआई सहित) कट्टरपंथ के द्वार खोल देंगे और एक ऐसा रूप धारण करेंगे जो अब तक सबसे अधिक खतरनाक होगा। यह एक संयोजन होगा ) सामूहिक भर्ती ) कृत्यों, कानूनों और मंत्रालय के खिलाफ विरोध, जिसे कट्टरपंथियों का एक संयुक्त समूह गैर-इस्लामी मानता है - जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के बीच बाड़-बैठने वालों और नरमपंथियों को अपनी तह में लाया जाता है और ) ढीले परिष्कृत होने दें हिंसा के ऐसे रूप जिनकी अधिकांश एजेंसियां कल्पना भी नहीं कर सकती हैं। शकीरा की यादें, आईएसआईएस के कट्टर समर्थक, नियो-जेएमबी कैडर के कट्टर समर्थक राशेदुर रहमान सुमन की पत्नी ने 26 दिसंबर, 2016 को अपने बच्चे को गोद में लेकर खुद को उड़ा लिया था, यह इस बात का पर्याप्त सबूत होना चाहिए कि किस तरह से एपिंग-व्यायाम किया जाता है। भारतीय समकक्षों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेखक कट्टरपंथीकरण की तीसरी लहर की सुबह के रूप में प्रस्तुत करता है।

## आप की बात

### गरीबी एक अभिशाप

**आजादी** के बाद से ही देश में गरीबी मिटाने की बातें होती रही हैं लेकिन गरीबी है कि मिटती नहीं। अब जब नीति आयोग ने पहली बार राज्यों के लिए गरीबी सूचकांक की लिस्ट जारी की है यानी गरीबी के मामले में राज्यों को रैंकिंग दी है। बिहार, झारखंड, यूपी मप्र जैसे राज्य फिसड्डी साबित हुए हैं। लेकिन सच्चाई कबूल करने और सुधार की कोशिश के बजाय सियासत होने लगी है। कोई ठीकरा फोड़ने के लिए दूसरे का सिर तलाश रहा है तो कोई रैंकिंग पर ही सवाल खड़े कर रहा है।रिपोर्ट बताती है कि देश में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग अगर कहीं हैं तो बिहार में। उसके बाद झारखंड, एमपी, यूपी और छत्तीसगढ़ का नंबर आता है। गर्भवती महिलाओं की खराब सेहत के मामले में भी बिहार ही टॉप पर। अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं तो वह बिहार है। सरकार चाहे कितनी ही विकास के दावे करें सच्चाई खुलकर बाहर आ ही जाती है !अरबों खरबों रुपए ,सस्ता अनाज और तरह-तरह कि मुफ्त सुविधाओं के बावजूद गरीबी का जब यह आलम है तो फिर वह कौन सा जादुई चिराग है जो देश को गरीबी के इस दलदल से निकालेगा? यह लिस्ट चाहे शत प्रतिशत सत्य हो मगर इसके लिए अकेले सरकारी जिम्मेदार नहीं हैं!

- **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### ओमीक्रान ने बढ़ाई चिंता

**कोरोना** के नए उत्परिवर्तित रूप ओमिक्रान ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। यह देखते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सतर्कता का आदेश दिया है। जल्द से जल्द देश के सभी राज्यों को नए प्रतिबंध जारी करने चाहिए। भीड़ ज्यादा कहा होती है और उसका कारण क्या है ? यह हमें अच्छी तरह से पता चल चुका है। प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अगर शादी में भीड़ अधिक है, तो तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। ओमिक्रान ने भारत के बाहर कुछ देशों की चिंता बढ़ा दी है। तो आप अब से भारत में उसका नाम लेकर क्यों चिल्ला रहे हैं? यह सवाल कुछ कथित बुद्धिमानों का है। जहां प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर वित्तीय दंड लगाने का प्रावधान है, वहीं अन्य प्रावधान भी होने चाहिए। उदा. मास्क का ठीक से उपयोग न करने और दो टिके लिए बिना यात्रा करने के लिए दंड के साथ उनकी यात्रा पर कुछ दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। इसका मतलब है कहीं न कहीं नियमों का सख्ती से पालन जारी रहेगा और लोगों को अनुशासन की आवश्यकता का महत्व ध्यान में आएगा। अन्यथा लोग जुर्माना भरेंगे और वही गलती फिर कभी की जाएगी। मास्क का उपयोग, टीकाकरण और कोरोना नियमों का पालन आवश्यक है।

- **जयेश राणे,** मुंबई

### मिड डे मील की मात्रा

**कहा** गया था की 12 करोड़ बच्चों को स्कूल में खाना दिया जाएगा। 70 वर्ष के कांग्रेस शासन एवं 7 वर्ष भाजपा के शासन में मीड डे मील में बच्चों को सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन स्वरूप दिया जाता है। इसमें हर साल 16 हजार करोड़ का खर्च इस पर आता है। परंतु आज भी हमारे देश के बच्चों की सही देखभाल सरकार नहीं कर पा रही है आखिर क्या कारण है। आखिर सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन से क्या बच्चों की सेहत सुधर सकती है कभी नहीं ।फिर यह भी विचारणीय है कि सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन भी क्या बच्चों तक सीधे-सीधे पहुंच रहा है। क्योंकि जब अन्य मामलों में कागजी खानापूर्ति के उदाहरण देखे जाते हैं तो क्या यहां भी ऐसा नहीं होता होगा हम तो कहते हैं कि यहां भी अवश्य ही होता होगा। आज देश में कुपोषित बच्चों की जो संख्या बढ़ रही है उसमें कई कारणों में एक कारण यह भी हो सकता है। आंगनवाड़ी सहित जहां-जहां बच्चों को सरकार भोजन कराती है वहां भोजन सही मात्रा एवं सही रूप में पहुंचना बेहद आवश्यक है। यह बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

- **प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**नए** कोविड संस्करण में कुछ ऐसे उत्परिवर्तन हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की संभावित चोरी के संबंध में चिंता पैदा कर रहे हैं।

- **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक



**तृणमूल** कांग्रेस के पास त्रिपुरा में खाता खोलने का मौका ही नहीं था, उन्होंने सिर्फ शोर मचाया।

- **दिलीप घोष**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा

# जल्द चालू होगी प्लाज्मा अलग करने की मशीन

## विधायक सर्राफ ने सरकारी अस्पताल के निरीक्षण में दिया भरोसा

### अस्पताल प्रशासन ने बताया, चिकित्सकों के 88 फीसदी पद हैं रिक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**भिवानी** के भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ ने सामान्य अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था जांची। वार्डों के निरीक्षण के दौरान महिला मरीजों से पूछा कि बीमारी का इलाज ठीक से हो रहा है, कोई परेशानी हो तो बताओ। विधायक सर्राफ ने अस्पताल की व्यवस्था पर संतोष जताया और जिस वार्ड में वे गए, उन्होंने उसी वार्ड में मरीजों को फल वितरित किए।

साथ ही उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को पूरा करवाने तथा अस्पताल रखी प्लाज्मा तैयार करने की मशीन को शीघ्र चालू करवाए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान अस्पताल की पूरी टीम उनके साथ रही। अस्पताल प्रशासन की तरफ से चिकित्सकों की कमी की बात उठाई गई।

अस्पताल प्रशासन की तरफ से बताया गया कि 88 प्रतिशत चिकित्सकों के पद रिक्त है। फील्ड में 55 फीसदी चिकित्सकों की कमी है। उनके पद रिक्त बताए गए। साथ ही अस्पताल में रखी प्लाज्मा सेपरेट करने की मशीन शीघ्र चालू करवाए जाने की मांग की गई। जिस पर विधायक सर्राफ ने तत्काल इन मांगों पर संबंधित विभाग के मंत्री व सीएम से बातचीत करके हल करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

## बर्बाद फसलों का मुआवजा दे सरकार: जोगेन्द्र तालु

**भिवानी।** एक तरफ जहां सरकार किसानों को मारने पर तुली हुई है तो वहीं इस बारे बेमौसमी बारिश व बीमारी ने किसानों पर दोहरी मार मारने का काम किया है, जिससे किसान अब पूरी तरह से बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं।

इस बर्बादी की मार से बाहर निकलने के लिए किसानों ने सरकार से मुआवजा राशि देकर किसानों को थोड़ी राहत देने की मांग की है। किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि बेमौसमी बारिश व गुलाबी सुंडी ने किसानों की फसल पूर्ण रूप से बर्बाद कर दी है। जिसके चलते किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि किसानों की बर्बाद फसलों का जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए, ताकि किसान समय पर बिजाई कर सकें। साथ ही तालु ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों को बर्बाद फसलों का उचित मुआवजा नहीं मिला तो मजबूरन किसानों को संघर्ष की राह अपनानी पड़ेगी।



बावल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मंत्री डॉ. बनवारीलाल।

## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदम में अहम है अंत्योदय योजना

### बावल में विभागों की स्टॉल का अवलोकन कर मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**सहकारिता** मंत्री डॉ. बनवारीलाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदम में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना अहम है। इस योजना के प्रभारी रूप से क्रिन्यावयन के लिए प्रदेश भर में अंत्योदय मेलों का आयोजन कर लाभपात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से सीधा लाभान्वित किया जा रहा है।

वह सोमवार को नगर पालिका बावल परिसर में आजादी महोत्सव की श्रंखला में इस योजना के तहत आयोजित दो दिवसीय अंत्योदय मेले के शुभारंभ पर बोल रहे थे। डॉ. बनवारीलाल ने मेले में लगी विभिन्न विभागों को दर्शाती स्टॉल का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को विभागीय स्तर पर प्रदत्त सेवाओं को तत्परता से सरल तरीके से योजना का लाभ पात्र व्यिात तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना के माध्यम से लघु व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं। इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में गरीब परिवारों के जीवन स्तर पर ऊंचा उठाने के लिए अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदीप गर्ग ने कबड्डी खिलाड़ियों को वितरित की खेल किट



खिलाड़ियों को किटें वितरित करते संदीप गर्ग लाडवा

**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी संदीप गर्ग ने बाबैन के मंगौली जाटान स्थित एससीआर हाई स्कूल के कबड्डी खिलाड़ियों को खेल किट वितरित कीं। संदीप गर्ग ने कहा कि यह हमारे देश व समाज के लिए एक बढ़िया संदेश है कि अब ग्रामीण आंचल से भी खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि लड़कियों की रूचि भी खेलों के प्रति बढ़ी है। संदीप गर्ग ने कबड्डी खिलाड़ियों को शाहाबाद की बेटी रानी रामपाल, नवजोत कौर व नवनीत कौर के उदाहरण देते कहा कि यह वे खिलाड़ी हैं। जिन्होंने आर्थिक कमजोरी व साधनों की कमी के बाद खेल के क्षेत्र में नया इतिहास लिखने का काम किया है। संदीप गर्ग ने आश्वासन दिया कि खिलाड़ी अपने अभ्यास पर लग्न की तरह काम करे और वह किसी तरह के साधनों की कमी नहीं आने देंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षक कविता चौधरी, राजकुमार गर्ग, डा. आरएस घुम्मन, प्रितपाल सिंह ढिल्लो सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सीजेएम हिमांशु सिंह ने किया जेल निरीक्षण



**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम हिमांशु सिंह ने जिला कारागार का दौरा किया। इस दौरान सीजेएम ने जेल बंदियों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान महिला जेल बंदियों को प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बचाव के लिए सोशल दूरी बनाए रखें, बार-बार साबुन से हाथों को धोए, सैनीटाइजर का प्रयोग करें, मुंह पर मास्क का प्रयोग करें, मास्क का प्रयोग ठीक ढंग से करें और औपचारिकता ना करें। कोविड महामारी से अनाथ हुए बच्चों के (होप) संघर्ष से उत्कर्ष तक हम एक साथ हैं। यह अभियान उन बच्चों के देखे गए दर्द और पीड़ा का परिणाम है, जिन्होंने बीमारी से लड़ते हुए अपने माता-पिता या माता-पिता में से किसी एक को कोविड महामारी के दौरान खो दिया है। ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सीजेएम सिंह ने आजादी अमृत महोत्सव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### शिविर में मतदाता कार्ड बनवाने के लिए किया प्रेरित



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में मतदाता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. योगेश्वर जोशी ने विद्यार्थियों को मतदान के बारे में जानकारी दी। कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए मतदान करना बहुत ही आवश्यक है। जिसके लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाता कार्ड का होना आवश्यक है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र ने बताया कि कॉलेज में इस शिविर का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु पहली जनवरी 2022 तक 18 वर्ष या इससे अधिक हो जाएगी। जिनका मतदाता कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे विद्यार्थी अपना मतदाता कार्ड बनवा सकते हैं। मतदान लोकप्रिय सरकार के चयन के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की सफलता तथा लोकप्रिय सरकार के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए और मतदान के महापर्व में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. नन्द किशोर, प्रो. दिलबाग सिंह, सतपाल बस पास इन्चार्ज आदि भी मौजूद रहे।

### वॉकेथोन मैराथन का शुभारंभ करेंगे डीसी : सुभाष चंद्र

**करनाल।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव देशभर में बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य औषधि विभाग हरियाणा द्वारा करनाल के सेक्टर-13 में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. डीसी निशांत यादव शिरकत करेंगे। डीसी निशांत यादव स्वस्थ करनाल के तहत वॉकेथोन मैराथन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। ये जानकारी देते हुए खाद्य औषधि विभाग के पदाभिहित अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव का शुभारंभ तीन दिसम्बर को सेक्टर-13 में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीसी निशांत यादव शिरकत करेंगे। साथ ही वे स्वस्थ करनाल के तहत वॉकेथोन मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मैराथन का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे होंगी।

# रघुजीत सिंह विर्क बने एसजीपीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लोगों ने जताया हर्ष

## शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर के चुनाव में मिली जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



लड्डू बांट कर खुशी का इजहार करते एसजीपीसी कर्मचारी

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर के चुनाव में जत्थेदार रघुजीत सिंह विर्क के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों और हरियाणा के एसजीपीसी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र में कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए लड्डू बांटे।

सिख मिशन हरियाणा के सहायक प्रभारी जसबीर सिंह लौगोंवाल और एसजीपीसी सब आफिस कुरुक्षेत्र के सुपरवाइजर सुखदेव सिंह, इंटर्नल एडिटर बेअंत सिंह व सब आफिस लीगल सहायक राजपाल सिंह दुनिया माजरा ने कर्मचारियों में लड्डू बांटते हुए खुशी का इजहार किया। जसबीर सिंह लौगोंवाल व सुपरवाइजर सुखदेव सिंह ने एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी एडवोकेट का आभार जताते हुए कहा कि पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहते हुए जत्थेदार रघुजीत सिंह विर्क ने धर्म प्रचार के साथ-साथ सिख पंथ के हित में सराहनीय कदम उठाए थे।

उनके कार्यकाल में हरियाणा प्रदेश में निरंतर धार्मिक गतिविधियां तेज रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में भी सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के माध्यम से धर्म प्रचार के लिए सराहनीय कार्य किए जाएंगे। इस दौरान सब आफिस लीगल सहायक राजपाल सिंह दुनियामाजरा, गुरपेज सिंह, इंदरपाल सिंह, जसबीर सिंह, सर्वजीत सिंह, मलकीत सिंह, शेर सिंह, जगजीत सिंह बाजवा, मालिक सिंह, प्रभजोत सिंह, बूटा सिंह, हरकीरत सिंह, भूपिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, मलकीत सिंह, रघुबीर सिंह व लखविंदर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



## भाजपा करवा रही है विकास कार्य: विरेन्द्र कौशिक

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी।

**भाजपा** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र कौशिक ने आज वार्ड नम्बर-17 उत्तम नगर मे नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के हर हिस्से में विकास कार्य हो रहे हैं और हमारा शहर भिवानी भी उसी दिशा मे आगे बढ रहा है। यहां भी विकास कार्यों में प्रशासन तेजी ला रहा है।

महिला मोर्चे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा कौशिक ने कहा कि हरियाणा मे भाजपा गरीब परिवार के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं चला रही हैं। सरकार नई योजना भी लेकर आ रही है। परिवार अंत्योदय उत्थान योजना की जल्दी ही घोषणा होने जा रही है। मुख्यमन्त्री मनोहर लाल ने हरियाणा मे पारदर्शी सरकार चलाकर के ये साबित कर दिया है कि जब इच्छा शक्ति मजबूत होती है तो सब कुछ संभव है।

उन्होंने कहा की सरकार की कमियां निकालने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरा जोर लगा दिया लेकिन उन्हें कुछ भी हासिल नहीं हुआ। उनके पास आज कोई मुद्दा नहीं है। हमारे पास गिनाने के लिए काफी उपलब्धियां है। पुष्पा कौशिक ने कहा कि आने वाले नगर परिषद व नगर पालिका चुनाव में भी जनता भाजपा को जीताकर हमारी नीतियों पर मोहर लगा देगी।

## भाजपाइयों ने त्रिपुरा में स्थानीय निकाय चुनाव जीत का मनाया जश्न

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यालय में त्रिपुरा में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत मिलने पर लड्डू बांटकर जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले असम उपचुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया था।

अब त्रिपुरा के स्थानीय निकाय के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत यह दर्शाती है कि जनता की पहली पसंद देश में भाजपा ही है। उन्होंने कहा जनता भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यो को पसंद करती है। लोगों को भाजपा का विकास मॉडल पसंद है। जनता ने मोदी जी की नीतियों पर मोहर लगाई है। विपक्षी दलों द्वारा किए जा रहे नकारात्मक प्रचार को जनता ने सिरे से नकार दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा भारत में सूर्य की किरण सबसे पहले त्रिपुरा में पढ़ती है। त्रिपुरा में जनता ने जो भगवा लालिमा बिखेरी है वह अब पूरे भारत में फैलने वाली है। त्रिपुरा में भाजपा की एकतरफा जीत ने विरोधियों की बोलती बंद कर दी है।

# नीरज बवाना गैंग के तीन सदस्य अवैध हथियारों सहित किए गिरफ्तार

### तलाशी में आरोपियों से दो अवैध पिस्तौल दो मैगजीन और 66 जिंदा कारतूस मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**जिला** पुलिस करनाल की स्पेशल स्टाफ असंध टीम द्वारा तीन आरोपियों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया गया है।

28 नवंबर की शाम के समय एसआई रामफल इंचार्ज सीआईए असंध के नेतृत्व में कार्यरत टीम व एएसआई सतीश कुमार की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम के लिए महाराणा प्रताप चौक गोली टी-प्वाइंट सालवन पर मौजूद थी। उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि एक काले रंग की गाड़ी स्कोर्पियो गांव बल्ला की तरफ से असंध की जाएगी। जिसमें अरविन्द्र पुत्र नरेन्द्र सिंह, अमित पुत्र कर्मबीर सिंह व अमन कुमार पुत्र रणधीर सिंह सवार है और उनके पास भारी मात्रा में अवैध हथियार हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा महाराणा प्रताप चौक पर नाकाबंदी शुरू की दौराने नाकाबंदी कुछ ही समय बाद एक काले रंग की गाड़ी स्कार्पियो गांव बल्ला की तरफ से आती हुई दिखाई दी। गाड़ी को रुकवाकर उसके बैठे लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम अमित वासी नाहरी जिला सोनीपत, अरविन्द वासी मॉडल टाउन पानीपत, अमन कुमार वासी गांव रामरा जिला जींद बतलाया।

जिनकी तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से गाड़ी में से दो अवैध पिस्तौल, दो मैगजीन व 66 जिंदा कारतूस बरामद किये गये। आरोपियों की गाड़ी स्कार्पियों को भी पुलिस टीम द्वारा कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगामी तफ्तीश एएसआई अशोक कुमार सीआईए असंध को सौंपी गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना के गैंग के सदस्य हैं। इन अवैध हथियारों व कारतूसों को उत्तर प्रदेश के एक शहर से खरीदकर लाये थे। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अरविन्द के खिलाफ पहले भी वर्ष 2015 में स्पेशल सैल दिल्ली में एक मामला शस्त्र अधिनियम व वर्ष 2019 में एक मामला थाना कंजावला दिल्ली में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज रजिस्टर है।

# पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाई...

## आरोपी पत्नी ने ही प्रेम प्रसंग के चलते बेरहमी से की थी पति की हत्या

### पुलिस ने पत्नी सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**पुलिस** की सीआईए-2 ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल करते हुए मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पेश अदालत करके पुलिस रिमाण्ड पर लिया जायेगा। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जायेगी। वारदात में प्रयोग गाड़ी व हथियार आदि को बरामद किया जायेगा। अन्य संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**अम्बाला से किया आरोपियों को गिरफ्तार**

सीआईए की गठित टीमों के निरीक्षक मोहनलाल के नेतृत्व में कार्यरत सीआईए टू की टीम व सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार सीआईए टू की अध्यक्षता में टीम द्वारा हत्या की वारदात को सुलझाने और असल आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिये गहनता से व प्रत्येक एंगल से जांच की गई। दौराने तफ्तीश टीम को 28 नवम्बर को कामयाबी हासिल हुई। टीम द्वारा मृतक अमनदीप सिंह इन की पत्नी रविन्द्र कौर उर्फ रिम्पी वासी नील नगर निलोखेडी जिला करनाल, हर्षपाल उर्फ सन्नी वासी बलदेव नगर जिला अंबाला, कुणाल वासी बलदेव नगर जिला अंबाला को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर अंबाला से गिरफ्तार किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### हथौड़े व चाकू से गले पर वार कर की हत्या

**प्रारम्भिक** जांच में खुलासा हुआ कि वारदात वाली रात आरोपी हर्षदीप ने एक कार में सवार होकर अपने साथी कुणाल व एक अन्य साथी के साथ अमनदीप को वारदात वाली जगह पर बुलाया। सिर पर हथौड़ा व गले पर चाकू से वार करके उसकी हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अमनदीप का मोबाइल फोन व बैग भी अपने साथ ले गये थे।

### शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी थी शिकायत

**शिकायतकर्ता** गुरदीप सिंह नील नगर नीलोखेडी करनाल ने 25 नवम्बर को थाना तरावड़ी में शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि उसका बेटा अमनदीप सिंह गांव उचानी स्थित जी-लेबोरेट्री दवाई की कम्पनी में काम करता है। वह कम्पनी में से काम खत्म करके 24 नवम्बर की शाम को घर के लिये चला था। 25 नवम्बर की सुबह तक भी घर नहीं पहुंचा। 25 नवम्बर की सुबह नीलोखेडी जीटी रोड पर गुरद्वारे के पास उसकी मोटरसाईकिल खड़ी पाई गई। उस मोटरसाईकिल के पास अमनदीप सिंह का शव भी मिला था। शव को देखने पर प्रतीत हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोट मारकर उसकी हत्या की थी।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत,
निराशा है शत्रु यहां, आशा है बस मीत,
जब हकीकत देख देख कर मन झुलसा जाए,
तब तुमको देगा सहारा सपनों का संगीत।

# दक्षिण की विरासत मैक्स हेयर स्टूडियो अब नोएडा में

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**मैक्स** हेयर क्लीनिक ने 26 नवंबर, 2021 को नोएडा में अपना पहला क्लीनिक खोला। मैक्स हेयर क्लीनिक हाई क्वालिटी सर्विसेज एंड ट्रीटमेंट करने के लिए जाना जाता है। बालों के बारे में आपको जो कुछ भी जानने की जरूरत है। वह बस एक कदम दूर है। कस्टमर एडवांस ट्रीटमेंट प्राप्त कर सकते हैं। जिन्हें यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया है। हेयर ट्रांसप्लांट, हेयर रिप्लेसमेंट, मैक्स ऑक्सीजन लेजर थेरेपी, सीसी प्लेटलेट रिच प्लाज्मा प्लस, मैक्स इंस्टेंट हेयर, मेडिकल हेयर सिस्टम और अन्य हेयर थैरेपी मैक्स हेयर क्लीनिक में सभी आयु वर्ग के पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं।

क्लीनिक लागत के मामले में सस्ता और संतुष्टिदायक दोनों है। ग्राहकों को सकारात्मक परिणाम मिले हैं और उनके बालों की समस्याओं से तेजी से रिकवरी हुई है। मैक्स हेयर क्लीनिक के विशेषज्ञ और लाइसेंस प्राप्त पेशेवर दर्द रहित उपचार का आश्वासन देते हैं। ग्राहक को मैक्स हेयर क्लीनिक में यूएसए एफडीए-अनुमोदित क्लीनिकल और नॉन-क्लीनिकल ट्रीटमेंट मिलते हैं। जब अपने प्रतिस्पर्धियों से तुलना की जाती है, तो मैक्स हेयर क्लीनिक के कर्मचारी उल्लेखनीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवाएं प्रदान करते हैं। मैक्स हेयर क्लीनिक की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बॉलीवुड, टॉलीवुड और कॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियां इसकी तारीफ करती हैं।

नोएडा मार्केट में प्रवेश करने के बारे में बात करते हुए मैक्स हेयर स्टूडियो के सीईओ सरन वेल ने बताया कि कैसे उत्तर के ग्राहक इलाज के लिए दक्षिण केंद्रों का दौरा करते थे। हमें स्पष्ट रूप से उत्तर भारत और विशेष रूप से दिल्ली/एनसीआर में केंद्र बनाने का अनुरोध किया गया था। मैक्स हेयर स्टूडियो की दक्षिण में विरासत है और हम यहां भी एक जगह बनाने की योजना बना रहे हैं।

# रेनो क्विड ने 4,00,000 वाहनों की बिक्री की उपलब्धि हासिल की

### रेवाड़ी में माइलेज रैली के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**कुछ** दिन पहले ही रेनो क्विड ने भारत में 4 लाख वाहनों की बिक्री के अभूतपूर्व आंकड़े को पार कर लिया है। जो भारत में छोटी कारों के सेगमेंट में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला वाहन साबित हुआ है। रेनो ने रेवाड़ी में एक विशेष कार्यक्रम रेनो क्विड माइलेज रैली के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

इस रैली को रेनो रेवाड़ी डीलरशिप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसके तहत कुल 51 किलोमीटर की दूरी तय की गई।अधिकतम माइलेज प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई इस रैली ने मौजूदा ग्राहकों को रेवाड़ी में अपनी क्विड ड्राइव करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

ग्राहकों ने जबरदस्त उत्साह के साथ इस रैली का स्वागत किया, जिसमें 20 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया। पूरे हर्ष और उल्लास के साथ अपने वाहनों को चलाने का आनंद लिया। शीर्ष 5 प्रतिभागियों ने 33.12 केएमपीएल का सर्वोत्तम माइलेज हासिल किया। इस तरह, क्विड ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बेहतरीन डिजाइन और इनोवेशन के साथ यह शानदार माइलेज देती है, और इसी वजह से इसकी उपयोगिता बेमिसाल। रेनो क्विड को खास तौर पर भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और विकसित किया गया है। जो गुणवत्ता एवं प्रदर्शन के संदर्भ में विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप है। यह वाहन मेक इन इंडिया कार्यक्रम की अवधारणा का दृढ़ता से अनुसरण करता है, जो भारतीय विशेषज्ञता और कौशल की मदद से देश और दुनिया के लिए विश्व स्तरीय उत्पादों के निर्माण के लिए शुरू की गई मुहिम है। रेनो क्विड 0.8 ली और 1.0 ली एससीई पावरट्रेन, दोनों श्रेणियों में मैनुअल और एएमटी विकल्पों के साथ आरएक्सई, आरएक्सएल, आरएक्सटी और क्लाइंबर वेरिएंट सहित 9 ट्रिम्स में उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से होगा गरीबों का उत्थान

### योजना में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वालों को मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। कैथल


मंच पर बैठे विधायक लीला राम और डीसी प्रदीप दहिया।

**विधायक** लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार द्वारा हर वर्ग को ध्यान में रखकर लाभप्रद योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। अब गरीब व्यक्तियों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की गई है। जिसके माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इस योजना के तहत सबसे पहले उन गरीब व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है, जिनकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है।

विधायक लीला राम सोमवार को पंचायत भवन स्थित बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित जिले के पहले अंत्योदय ग्राम उत्थान मेले में शिरकत करने के दौरान बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार जनहितैषी योजनाएं निरंतर क्रियान्वित कर रही है। योजनाओं के दृष्टिगत संबंधित लाभार्थियों को लाभान्वित करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इसी ध्येय को लेकर जनहित की कल्याणकारी योजनाएं और परियोजनाएं कार्य रूप में परिणत की जा रही है। योजनाओं की सफलता के लिए आमजन का सहयोग अति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों ने अपनी फैमिली आईडी यानि परिवार पहचान पत्र बनवाया है और उसमें आय एक लाख 80 हजार रुपये तक दर्शायी गई है। उन परिवारों को चयनित किया गया है और जिला में लगभग 10 हजार परिवारों का अब तक चयनित किया गया है, जबकि अकेले खंड कैथल में चयनित लाभार्थियों की संख्या करीब 1300 है, जो अब अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों के माध्यम से विभिन्न स्कीमों का लाभ प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रही है और गरीब परिवारों का उत्थान करना हमारी प्राथमिकता है। चयनित व्यक्ति इन मेलों के माध्यम से जरूर लाभ उठाएं। युवाओं को ट्रेनिंग के साथ-साथ लोन दिया जाएगा, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। विधायक लीला राम तथा उपायुक्त प्रदीप दहिया ने सभी स्टॉलों पर जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया।

उपायुक्त प्रदीप दहिया ने विधायक लीला राम का कार्यक्रम में शिरकत करने पर स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा चलाई गई महत्वकांक्षी अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की गई है। जिसका लक्ष्य गरीब व्यक्तियों का उत्थान करना है और प्रथम चरण में लगभग 1690 परिवार चयनित किए गए थे और अब दूसरे चरण में 9 हजार 955 परिवार को चयनित किया गया है। इन सभी परिवारों को ग्राम उत्थान मेलों में आमंत्रित किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत आज कैथल खंड से हो चुकी है। इन सभी परिवारों की आय में वृद्धि करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इनको प्राथमिकता के आधार पर 19 विभाग 57 स्कीमों के माध्यम से स्वरोजगार व अपना व्यापार शुरू करने के लिए मछली पालन, बकरी पालन, भैंस पालन व अन्य योजनाओं के साथ जोड़कर लाभ प्रदान किया जाएगा। इन मेलों के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

## अब हुड्डा मेवात में 26 दिसंबर को करेंगे, विपक्ष आपके समक्ष रैली

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



### 12 दिसंबर को कांग्रेस की दिल्ली रैली के लिए बदला कार्यक्रम

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 12 दिसंबर की दिल्ली रैली के चलते 11 को नूंह में होने वाले विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। अब नूंह में 26 दिसंबर को विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम होगा। हुड्डा ने कहा कि इस कार्यक्रम के करनाल और जींद में सफल आयोजन हो चुके हैं। बड़ी तादाद में लोग अपनी समस्याएं लेकर विपक्ष के समक्ष पहुंच रहे हैं। इन तमाम मुद्दों और समस्याओं को पार्टी की तरफ से विधानसभा में उठाया जाएगा।

हुड्डा ने सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एचपीएससी और एचएसएससी में भ्रष्टाचार चरम पर है। बावजूद इसके सरकार उच्च स्तर पर बैठे लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। सरकार के मेरिट और पारदर्शिता वाले दावे की पोल खुल चुकी है। दोनों ही चीजें नोटों में बिक रही हैं। एचपीएससी घोटाले में 23 नवंबर को कोर्ट की टिप्पणी से भी स्पष्ट है कि सरकार सही तरीके से पूरे मामले की जांच नहीं कर रही है। इसलिए आयोग के चेयरमैन को बर्खास्त कर हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। अगर इस घोटाले में सरकार की भागीदारी नहीं है तो उसे जांच से संकोच नहीं करना चाहिए। हुड्डा ने कहा कि असली मुद्दे से भटकाने और अपने घोटालों को दबाने के लिए मौजूदा सरकार पूर्ववर्ती सरकार पर बेतुके आरोप लगा रही है। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान किसी भर्ती पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। सिर्फ तकनीकी आधार पर कुछ भर्तियों को रद्द किया गया। तीन कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने दोहराया कि यह देर से लिया गया दुरुस्त फैसला है। अब सरकार को किसानों के बाकी मुद्दों पर भी बात करनी चाहिए और कृषि को लाभकारी बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने के लिए मुख्यमंत्रियों की वर्किंग कमिटी का अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने कई सिफारिशें की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्थाएं सामाजिक सेवा क्षेत्र में कर रहीं सराहनीय कार्य


रक्तदाता का हौंसला बढ़ाते नगर निगम मेयर निखिल मदान।

**सोनीपत।** नेशनल सोशल आर्गेनाईजेशन की सोनीपत इकाई व गुरु गोरखनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मेयर निखिल मदान पहुंचे। शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि निखिल मदान ने कहा कि एनएसओ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। मेयर ने संस्था की टीम को बधाई देते हुए कहा कि इन युवाओं का रक्तदान के प्रति जोश देखकर उन्हें बड़ी खुशी हुई है। मेयर ने कहा कि रक्त की कमी को देखते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना बहुत जरूरी है। रक्तदान शिविर से लोगों में जागरूकता पैदा होती है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि शहर की संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर एक अच्छा संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। इस अवसर पर जयवीर कुंडू, सतीश नैन, पंकज शर्मा, जितेंद्र तोमर, कुलदीप गुज्जर, नरेश दहिया, सुनील दहिया, केशव छिक्कारा, आर्यन भनवाला, हर्ष मलिक, सुभाष गुलिया आदि मौजूद रहे।

### सर्दी में अतिरिक्त सावधानी बरतें वाहन चालक



**सोनीपत।** सर्दी व कोहरे को मध्येनजर रखते हुए सुबह और रात को कोहरे के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने और यातायात के नियमों पर पूरी तरह से पालन करने के लिये वाहन चालकों को हिदायत दी है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि वाहन चालक सुरक्षित सफर कर सके और किसी सड़क दुर्घटना की पुनरावृति ना हो कोहरे के दौरान सड़क हादसों को लेकर पूरी तरह सावधान बरतें। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के चलते अक्षर सड़क हादसे हो जाते है। अगर वाहन चालक थोड़ी सी सावधानी बरते तो कोहरे से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से आम जनमानस को बचाया जा सकता है। घने कोहरे में सड़क पर अपना वाहन लेन में चलाये आगे वाले वाहन से उचित दूरी बनाकर रखें। वाहन की हैड लाइट को हाईबीम पर ना रखकर लोबीम पर गाड़ी चलाये। इंडीकेटर का प्रयोग करें, वाहन को तेज गति से ना चलाएं, गलत ढंग से ओवरटेक ना करें। अपने वाहन को सड़क पर पार्क ना करें। सीट बैल्ट लगाकर गाड़ी चलाएं, शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं, चलती गाड़ी में मोबाईल फोन का प्रयोग ना करें। यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित अपनी मंजिल पर पहुंचे।

### सभी जिलों में होगा पशु किसान क्रेडिट कैंप का आयोजन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पशुपालन विभाग की ओर से किसानों को पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ देने के लिए सभी जिलों में पशु किसान क्रेडिट कैंप आयोजित किए जाएंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से सभी जिलों में प्रत्येक पशु अस्पताल में पशु किसान क्रेडिट कैंप आयोजित किए जा रहे हैं उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे अपने नजदीकी पशु स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर पशु किसान क्रेडिट योजना का लाभ उठाएं तथा अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं बारे जानकारी दें। उन्होंने बताया कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए बैंक प्राफार्मा अनुसार आवेदन फार्म, केवाईसी पहचान के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी आदि, हाइपोथैकेशन करार व आवश्यक अन्य दस्तावेज साथ लाने होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत गाय, भैंस, भेड़-बकरी और मुर्गी पालन के लिए अधिकतम तीन लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पहले यह राशि किश्तों में दी जाती थी जबकि अब यह राशि एकमुश्त दी जाएगी।

# दो गुटों में हुए झगड़े में लाठी-डंडों के साथ चलीं गोलियां

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**तोशाम** में आज बाबा मुंगीपा गोशाला के नजदीक गांव बागनवाला तथा ढाणी रिवासा निवासी युवकों के दो गुटों में आपसी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया। देखते ही देखते झगड़ा इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों के साथ झगड़े के दौरान फायरिंग भी हुई। बागनवाला निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ढाणी रिवासा निवासी एक युवक ने उन्हें जान से मारने की नीयत से उन पर फायरिंग की।

पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने फायरिंग के दौरान एक युवक को पैर पर छर्रा लगने का भी आरोप लगाया है। गांव बागनवाला निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार सुबह वह तथा उसका दोस्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर बागनवाला से गांव सागवान जा रहे थे। इस दौरान वह स्वयं मोटरसाइकिल चला रहा था, पीछे उसका दोस्त बैठा था। जब वह तोशाम के बीएलजेएस महाविद्यालय के पास पहुंचे तो पीछे से एक मोटरसाइकिल व ऑल्टो गाड़ी में सवार होकर ढाणी रिवासा निवासी तीन युवक आए। बागनवाला निवासी युवक ने आरोप लगाते हुए बताया कि ढाणी रिवासा निवासी उन युवकों ने गाड़ी उनके आगे लगा दी तत्पश्चात गाड़ी में से तीन लड़के उतरे तथा एक मोटरसाइकिल भी वहां आकर रुकी। उनमें से ढाणी रिवासा निवासी एक युवक ने उसे सिर में डंडा मारा। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावर युवकों में से एक के हाथ में पिस्तौल थी बाकी के हाथ में डंडे थे। उन्होंने उनके ऊपर डंडों से हमला बोल दिया उसी समय पिस्तौल लिए ढाणी रिवासा निवासी युवक ने जान से मारने की नियत से फायर किया। जोकि फायरिंग के दौरान एक गोली का छर्रा दोस्त के पैर पर लगा।

## एमएसपी गारंटी कानून समेत अन्य मांगें भी पूरी करे सरकार

**भिवानी।** तीनों काले कानूनों के वापसी बिल पास होना किसानों के बलिदान व कड़े संघर्ष की जीत है। अब केन्द्र सरकार को एमएसपी गारंटी कानून समेत किसानों की सभी मांगों को पूरा करना चाहिए।

ये बातें महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सविता मान ने लोकसभा व राज्यसभा में कानून वापसी बिल पास होने पर बोलते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि ये किसानों के संघर्ष व बलिदान की जीत है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार अपने निजी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों के मौलिक अधिकारों से छेड़छाड़ ना करती तो आज न तो किसानों को एक वर्ष तक अपन घर छोड़ कर कड़ाके की ठंड व भीषण गर्मी में अपने परिवार से दूर रहकर सड़कों पर नहीं रहना पड़ता, न ही अपना बलिदान देना पड़ता तथा न ही सरकार को उनके आगे झुकना पड़ता। यह सब सरकार की नाकामियों के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को एमएसपी पर गारंटी कानून दे।

## विधि विवि ने किया एचपी विश्वविद्यालय से एमओयू



पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शिक्षा** और अनुसंधान को बढ़ाने के लिए डा. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला (एचपीयू) के विधि विभाग के साथ एमओयू साइन किया।

इसके तहत दोनों विश्वविद्यालय आपस में शिक्षकों व विद्यार्थियों का आदान-प्रदान करेंगे। डॉ. बीआर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विनय कपूर मेहरा और हिमाचल प्रदेश विवि के कुलपति प्रो. सिकंदर कुमार ने इस एमओयू करार पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. विनय कपूर मेहरा ने कहा कि इस करार में कॉन्स्टीट्यूशनल लॉ, इंटरनेशनल लॉ, प्राइवेट लॉ, इनवायरमेन्टल लॉ समेत कई महत्वपूर्ण विषय से संबंधित शैक्षिक सहयोग का आदान-प्रदान होगा।

यही नहीं समय-समय पर कई सेमिनार व कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएंगी। शोध के लिए छात्रों को शैक्षिक भ्रमण पर भी भेजा जाएगा। एमओयू साइन होने से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। जब हम समूह के रूप में कार्य करते हैं, तब बहुत सार्थक परिणाम सामने आते हैं।

## चूरा पोस्त और गांजा पत्ती सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

### पुलिस ने तीन मामलों में नशे के कारोबारियों पर की कार्रवाई

**अवैध** नशीले मादक पदार्थों के कारोबार पर रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान के तहत दिन प्रतिदिन इस कारोबार में लगे व नशे के आदी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ खिलाफ जिला करनाल के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीले मादक पदार्थ भी बरामद किए जा रहे हैं।

एएसआई गुरजीत सिंह इंचार्ज चौकी जलमाना की अध्यक्षता में टीम द्वारा आरोपी हरभजन सिंह वासी शेखपुरा जिला करनाल को खेत डेरा हरभजन सिंह रकबा गांव शेखपुरा से चूरा पोस्त बेचने का धंधा करने की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से हाथ में पकड़ी पॉलिथीन में से 745 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा-15 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह पिछले काफी समय से चुरा पोस्त खरीदने-बेचने का धंधा करता है। आरोपी इस चुरा पोस्त को निसिंग से एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था। एक अन्य मामले में उप निरीक्षक सुखविंदर सिंह थाना तरावड़ी की अध्यक्षता में टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी अमीरचंद पुत्र हंसराज वासी गांव सौंकड़ा जिला करनाल को नजदीक बस अड्डा सौंकड़ा से अवैध नशीली दवाइयां बेचने का धंधा करने की विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां ट्रामाडोल के 76 कैप्सूल बरामद किए गए।

## कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया व्याख्यान

**कुरुक्षेत्र।** श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के उपलक्ष में कुरुक्षेत्र के सेक्टर-3 में करवाई जा रही श्रीमदभागवत कथा में समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की चर्चा की। भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य जब हुआ, उस समय समस्त परिस्थितियां प्रतिकूल थीं परंतु भगवान श्रीकृष्ण ने जन कल्याण की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विचार किया। तब सभी प्रतिकूल परिस्थितियां कृपा दृष्टि से अनुकूल हो गई थीं। भगवान श्रीकृष्ण ने संसार के समस्त प्राणियों को एक विशेष संदेश दिया कि मेरा जीवन संघर्ष से परिपूर्ण है अगर मनुष्य के जीवन में संघर्ष कठिनाई आए तो तो उसे धैर्य रखना चाहिए। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्तों को सभी प्रकार से संरक्षण संवर्धन करते हैं। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण मथुरा में जन्म लेकर गोकुल में लगभग 12 वर्षों तक निवास करते हुए दुष्ट राक्षसों को तथा दैत्यों का संहार किया।

# जेजेपी के तीसरे स्थापना दिवस पर झज्जर में होगी सद्भावना रैली

### डॉ अजय सिंह चौटाला के दौरे को कामयाब बनाने में जुटे योगेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


पार्टी स्थापना दिवस और सद्भावना रैली को लेकर कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रुबरू होते योगेश शर्मा। साथ बैठे हैं अन्य लोग।

**जननायक** जनता पार्टी के तीसरे स्थापना दिवस को लेकर झज्जर में आयोजित सद्भावना रैली को लेकर जेजेपी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। जजपा कार्यालय सचिव एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन योगेश शर्मा ने बताया कि जजपा नेता व कार्यकर्ता रैली को लेकर तैयारियों में जुटे हैं, वहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ अजय सिंह चौटाला कुरुक्षेत्र में जिला स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

योगेश ने पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित किया और डॉ अजय सिंह चौटाला के दौरे को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई। योगेश ने कहा कि डॉ अजय सिंह के मार्गदर्शन और निर्देश पर चलते हुए डिप्टी सीएम दुष्यन्त चौटाला और जेजेपी प्रदेश की राजनीति में बदलाव और विकास का नया अध्याय जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि डिप्टी सीएम दुष्यन्त चौटाला के प्रयासों से हरियाणा में किसानों को बाजरा, गन्ना, धान, गेंहू के अच्छे भाव मिले, वहीं कृषि कानूनों से जुड़ी लड़ाई को डिप्टी सीएम के प्रयास से ही सफलता मिली। योगेश ने कहा कि दुष्यन्त चौटाला और जजपा की शासन में भागीदारी से ही युवाओं को 75 प्रतिशत निजी क्षेत्र में आरक्षित रोजगार और महिलाओं को शासन में 50 प्रतिशत भागीदारी का सपना साकार हुआ है। जजपा नेता नेता ने दावा किया कि जेजेपी के तीसरे स्थापना दिवस पर आयोजित सद्भावना रैली जेजेपी भाजपा गठबंधन सरकार और दुष्यन्त चौटाला के सुशासन का जन सन्देश देगी।

## मनुष्य की पहचान उसके संस्कारों और वृत्ति से होती है: जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### कहा, जीवन जीने की कला ही नहीं, बल्कि मृत्यु को कैसे स्वीकारें

**गीता** भवन चौक स्थित गीता भवन मंदिर में श्रीराम परिवार के सहयोग से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लोगों ने पहुंचकर आशीर्वाद और पुण्य कमाया।

राजीव जैन ने कहा कि राम चरित मानस हमें अनुशासन, त्याग और मैनेजमेंट सिखाता है। भगवान राम की मर्यादा और हनुमानजी की निष्ठा आज भी प्रासंगिक है। पिता के वचनों के लिए श्रीराम ने वनवास जाना स्वीकार कर लिया तो हनुमानजी ने श्रीराम की सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य बना दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य को पाने के लिए त्याग करना पड़ता है। श्रीराम चरित मानस हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। सुंदरकांड को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। चूंकि सुंदर कांड का पाठ करने के साथ-साथ उसकी गहराई को देखें तो यह हमें जीने की कला सिखाती है, जबकि इस समय में मनुष्य को खुशियां तलाशने के लिए घर से बाहर भागना पड़ रहा है, जबकि कटु सच्चाई यह है कि सभी खुशियां तो हमारे अपनों को खुश करने में ही निहित है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके संस्कारों उसकी वृत्ति से बनती है।

इसलिए हमें इस जन्म में पुण्य कार्य करने चाहिए। मनुष्य के पिछले जन्म के कर्म भी साथ रहते हैं। इसलिए हमें जो मानव जीवन मिला है, हम उस जीवन को पुनीत बनाएं। कविता जैन ने कहा कि संसार में जन्म लिए हर व्यक्ति की मृत्यु तय है, यह जीवन का सत्य है, फिर भी वह और अधिक समय जीने की इच्छा रखता है। जीवन जीने की कला ही नहीं, बल्कि मृत्यु को कैसे स्वीकारें यह भी सिखाती है मानस।

# देशहित में कृषि कानूनों की सदनों में वापसी पर मोदीजी का आभार

### सांसद नायब सिंह सैनी ने कृषि कानूनों की वापसी पर कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर का किया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। कैथल


सांसद नायब सैनी व अन्य पीएम मोदी का धन्यवाद करते हुए।

**सांसद** नायब सिंह सैनी ने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन लोकसभा में पास होने के बाद कृषि कानून विधेयक, 2021 फार्म लॉ रिपील बिल-2021 को राज्यसभा में भी पास हो गया है, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि कानून वापसी बिल को पेश किया। संसद का यह सत्र 29 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले की घोषणा की। इसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इन तीनों कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी थी।

सांसद नायब सिंह सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच शुरू से ही किसानों के समर्थन में रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि बिल वापस लेने का बड़े मन से फैसला किया। अब किसान भाईयों को बड़े मन से धरना से वापस घर लौटना चाहिए। भाजपा की मोदी व मनोहर सरकार के लिए किसानों के हित सदा ही सर्वोपरि रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस फैसले का स्वागत किया व धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच सदा किसानों के समर्थन में रही है, किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं बनाकर प्रभावी ढंग से लागू की गई है। पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन क्रेडिट कार्ड, उत्तम किस्म के खाद, बीज, नीम कोटेड यूरिया, मंडी प्रणाली, सॉयल हेल्थ कार्ड, अटल किसान पेंशन योजना, भावांतर भरपाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है, किसानों को बाजार की मांग के अनुसार नगद फसल की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएं बनाकर लागू की जा रही है। सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि छोटे किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मोदी सरकार ने फसल विविधिकरण, दूध उत्पादन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन योजना को लागू किया है, भाजपा की केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार व हरियाणा की मनोहर लाल सरकार किसानों के हितों के लिए समर्पित है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया अंत्योदय मेला

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


मुख्यमंत्री अंत्योदय मेले का निरीक्षण करते एसडीएम आशीष कुमार।

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया।

गोहाना के एसडीएम आशीष कुमार ने रिबन काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले का निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों से बातचीत की। अंत्योदय मेले में गोहाना ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लाभार्थी परिवारों के विभिन्न विभागों की योजनाओं को लिए आवेदन लिए गए। एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि 29 नवंबर से 01 दिसंबर व 12 दिसंबर से 21 दिसंबर तक इन मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 1281 परिवारों को इन मेलों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। उनको आर्थिक सहायता के लिए बैंकों द्वारा ऋण भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

# अभी यह स्पष्ट नहीं कि क्या ओमीक्रोन अधिक संक्रामक और गंभीर है या नहीं : डब्ल्यूएचओ

योषिता सिंह। संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या कोविड-19 का नया स्वरूप ओमीक्रोन, डेल्टा स्वरूप समेत अन्य स्वरूपों की तुलना में अधिक संक्रामक है और क्या यह अपेक्षाकृत अधिक गंभीर बीमारी का कारण है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, जो यह बताती हो कि ओमीक्रोन से जुड़े लक्षण अन्य स्वरूपों की तुलना में अलग हैं। उसने कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप की गंभीरता का स्तर समझने में कई दिनों से लेकर कई सप्ताह तक का समय लगेगा। डब्ल्यूएचओ ने रविवार को दुनिया भर के अन्य देशों से अपील की कि वे ओमीक्रोन को लेकर चिंता के कारण दक्षिण अफ्रीकी देशों से आने वाली उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाएं। अफ्रीका के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक मात्शिदिसो मोएती ने देशों से यात्रा प्रतिबंधों का उपयोग करने से बचने के लिए विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यात्रा प्रतिबंध कोविड-19 के संक्रमण को थोड़ा कम करने में भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इससे लोगों के जीवन और आजीविका पर बहुत प्रभाव



पड़ता है। ओमीक्रोन से संक्रमण के मामले सामने आने के बीच कई देशों ने दक्षिण अफ्रीकी देशों के यात्रियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। बी.1.1.529 का पता लगने और उसकी संक्रामकता को लेकर चिंताओं के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका और दुनियाभर के अनुसंधानकर्ता ओमीक्रोन के कई पहलुओं को बेहतर तरीके से समझने की कोशिश कर रहे हैं और वे इन अनुसंधानों के परिणाम सामने आने के बाद उन्हें साझा करेंगे। डब्ल्यूएचओ ने ओमीक्रोन को चिंताजनक स्वरूप करार दिया है। संगठन ने कहा, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ओमीक्रोन डेल्टा स्वरूप की अपेक्षा अधिक संक्रामक है या नहीं।

### दक्षिण अफ्रीका में बढ़ी संक्रमित लोगों की संख्या

**उसने** कहा कि दक्षिण अफ्रीका में इस स्वरूप से संक्रमित पाए गए लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन यह समझने के लिए महामारी विज्ञान संबंधी अध्ययन चल रहे हैं कि क्या यह ओमीक्रोन के कारण है या अन्य कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। संगठन ने कहा कि प्रारंभिक आंकड़ें बताते हैं कि दक्षिण अफ्रीका में लोगों के अस्पताल में भर्ती होने के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन इसका कारण ओमीक्रोन से संक्रमण के बजाए सभी स्वरूपों से संक्रमित लोगों की कुल संख्या में वृद्धि हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक द्रोस अदहानोम ग्रेबेएसस ने कहा कि ओमीक्रोन टीकाकारण को लेकर अन्याय के खतरे को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा, हम टीकाकरण में समानता लाने में जितनी देरी करेंगे, हम कोविड-19 को उतना ही फैलने, उतने ही स्वरूप बदलने तथा और अधिक खतरनाक बनने की अनुमति देंगे। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ काम कर रहा है ताकि ओमीक्रोन संक्रमण के प्रमुख पहलुओं और इसके प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

---

प्रदूषण पैनल के निर्देशों के अनुपालन पर उच्चतम न्यायालय ने

# केंद्र, दिल्ली और एनसीआर राज्यों से जवाब मांगा

## पीठ ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के हलफनामे पर गौर किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत सेंट्रल विस्टा परियोजना सहित निर्माण गतिविधियों से संबंधित मुद्दों पर अपना जवाब दे। इसके अलावा, न्यायालय ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के राज्यों को प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन पर आयोग के निर्देशों के अनुपालन दर्शाने वाले जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है।

प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि इरादे (एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के) अच्छे हैं और निर्देश दिए गए हैं लेकिन परिणाम शून्य हैं। पीठ ने यह भी कहा कि राज्यों द्वारा आयोग के निर्देशों का तत्काल अनुपालन आवश्यक था और दंडात्मक उपाय जैसे 1,000 रुपये का जुर्माना लगाना या उल्लंघन करने वालों को एक दिन की जेल का आदेश देना प्रभावी नहीं होगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने पीठ से कहा कि सेंट्रल विस्टा जैसी बड़ी परियोजनाओं के लिए निर्माण गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं और ऐसी परियोजना नागरिकों के जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं हो सकती।

केंद्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह इस स्थिति को न्यायोचित ठहराएंगे। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता लगातार सेन्ट्रल विस्टा परियोजना पर कथित निर्माण को लेकर जो देते रहे तो पीठ ने कहा कि केन्द्र को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए कहा गया है। दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने अपने आदेश में कहा, विकास सिंह ने दिल्ली में निर्माण गतिविधियों के संबंध में कुछ मुद्दों को उठाया है, हम सॉलीसिटर जनरल को एक हलफनामा दायर करने या केंद्र सरकार के दायरे में आने वाले क्षेत्रों के बारे में निर्देश प्राप्त करने का निर्देश देते हैं।

पीठ ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के हलफनामे पर गौर किया और प्रदूषण पर आयोग द्वारा सुझाए गए दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों का हवाला दिया और निर्देशों के अनुपालन के संबंध में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को बुधवार शाम तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले में अब न्यायालय बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। पीठ ने केंद्र, नई दिल्ली नगर परिषद के अध्यक्ष और अन्य को भी प्रदूषण पर आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का संकेत देते हुए इसी तरह के हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया है।



### प्रदूषण पर कैसे पाया जाए नियंत्रण : पीठ

सुनवाई के दौरान ही पीठ ने कहा, हम इस सवाल से जूझ रहे हैं कि प्रदूषण पर कैसे नियंत्रण पाया जाए, चाहें यह सेन्ट्रल विस्टा हो या प्रदूषण करने वाले उद्योग या राज्य....क्या आपको लगता है कि हमें कुछ नहीं मालूम है? हमें भी सबकुछ पता है। केन्द्र जवाब दाखिल कर रहा है, राज्यों जवाब दाखिल कर रहे हैं....ऐसे मुद्दे नहीं उठाएं जो अंततः मुख्य मुद्दे को भटकाने की स्थिति पैदा कर दें। प्रधान न्यायाधीश ने वायु गुणवत्ता मानक का जिक्र किया और कहा कि आज यह 419 था। उन्होंने कहा, अब संक्रमण की एक और समस्या है, हम इनसे कैसे निपटें। इस पर मेहता ने कहा, हम संक्रमण के मुद्दे पर अलग से विचार कर सकते हैं।

---

# प्रधानमंत्री से मिली तारीफ दास्तानगोई को लोकप्रिय बनाने में मददगार साबित होगी : हिमांशु

एजेंसी। लखनऊ

**कहानीकार** (दास्तानगो) हिमांशु बाजपेई ने सोमवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से तारीफ से दास्तानगोई की कला को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में लखनऊ की कला दास्तानगोई का जिक्र किया और रानी दुर्गावती पर आधारित एक दास्तान का जिक्र करते हुए लखनऊ की रवायतों की तारीफ की। रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण के कुछ ही देर बाद रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, आज प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कटनी में आयोजित रानी दुर्गावती की दास्तानगोई का जिक्र किया। यह प्रस्तुति लखनऊ के रहने वाले हिमांशु वाजपेई और प्रज्ञा शर्मा ने की है। उन्होंने इसी तरह की एक दास्तानगोई रानी लक्ष्मीबाई के बारे में भी की है।

रक्षा मंत्री ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, लखनऊ में पले-बढ़े और रचे-बसे हिमांशु वाजपेई एवं प्रज्ञा शर्मा की प्रस्तुति की चर्चा अपने कार्यक्रम में करने के लिए प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। साथ ही हिमांशु एवं प्रज्ञा को मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित करता हूं। काव्य जगत में लखनौवा के नाम से मशहूर हिमांशु वाजपेई ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे दास्तान का जिक्र किया और रक्षा मंत्री सिंह ने भी हमारे बारे में ट्वीट किया, हमें पूरा विश्वास है कि दास्तानगोई की कला अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगी। वाजपेई ने कहा कि उन्हें और शर्मा को उम्मीद है कि मध्यकालीन युग में विशेष रूप से उर्दू में लोकप्रिय दास्तानगोई को देश में राजनीति के उच्चतम स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद और अधिक लोगों की सराहना मिलेगी। 34 वर्षीय वाजपेई ने बताया कि मध्यकालीन युग में उत्तर भारत में लखनऊ सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक था, जहां दास्तानगोई फलता-फूलता था। उन्होंने कहा कि लखनऊ ने मोहम्मद हुसैन, अहमद हुसैन कमर, अंबा प्रसाद और तसद्दुक हुसैन जैसे दास्तानगो दिए हैं जिन्हें दुनिया भर के कला पारखी जानते थे।



**मन की बात में लखनऊ की कला दास्तानगोई का जिक्र किया**

---

# नाउम्मीदी के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वियना में वार्ता होगी बहाल

एजेंसी। वियना

**वैश्विक** ताकतों के साथ ईरान की 2015 की परमाणु वार्ता को फिर से बहाल करने के लिए वियना में वार्ताकार एकत्र हुए हैं। ईरान में कट्टरपंथी सरकार के गठन के पांच महीने बाद होने वाली इस वार्ता में प्रगति की बहुत कम संभावना है।

परमाणु समझौते को औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है और इसके हस्ताक्षरकर्ताओं में ईरान, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शामिल हैं। आलीशान होटल पालिस कोबर्ग में यह वार्ता होगी जहां छह साल पहले समझौते पर इन देशों ने हस्ताक्षर किए थे। वार्ता ऐसे वक्त हो रही है जब कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के कारण ऑस्ट्रिया में लॉकडाउन लागू है। ईरान को समझौते के पालन के लिए राजी करने और अमेरिका के फिर से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से वार्ता का अंतिम दौर जून में आयोजित किया गया था। तब से वार्ता प्रक्रिया की राह और कठिन हो गई है। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में समझौते से अपने देश को बाहर करने की घोषणा की थी। इस वजह से अमेरिका इस वार्ता से अलग था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को फिर से वार्ता में शामिल करने का संकेत दिया और कहा कि अमेरिका समझौते से जुड़ना चाहता है। इसके बाद से अमेरिका, ईरान के लिए अमेरिकी प्रशासन के विशेष दूत रॉबर्ट माली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा ले रहा है। समझौते के तहत आर्थिक पाबंदियों में ढील दिए जाने के बदले ईरान ने यूरेनियम संवर्द्धन की सीमा को सीमित किया था। समझौते के पटरी से उतरने के बाद ईरान अब यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन कर रहा है। परमाणु हथियार बनाने के लिए 90 प्रतिशत संवर्द्धन की सीमा से वह कुछ ही पीछे है। ईरान उन्नत सेंट्रीफ्यूज का भी उपयोग करता है जो समझौते द्वारा वर्जित है और उसका यूरेनियम भंडार अब समझौते की सीमा से कहीं अधिक है।

ईरान हमेशा कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्य के लिए है। हालांकि, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों का कहना है कि 2003 तक ईरान के पास एक संगठित परमाणु हथियार कार्यक्रम था।

---

# वाइबेंट गुजरात सम्मेलन से पहले 14,000 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी। गांधीनगर

**वाइब्रेंट** गुजरात ग्लोबल सम्मेलन 2022 के सिलसिले में सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गुजरात में 14,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश से जुड़े 12 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन गांधीनगर में अगले वर्ष 10 जनवरी को शुरू होगा और 12 जनवरी तक चलेगा। सम्मेलन से पहले यह दूसरा समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम था जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इसके साथ ही गुजरात में निवेश के 38,188 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। गुजरात सरकार ने बताया कि मित्सु प्राइवेट लिमिटेड ने दक्षिण गुजरात के वापी में रसायन, दवा, एपीआई, कपड़ा, इंजीनियरिंग, प्लास्टिक के लिए मिश्रित औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ के बड़े निवेश का प्रस्ताव रखा है। राज्य सरकार के अनुसार इस प्रस्तावित निवेश से राज्य में करीब 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसके अलावा गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी रसायनों और अन्य उत्पादों के लिए 2,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसी तरह आरती इंडस्ट्रीज ने भी राज्य में ।,669.8 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है।



---

## कृषि कानून निरस्त करने के फैसले का स्वागत किया

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष मानवाधिकार विशेषज्ञ ने विवादित तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने के भारत सरकार के फैसले का स्वागत किया और आशा जताई कि कृषि सुधारों के संबंध में भविष्य में लिए जाने वाले फैसले देश की मानवाधिकार प्रतिबद्धताओं के अनुरूप होंगे और किसानों, समुदायों और संघों के साथ सकारात्मक बातचीत के बाद लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर देश को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि उनकी सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने का फैसला लिया है।

---

# फरीदाबाद में 600 करोड़ के निवेश से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण करेगी आरपीएस

एजेंसी। नई दिल्ली

**रियल** एस्टेट कंपनी आरपीएस ग्रुप फरीदाबाद में वाणिज्यिक परियोजना वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण पर 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

हरियाणा के फरीदाबाद में बनने वाली यह परियोजना 10 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में होगी।फरीदाबाद की कंपनी आरपीएस ने बयान में कहा कि उसने इस उद्देश्य से बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी विरिदियान आरईडी ग्रुप के साथ हाथ मिलाया है। बयान में कहा गया है, आरपीएस ग्रुप फरीदाबाद में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थापित करने पर 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर परियोजना कुल 7.58 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी।



---

# दलितों पर हो रहे अत्याचारों को सख्ती के साथ रोके सरकार : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज में एक दलित परिवार के चार सदस्यों और आजमगढ़ जिले में दलित पति-पत्नी की गला काटकर हत्या किए जाने की घटनाओं की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार को दलितों पर हो रहे अत्याचारों को सख्ती के साथ रोकना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, यूपी में प्रयागराज की घटना के बाद, अब आजमगढ़ में दलित पति-पत्नी की कल रात गला काटकर हत्या किए जाने की घटना अति-दु:खद, दर्दनाक व अति-निन्दनीय है। उन्होंने कहा, दलितों पर आए दिन हो रहे ऐसे अत्याचारों को सरकार तुरन्त सख्ती से रोके, दोषियों के विरुद्ध सही और सख्त कार्रवाई करे, बसपा की यह मांग है।



---

# टीएमसी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले समूचे पूर्वोत्तर में राजनीतिक आधार बढ़ाएगी : मुकुल

डी बनजोप मुखिम। शिलांग

**मेघालय** में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता मुकुल संगमा ने कहा है कि ममता बनर्जी की पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले पूरे पूर्वोत्तर में अपना राजनीतिक आधार बढ़ाने की योजना बना रही है।हाल में कांग्रेस के 11 अन्य विधायकों के साथ टीएमसी में शामिल हुए, मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया कि उनके सबसे पुरानी पार्टी को छोड़ देने के साथ ही पूरे क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदलने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैं क्षेत्र में अन्य राज्यों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहा हूं। हमारे राजनीतिक फैसले के बाद से वे मुझसे मिल रहे हैं। यह दिखाता है कि वे अपने-अपने राज्यों में कुछ नए की तलाश कर रहे हैं।

**संगमा ने कहा कि एक नए राजनीतिक दल में शामिल होने का फैसला लंबे समय से लंबित था**

छह बार विधायक रह चुके संगमा ने कहा कि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चार्ल्स पिंगरोप संभवत: टीएमसी के प्रदेश अध्यक्ष होंगे जबकि वह बतौर विधायक दल के नेता, सरकार को घेरने के साथ ही अन्य पड़ोसी राज्यों में पार्टी के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। तृणमूल कांग्रेस के 12 विधायक पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलने के वास्ते रविवार को कोलकाता के लिए रवाना हो गए ताकि संगमा और पिंगरोप की भूमिकाओं को अंतिम रूप दिया जा सके। संगमा ने कहा कि एक नए राजनीतिक दल में शामिल होने का फैसला लंबे समय से लंबित था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लहे लहे (असमी में धीरे-धीरे) रवैए के परिणामस्वरूप इसके नेता पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। दो बार मुख्यमंत्री रहे संगमा ने कहा, किसी भी व्यक्ति का स्वयं को किसी राजनीतिक संगठन के साथ जोड़ने का एक उद्देश्य होता है। राज्य में टीएमसी नेतृत्व सर्वसम्मत दृष्टिकोण और जिम्मेदारी के साथ मजबूत है।

उन्होंने कहा, राजनीति मुश्किल काम है, और जब आप नेता बनने का फैसला करते हैं, तो आप अपने ऊपर एक ऐसी जिम्मेदारी लेते हैं जो सभी स्तरों पर स्वीकार्यता पैदा करने के इर्द-गिर्द घूमती है।

यह विश्वास जताते हुए कि मेघालय के लोगों को तृणमूल कांग्रेस को स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं होगी, संगमा ने कहा कि राज्य में पार्टी नई नहीं है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के पिता पीए संगमा एक बार पश्चिमी मेघालय की तूरा लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद चुने गए थे।

यह पूछे जाने पर कि क्या मेघालय के लोग टीएमसी को स्वीकार करेंगे, संगमा ने कहा, मुझे अपने लोगों पर भरोसा है। मैं उन्हें जानता हूं। मेरा विश्वास और आत्मविश्वास मुझे ताकत देता है।

हालांकि, संगमा ने कहा कि एक विकल्प देने का मतलब यह भी है कि बहुत मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा यह समय आराम करने का नहीं है। 2022 में विधानसभा चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव है और दोनों ही महत्वपूर्ण हैं।



---

## संक्षिप्त समाचार

### अमेजन ने अमेजन होलसेल (इंडिया) में 650 करोड़ रुपये डाले

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी भारतीय इकाई अमेजन होलसेल (इंडिया) में 650 करोड़ रुपये का नया निवेश किया है। कंपनी द्वारा दायर नियामकीय दस्तावेजों से यह जानकारी दी गई है। कंपनी मामलों के मंत्रालय में दायर किए गए और बाजार आसूचना कंपनी टॉफलर द्वारा साझा किए गए दस्तावेजों के मुताबिक अमेजन कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अमेजन डॉट कॉम डॉट इंक्स लि. ने अमेजन इंडिया की थोक बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) इकाई में 650 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह निवेश 26 अक्टूबर, 2021 को किया गया। अमेजन इंडिया ने ईमेल से भेजे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। दस्तावेजों के अनुसार, धन का एक बड़ा हिस्सा (649.94 करोड़ रुपये से अधिक) अमेजन कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लि. से आया। नए निवेश से कंपनी को भारत में अपना बी2बी कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेजन भारत में विभिन्न कोरोबारी इकाइयों में आक्रामक रूप से निवेश कर रही है।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक चढ़ा

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को 153 अंक की तेजी आई। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस में तेजी के दम पर बाजार चढ़ा। हालांकि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रॉन के कुछ और देशों में फैलने के बाद निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.43 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,260.58 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ सूचकांक शुरुआती कारोबार में 500 अंक से भी अधिक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.50 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,053.95 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो के प्रीपेड मोबाइल फोन की शुल्क दरें बढ़ाने की घोषणा के बाद कंपनी का शेयर 1.26 प्रतिशत चढ़ा। भारती एयरटेल के शेयर में भी तेजी आई। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी के शुल्क दरों में वृद्धि से दूरसंचार कंपनियों की वित्तीय सेहत पर सकारात्मक असर पड़ेगा। सेंसेक्स के शेयरों में कोटक बैंक सर्वाधिक 2.92 प्रतिशत चढ़ा। ऐसी रिपोर्ट है कि एलआईसी निजी क्षेत्र के इस बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 10 प्रतिशत करेगा। इसके अलावा एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और टाइटन में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, नेस्ले, बजाज ऑटो और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान में निक्की 225, 1.7 प्रतिशत टूटा। जापान के मंगलवार से विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर पाबंदी की घोषणा से शेयर बाजार नीचे आया। चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक 0.4 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.12 प्रतिशत नीचे आया। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.9 प्रतिशत और ऑस्ट्रेलिया में सिडनी का एस एंड पी-एएसएक्स 200, 0.5 प्रतिशत नीचे आया। इस बीच, वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 2.82 प्रतिशत उछलकर 74.41 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,785.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। रुपये

### निवेश राजस्थान सम्मेलन दिल्ली में एक दिसंबर को रोड शो

**जयपुर।** राजस्थान सरकार जयपुर में प्रस्तावित निवेश राजस्थान शिखर सम्मेलन में निवेशकों को आमंत्रित करने और निवेश के अवसरों की जानकारी देने के लिए नई दिल्ली में रोड शो का आयोजन करेगी। राज्य उद्योग विभाग के सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली के एक होटल में एक दिसंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की टीम का नेतृत्व उद्योग मंत्री शकुंतला रावत करेंगी। इस रोड शो में इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल और खनन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्योग विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उद्योगपतियों से जुड़ाव बढ़ाना है। निवेशकों एवं उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए राजस्थान सरकार 24-25 जनवरी को जयपुर में इन्वेस्ट राजस्थान सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। इस अधिकारी के मुताबिक, हाल ही में दुबई में आयोजित दुबई एक्सपो 2021 के इंडिया पैवेलियन में राजस्थान सप्ताह को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी और राज्य सरकार के साथ 45000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन और आशय पत्र पर हस्ताक्षर हुए थे।

### कृषि कानूनों के मुद्दे पर रुख अपनाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को कांग्रेस पर तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दे पर दोहरा रुख अपनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि सरकार इन कानूनों को किसानों की भलाई के लिए लेकर आई थी। तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए सरकार द्वारा लाए गए कृषि विधि निरसन विधेयक को राज्यसभा में पेश करते हुए तोमर ने कहा, किसानों की भलाई के लिए सरकार तीनों कानूनों को लेकर आई थी लेकिन हम सभी को इस बात का दुख है कि कई बार प्रयत्न करने के बावजूद... और कांग्रेस पार्टी के लोग अपने घोषणा पत्र में रखने के बाद भी उस पर दोहरा रुख अपनाते रहे। ज्ञात हो कि भाजपा दावा करती रही है कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में तीनों कृषि कानूनों की तर्ज पर कानून लाने का वादा किया था लेकिन वैसे ही प्रवाधानों वाले कानून केंद्र सरकार लेकर आई तो कांग्रेस विरोध पर उतारू हो गई।

### कर्नाटक : आकलन के लिए केंद्र से टीम भेजने का आग्रह किया

**तुमकुरू ( कर्नाटक )।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बारिश से हुए नुकसान का आकलन का करने के लिए केंद्र से एक टीम भेजने का आग्रह किया है। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा, वित्त विभाग ने आपदा प्रबंधन सचिव को पत्र लिखा है। धन मुहैया कर दिए जाने पर राहत राशि जारी की जाएगी। मैंने भी एक पत्र लिख कर नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र से एक टीम भेजने का आग्रह किया है। वह राज्य के कई हिस्सों में महीने भर हुई बारिश से हुए जानमाल के नुकसान के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। बारिश से खड़ी फसल को भी व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बारिश से जुड़े नुकसान का आकलन कर लिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम के अपना आकलन पूरा कर लेने के बाद वह केंद्र को एक विस्तृत ज्ञापन देंगे।

### सुनवाई तक सार्वजनिक बयान नहीं दे सकेंगे मलिक

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े और उनके परिवार के खिलाफ सार्वजनिक बयान देने से महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक पर रोक लगाने से इंकार करने संबंधी एकल पीठ का आदेश सोमवार को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति एसजे काथावाला और न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की खंडपीठ ने एकल पीठ का 22 नवंबर का आदेश निरस्त किया। पीठ ने अपन आदेश में कहा कि ज्ञानदेव वानखेडे की अंतरिम आवेदन पर सुनवाई होने तक नवाब मलिक वानखेड़े परिवार के खिलाफ कोई भी सार्वजनिक बयान या ट्विट नहीं करेंगे। मलिक और वानखेड़े के पिता के बीच एकल पीठ का आदेश वापस लेने और मलिक के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में मंत्री के खिलाफ अंतरिम अर्जी में ज्ञानदेव द्वारा उठाए गए मुद्दों पर नए सिरे से सुनवाई होने पर सहमति के बाद पीठ ने 22 नवंबर का न्यायमूर्ति माधव जामदार का आदेश निरस्त किया।

### एलआईसी कोटक बैंक में अपनी हिस्सेदारी दस फीसदी करेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर करीब दस फीसदी करेगी। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को सोमवार को बताया कि बैंक में एलआईसी की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। बैंक ने बताया कि उसे एलआईसी से इस मंजूरी के बारे में सूचना मिली है। बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में एलआईसी की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 9.99 फीसदी करने का प्रस्ताव है। गत 30 सितंबर को बैंक में एलआईसी की हिस्सेदारी 4.96 प्रतिशत थी। बैंक में हिस्सा बढ़ाने का यह प्रस्ताव निजी क्षेत्र के बैंकों में शेयरों के अधिग्रहण या मताधिकार के लिए आरबीआई की पूर्व-अनुमति लेने के दिशा-निर्देशों के अधीन है। इसके अलावा बाजार नियामक सेबी भी विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों पर गौर करता है। कोटक महिंद्रा बैंक के मुताबिक यह मंजूरी एक साल की अवधि के लिए वैध है।

# ग्रीन बेल्ट कब्जाने वाले 13 बिल्डरों व स्कूल पर सवा करोड़ रुपये का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● जमीन जल्द खाली न करने पर कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जा करने वाले 13 बिल्डर प्रोजेक्टों और एक स्कूल के खिलाफ ने बड़ी कार्रवाई की है।

प्राधिकरण ने इन बिल्डरों पर करीब 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह रकम प्राधिकरण के खाते में एक सप्ताह में जमा न करने पर आरसी रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने को कहा है। साथ ही प्राधिकरण ने अवैध कब्जा शीघ्र न हटाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिकांश सोसाइटियों के आसपास रोड की तरफ ग्रीन बेल्ट छोड़ रखी है। इससे हरियाली भी बरकरार रहती है और सोसाइटी की सुंदरता भी बढ़ जाती है।

बिल्डर इन ग्रीन बेल्ट का रखरखाव करने के बजाय अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर उद्यान विभाग ने सभी ग्रीन बेल्ट का मुआयना किया, जिसमें पता चला कि 13 बिल्डरों और एक स्कूल ने ग्रीन बेल्ट की तरफ रास्ता खोलकर कब्जाने की कोशिश की है। सभी बिल्डर प्रोजेक्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित हैं।

13 बिल्डरों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एनएच-24 की लिंक रोड के किनारे बनी ग्रीन बेल्ट को बिल्डरों ने कब्जाने की कोशिश की है और ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल ने टेकजोन सेवन की ग्रीन बेल्ट में रास्ता खोलकर कब्जाने की कोशिश की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इन बिल्डरों और स्कूल से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए है। जिसके चलते उद्यान विभाग ने इन सभी पर जुर्माना लगा दिया है। इन सभी पर करीब 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की रकम एक सप्ताह में न जमा करने पर आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही ग्रीन बेल्ट से अवैध कब्जा शीघ्र न हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने साफ कहा है कि ग्रीन बेल्ट कब्जाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

| बिल्डर का नाम | जुर्माने |
|---|---|
| 1. सैम इंडिया ओलंपिया | 4.01 लाख |
| 2. ड्रीम विले आर्केड | 133 लाख |
| 3. गैलेक्सी प्लाजा | 1.33 लाख |
| 4. साया | 3.17 लाख |
| 5. आरजा स्क्वायर फर्स्ट | 1.74 लाख |
| 6. आरजा स्क्वायर फर्स्ट | 3.17 लाख |
| 7. आरजा स्क्वायर सेकेंड | 1.90 लाख |
| 8. ईएम बार्क | 1.90 लाख |
| 9. गौड़ सिटी | 23.41 लाख |
| 10. एनएक्स वन | 33.45 लाख |
| 11. निओ टाउन | 17.06 लाख |
| 12. निराला एस्टेट | 10.03 लाख |
| 13. निराला एस्टेट | 17.39 लाख |
| 14. ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल | 7.35 लाख |

# ग्रेटर नोएडा में दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर बनेगा सबसे बड़ा गोल चक्कर

● चारों तरफ विकसित होगा बड़ा बाजार, डिजाइन तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



*"शहर के सबसे बड़े गोल चक्कर के चारों ओर कनॉट प्लेस की तर्ज पर बाजार विकसित किया जाएगा। इसके लिए डिजाइन तैयार हो गई है। इसकी योजना निकालने के लिए तैयारी चल रही है।"*



*-नरेंद्र भूषण, सीईओ*

शहर के सबसे बड़े गोल चक्कर के चारों ओर कनॉट प्लेस की तर्ज पर बाजार विकसित किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसकी डिजाइन तैयार करवा ली है। इस बाजार को विकसित करने के लिए जल्द ही काम शुरू होगा। प्राधिकरण इसके लिए योजना निकालेगा। इसकी तैयारी चल रही है। ग्रेटर नोएडा का सबसे बड़ा गोल चक्कर चाई-फाई सेक्टर के पास है।

इस गोल चक्कर के चारों ओर व्यवसायिक जमीन पहले से आरक्षित है। इसके आसपास का इलाका बहुत ही खुला हुआ है। इस गोल चक्कर के चारों ओर कनॉट प्लेस की तर्ज पर बाजार विकसित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का प्रयास है कि यह बाजार इस शहर का माइलस्टोन साबित हो। इसके लिए तैयारी चल रही है। इस बाजार के विकसित होने से शहर के लोगों को बहुत ही आसानी होगी। एक ही क्षेत्र में हर तरह का सामान मिल सकेगा। घूमने फिरने की जगह मिल सकेगी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शारदा विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित कराए गए हैकाथन में इस कनॉट प्लेस की डिजाइन तैयार करवाई गई थी। इस गोल चक्कर के चारों ओर बाजार विकसित करने के लिए डिजाइन तैयार है।

इसी डिजाइन के आधार पर इस को विकसित किया जाएगा। डिजाइन बनाने वाले बच्चों को प्राधिकरण ने सम्मानित भी किया था। जेवर एयरपोर्ट पर काम शुरू होने के साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस इलाके को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में बसावट अभी अन्य जगहों की तुलना में कम है। जेवर एयरपोर्ट के साथ ही यहां पर हलचल तेज हो गई है। दरअसल यह इलाका ग्रेटर नोएडा जेवर एयरपोर्ट से काफी नजदीक है।

इस गोल चक्कर के आसपास दर्जनों सोसाइटी हैं। इन सोसायटी में लोग रह रहे हैं। अब यह इलाका और तेजी के साथ विकसित होगा। चाई. फ ाई गोल से करीब 1 किलोमीटर की दूरी में यमुना एक्सप्रेसवे है। करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय है।

यहां से 2 किलोमीटर चलकर आप नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर पहुंच सकते हैं। ग्रेटर नोएडा शहर के लिए कई विकल्प हैं। इस इलाके में आसानी से पहुंचा जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा में बीटा-2 स्थित मॉल का नाम ओमेक्स कनॉट प्लेस है। इसलिए पहले सबसे बड़ी गोल चक्कर के पास विकसित होने वाले इस बाजार का नाम कनॉट प्लेस के नाम पर रखने की तैयारी थी। लेकिन, अब इसका नाम बदल सकता है।

# गांवों में 8 घंटे तक रही बिजली गुल, बाजार में अंधेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



प्रदर्शन करते लोग।

सेक्टर-22 चौड़ा गांव और आसपास के गोवों में लोगों को लाइट ना होने के कारण परेशानी झेलनी पड़ा। वहीं नोएडा जैसे हाईटेक शहर में काफी दिनों से लाइट कटौती हो रही है।

ऊर्जा निगम से सोशल मीडिया पर लगातार बिजली की आपूर्ति की मांग की जा रही है। स्थानीय निवासी सर्वेश सिंह का कहना है बीते 15 दिनों से गांव में हर दिन घंटों तक बिजली सेवा को बाधित किया जा रहा है। रविवार के दिन ऑफिस की छुट्टी रहती है लेकिन सोमवार की सुबह से बिजली न होने के कारण आराम हराम हो गया है। चौड़ा गांव में किराए पर रह रहे धीरज कुमार का कहना है कि सुबह 11:00 बजे से वर्क फ्रॉम होम के जरिए ऑफिस का काम करना था लेकिन लाइट ना होने के कारण दफ्तर का काम ठप पड़ा हुआ है। नोएडा जैसे शहर में इस तरीके की लापरवाही हो रही है। बिजली की कटौती होने के कारण ऑफि स का काम करने में दिक्कत हो रही है।

आटा चक्की चलाने वाले विक्रेता नरेश बैरागी का कहना है कि रविवार होने के कारण अधिकतर गेहूं पीसने के लिए आता है लेकिन बिजली सुबह से गई हुई है। जिसके वजह से आटा पीसने वाली मशीन नहीं चल पा रही है।

लाइट न होने के कारण काम ठप पड़ा हुआ है। अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। गांव निवासी भूतदत्त शर्मा का कहना है कि नोएडा जैसे हाईजैक शहर में बिजली की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## गौतम बुद्ध नगर में डेंगू के तीन नए मामले आए

**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में सोमवार को डेंगू के तीन मामले सामने आए। स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि बीते 24 घंटे के दौरान एलाइजा जांच में तीन नये मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि डेंगू के छह मरीजों का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जनपद में अब तक 639 मरीज डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं।

# ग्रामीणों ने रोका डंपिग ग्राउंड का काम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● लोगों ने विरोध करते हुए दिया धरना

गांव गालंद में सॉलि्ड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का विरोध लगातार बढ़ रहा है।

इस प्लांट के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में रोष है, बाउंड्री वॉल के निर्माण के कार्यों को फिर रोक दिया गया। गाजियाबाद नगर निगम इस प्लांट का निर्माण कराना चाहता है लेकिन ग्रामीण नहीं चाहते कि इस प्लांट का यहां निर्माण हो। सोमवार को जैसे ही बाउंड्री का निर्माण कराने के लिए नगर निगम की टीम पहुंची तो ग्रामीणों ने टीम का विरोध किया और विरोध स्वरूप धरने पर बैठ गए।

फिलहाल तनाव को देखते हुए हापुड़ जिला प्रशासन ने नगर निगम को यहां बाउंड्री बनाने के लिए मना कर दिया है। बुधवार को भी ग्रामीणों ने नगर निगम की जमीन पर तैयार की गई। बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया था।

इस मामले को लेकर ग्रामीण और हापुड़ प्रशासन के बीच तनाव चल रहा है। आपको बता दें कि यह जमीन गाजियाबाद और हापुड़ जिला की सीमा पर स्थित है, इसलिए कानून व्यवस्था को संभालने के लिए हापुड़ प्रशासन को जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक इस मामले में नगर निगम के अवर अभियंता योगेश कुमार ने लगभग 300 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# बिजली विभाग में 82 लाख रुपये की हेराफेरी, सहायक खजांची निलंबित

**पायोनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतम बुद्ध नगर के रबूपुरा क्षेत्र के बिजली विभाग में उपभोक्ताओं के 82 लाख रुपये के कथित गबन का मामला सामने आया है।

मामले में सहायक खजांची को निलंबित कर दिया गया है। बिजली विभाग के मुख्य अधिशासी अभियंता बीएन सिंह ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के रबूपुरा क्षेत्र के विद्युत निगम में उपभोक्ताओं के 82 लाख रुपये के गबन की शिकायत मिली थी। इस मामले में खजांची सत्येंद्र कुमार को नोटिस भेजा गया, साथ ही विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई थी। खजांची सत्येंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि मार्च तथा अप्रैल 2021 में उपभोक्ताओं से बिजली बिल का भुगतान लेकर उसने उसे निगम के बैंक खाते में जमा नहीं कराया। विभागीय स्तर पर जांच होने पर दो महीने में 82 लाख रुपये के गबन का खुलासा हुआ है। इस मामले में निगम ने पुलिस में भी शिकायत की थी।

# कीमती उपहार देने के नाम पर ठगी, 4 नाइजीरियाई गिरफ्तार

● सोशल मीडिया पर करते थे दोस्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिलाओं से दोस्ती कर उन्हें कीमती उपहार भेजने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने सोमवार को बताया कि नोएडा के सेक्टर-28 में रहने वाले सेना के एक अधिकारी की पत्नी ने शिकायत में कहा है कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उनसे दोस्ती की और खुद को विदेशी बताया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को कीमती उपहार भेजने और उसके कस्टम (सीमा शुल्क विभाग) में फंसे होने की बात कह कर लाखों रुपये ठग लिए।

अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना सेक्टर 20 पुलिस ने सोमवार को प्राप्त सूचना के आधार पर नाइजीरियाई मूल के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान ब्राहिम लिंकन, सल्वेस्टर, मस्तीन तथा जस्टिन के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 12 मोबाइल फोन, लैपटॉप, तथा साढे तीन लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। अधिकारी ने उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी खुद को अमेरिकी, ब्रिटिश आदि बताकर भारतीयों से सोशल मीडिया पर दोस्ती करते और फिर महंगे उपहार देने के नाम पर उनके साथ ठगी करते थे। पुलिस इस संबंध में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# प्राधिकरण अफसरों ने सामने निवासियों ने गिनाई समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग और इलेक्ट्रिकल की टीम ने रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर.3 का निरीक्षण किया। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के डीजीएम सलिल यादव के नेतृत्व में टीम ने सेक्टर-3 के एए बीए सी और डी ब्लॉक के निवासियों और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से मिले। निवासियों ने बताया कि सेक्टर में बीए सी और डी ब्लॉक में बिजली के पोल पर पेंट नहीं है। कुछ पोल पर लाइट नहीं लगी है। टीम ने सभी तरह के कूड़े का उचित निस्तारण करने में निवासियों से सहयोग मांगा। नियमित रूप से गाड़ी कूडा उठाने और साफ सफाई सुचारू रूप से करने पर जानकारी ली। निवासियों ने सेक्टर के पास बाहर से कूड़ा आने की शिकायत कीए जिस पर प्राधिकरण की टीम ने मौके का निरीक्षण किया।

वहां जेके फ्रूट कंपनी के रैपर जले हुए मिले। अधिकारियों ने कंपनी पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टरवासियों को गीले कचरे से खाद बनाना सिखाया। इस बैठक इलेक्ट्रिकल मैनेजर प्रदीप और उमेश चन्द्र संजीव बिधूडी फ ीडबैक फ ाउंडेशन से इंद्र आकाश और मेहताब आदि मौजूद रहे।

## संपति विवाद में बेटे ने पिता को मारी गोली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में बीती रात को संपत्ति विवाद में बेटे ने अपने पिता के सिर गोली मार दी। घायल पिता को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। पिता को गोली मारने वाला बेटा अभी फरार है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि बीती रात को जेवर थाना क्षेत्र में स्थित मोहल्ला मंगरौली निवासी श्याम सिंह निर्मल को उसके ही बेटे हिम्मत सिंह ने गोली मार दी। जांच में पता चला है कि पिता और बेटे में काफी समय से संपति को लेकर विवाद चल रहा है। बेटे ने कई बार पिता पर जानलेवा हमला किया था।

# नोएडा प्राधिकरण के मुख्य गेट पर किसानों ने बांधी भैंस



नोएडा। नोएडा प्राधिकरण पर किसानों को प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रदर्शन को 90 दिन हो गए हैं लेकिन किसानों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, जिसके चलते किसानों ने आज नोएडा प्राधिकरण के गेट पर पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया है। किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के गेट भैंस बांध दी है। जिसके कारण प्राधिकरण में आने.जाने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा के किसान प्राधिकरण और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। किसानों के प्रदर्शन को 90 दिन हो गए हैं लेकिन किसानों की एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिसके चलते किसानों में प्राधिकरण और अफसरों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार



रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए कानून मंत्री बृजेश पाठक

### गाजियाबाद में खुला फर्टिलिटी क्लीनिक सेंटर

**गाजियाबाद।** पाठक नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में एक कार्यक्रम में अस्पताल ने स्थापित किये गए फर्टिलिटी क्लीनिक फेटल मेडिसिन एंड मेडिकल जेनेटिक का उत्तर प्रदेश का कानून मंत्री बृजेश पाठक ने उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने गाजियाबाद के अस्पताल में शुरू की गई इस सुविधा के लिए प्रबंधन को बधाई दी। आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ गौरी अग्रवाल बताया कि सीड्स ऑफ इनोसेंस 8 भारतीय राज्यों में 14 आईवीएफ और सरोगेसी सेंटर का संचालन करता है। यह 2017 में इन-हाउस जेनेटिक टेस्टिंग लैब वाला देश का पहला आईवीएफ सेंटर भी रहा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का लाभ अब गाजियाबाद के लोगों को भी मिल सकेगा। आईवीएफ सेंटर में पहली और एकमात्र ऐसी मेडिकल फैसिलिटी होगी, जो प्रीमियम ई10 अल्ट्रासाउंड उपकरण जैसी इंटरनेशनल हॉलमार्क मेडिकल टेक्नोलॉजी के साथ-साथ फेटल मेडिसिन (भ्रूण चिकित्सा) के एक समर्पित डिपार्टमेंट से पूर्ण होगी। इस अवसर पर डॉ. दिनेश अरोरा, डॉ. शशि अरोरा, समाजसेवी ललित जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड से जुड़ी निविदाएं खोली गई



**गाजियाबाद।** नगर निगम के ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड से जुड़े टीएसटीपी प्रोजेक्ट की निविदाएं खोल दी गई। खास बात यह है कि टीएसटीपी प्रोजेक्ट हेतु आमंत्रित बीड में तीन कंपनियां वी ए वा बैग लिमिटेड चेन्नई, त्रिवेणी इंजीनियर नोएडा तथा एनवायरो कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सूरत की बिड प्राप्त हुई है दस्तावेजों की जांच कर आगामी कार्यवाही हेतु निविदा भागीदारों को बैठक हेतु सूचित किया जाएगाद्य बैठक में तीनों कंपनियों के प्रतिनिधि के साथ अधिशासी अभियंता जल योगेंद्र यादव सहायक अभियंता जल आश कुमार तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिल्ली क्रिकेट हब ने टीएनएम अकेडमी को हराया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित टीएन मेमोरियल मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को दिल्ली क्रिकेट हब और टीएनएम अकेडमी के बीच मैच खेला गया। दिल्ली क्रिकेट हब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीएनएम अकेडमी ने 37.5 ओवर खेलकर 160 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से भावी शर्मा ने 74 गेंद में 51 रन की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं रक्षम नेगी ने 29 गेंद में 28 रन और ईशान आर्यन ने 50 गेंद में 21 रन बनाए। दिल्ली क्रिकेट हब के गेंदबाज स्वर्णिम, सियांश और मयंक ने 2-2 विकेट की सफलता हासिल की। उसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली क्रिकेट हब की टीम ने 38 ओवर में ही 6 विकेट खोकर 161 रन बना लिए। टीम की ओर से ओपनर बल्लेबाज आर्यव मालिक ने 78 गेंद में 67 रन की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं मयंक ने 22 गेंद में 31 रन और स्वर्णिम ने 43 गेंद में 19 रन बनाए। टीएनएम के गेंदबाज कार्तिक यादव और शांतनु यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए। मैन ऑफ दी मैच का अवार्ड दिल्ली क्रिकेट हब के मयंक को दिया गया।

# पुलिसकर्मियों को किया अंगदान के प्रति जागरूक

## महामारी के दौरान गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा किए गए कार्यो को सराहा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर में 12वें नेशनल ऑर्गन डोनेशन डे के अवसर पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पुलिसकर्मियों हेतु अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अपर पुलिस आयुक्त पुष्पांजलि देवी के मार्गदर्शन में यंग इंडियंस नोएडा.सीआईआई के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसबल को अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 के नियमों, संशोधनों के विषय मे जागरूक करते हुए पुलिस जोकि दुर्घटना और मेडिकोलीगल प्रक्रिया में फ र्स्ट रेस्पांडर रहती हैए अंगदान प्रक्रिया को किस प्रकार सुगम बनाया जा सकता है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस बल को ऑर्गन डोनेशन के सभी पहलुओं से परिचित कराया गया। साथ ही इसके सम्बन्ध में जो भी भ्रांतियां हैं। उन्हें दूर किया गया ताकि पुलिसकर्मी इस महिम को सशक्त बना सकें। इस अवसर पर डॉ संजीव लालवानी एम डी ने अंग प्रत्यारोपण अधिनियम और ऑर्गन डोनेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया और कानूनी पृष्ठभूमि के सम्बंध में बताया। डॉण् सुनयना अरोडा ने ऑर्गन डोनेशन के अवधारणा और महत्व के बारे में बताया है। डीसीपी ट्रैफिक ने गौतमबुद्ध नगर में अंगदान और प्रत्यारोपण प्रक्रिया को ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से सुगम बनाने के सम्बन्ध में अवगत कराया है।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी गौतमबुद्ध नगर छवि रंजन द्विवेदी द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को सडक दुर्घटना के मामलों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना करने और ग्रीन ट्रिब्यूनल में जमा होने वाले जरूरी दस्तावेजों के सम्बंध में जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले पुलिसकर्मियों के अंगदान सम्बन्धी शंकाओं को दूर करते हुए उनके सवालों के जवाब दिए और कोविड महामारी के दौरान गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा किए गए कार्यो को सराहा की। कार्यक्रम के दौरान रवि केम्पेगौडा अपर पुलिस आयुक्त बैंगलोर डॉ संजीव लालवानी एम्स में फ ॉरेंसिक विशेषज्ञ सुनयना अरोडा सीईओ ऑर्गन इंडिया डीसीपी ट्रैफि क नोएडा छवि रंजन द्विवेदी वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी शामिल हुए।

## मासूम बच्चे की गरम पानी से जलकर मौत

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र के बंबावड़ गांव में आठ माह के एक बच्चे के ऊपर गरम पानी गिर जाने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत में शिशु को नोएडा के विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता पंकज कुमार ने बताया कि बंबावड़ गांव निवासी हाशिम का आठ महीने का बेटा अविक अपने घर पर खेल रहा था। उन्होंने बताया कि पास में ही हीटर पर पानी गर्म हो रहा था। बच्चे ने खेलते हुए गर्म पानी पर हाथ मार दिया जिससे खौलता पानी उसके ऊपर गिर गया। घटना में बच्चा गंभीर रूप से जल गया। विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बच्चे की मौत हो गई।

# टॉकटाइम
## यामी गौतम

*एक ऐसी अभिनेत्री, जिन्होंने विक्की डोनर से अपनी शुरुआत की, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में अपने बारे में बता रही हैं कि उनकी नवीनतम फिल्म भूत पुलिस में क्या है, इससे संबंधित चुनौतियां क्या रहीं और यह कि उन्हें प्रेरक कहानियों का हिस्सा बनना पसंद है........*

# मैं सिर्फ फिल्म निर्माण नहीं बल्कि सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं



**n भूत पुलिस में आपके अभिनय ने भारी प्रशंसा अर्जित की। हॉरर-कॉमेडी करना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

मेरे किरदार को कॉमेडी से ज्यादा हॉरर के साथ प्रस्तुत होना था। कोविड-19 के कारण, हम कोई औपचारिक शारीरिक प्रशिक्षण नहीं ले पाए। हमने सेट पर ही फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन, लुक को सही रखने और निर्देशक के मन मुताबिक प्रस्तुति करने के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हॉरर-कॉमेडी के साथ, आप ओवरबोर्ड जा सकते हैं। लेकिन विचार श्रृंखला को उस तरफ बनाए रखना होता था। यह चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हमें ठंड में भारी मेकअप के साथ शूट करना था। मुझे तूफान और बारिश में नंगे पैर शूटिंग करना याद है। जब हम कोई फिल्म देखते हैं, तो हमें कैमरे के पीछे का संघर्ष दिखाई नहीं देता। मुझे खुशी है कि लोगों ने मेरे प्रदर्शन और परियोजना में ईमानदार प्रयास देखा।

**n आपने एक के बाद एक हिट फिल्में दी हैं - उरी, बाला और अब भूत पुलिस। क्या राज है?**

कोई राज नहीं है। ऐसे एक्टर्स हैं जो अभी भी बहुत लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में आपकी संवेदनशीलता समय के साथ बढ़ती जाती है। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभव प्राप्त करते जाते हैं, वे बेहतर होते जाते हैं। सिनेमा और परिप्रेक्ष्य के बारे में आपकी समझ का विस्तार होता है, और यह वास्तव में मायने रखता है। मुझे अपने सहजबोध से काम करना पसंद है। बेशक, कुछ प्रोजेक्ट दर्शकों को पसंद नहीं आते, लेकिन यह ठीक है। मेरी कोशिश हमेशा फिल्म में उस तत्व को तलाशने की होगी। मैं एक ऐसी स्क्रिप्ट चुनना चाहती हूं जहां ईमानदार कोशिश हो और उसमें कुछ शुद्धता हो। मैं किसी प्रोजेक्ट मेकिंग का हिस्सा नहीं बनना चाहती। मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं।

**n आपके पास विभिन्न शैलियों में पाइपलाइन में रिलीज फिल्म-श्रृंखला है। एक पात्र से दूसरे पात्र में स्विच करना कितना कठिन या आसान था?**

> **मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।**

यह आसान नहीं है, और इसमें थोड़ा समय लगता है। दुर्भाग्य से, जिस तरह से महामारी ने हम पर प्रहार किया, उसने कार्यशैली की कथा को बदल दिया। क्योंकि हमें सतर्क रहना था, हमने स्वास्थ्य को पहले स्थान पर रखा था। इसलिए, इसलिए ज्यादा काम की आवश्यकता थी। उदाहरण के लिए, जब मैं दासवी और ए गुरुवार की शूटिंग कर रही थी, मैं बैक-टू-बैक काम कर रही थी। जिस दिन मैं आगरा से लौटी, मैं ए थर्सडे के सेट पर फिल्म का अहसास लेने के लिए गयी। मैं अपनी स्क्रिप्ट और होमवर्क को लेकर पूरी तरह से तैयार हूं। काश मुझे तैयारी के लिए और समय मिलता।

**n आपने विभिन्न शैलियों की खोज की है। आपको किस तरह की भूमिकाओं में दिलचस्पी है?**

मैं वास्तविक जीवन का किरदार निभाऊंगी और प्रेरक कहानी का हिस्सा बनूंगी। मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना, या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, ऐसी कहानियां, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**n ऐसी विविध भूमिकाओं को निभाने की प्रेरणा आपको कहां से मिलती है?**

प्रेरणा भीतर से आती है। यह आपकी वृत्ति में मौजूद होती है कि आप किस ओर आकर्षित होते हैं। मुझे लगता है कि जब तक आप कोशिश नहीं करेंगे तब तक आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आप क्या कर सकते हैं। इसलिए मैंने इन फिल्मों को उदाहरण के तौर पर कहा है। आपको स्वयं को तलाशने का अवसर देने के लिए स्वतंत्र और बेहिचक होना चाहिए। मैं कुछ ऐसे अभिनेताओं की ओर देखती हूं जो, जो कुछ भी करते हैं उसमें शानदार होते हैं और अत्यंत विविधतापूर्ण होते हैं। जब मैं कोई अच्छी फिल्म या प्रदर्शन देखती हूं तो मुझे प्रेरणा मिलती है। मैं उस विचार में खुद की कल्पना करना शुरू कर देती हूं।

**n लोग आपको मिडास टच वाली लड़की कहते हैं। आपको सुनकर कैसा लगता है?**

यह सचमुच में प्यारा है अगर कोई ऐसा सोचता है। मैं सही दिशा में काम करते रहना चाहती हूं और उम्मीद है कि मुझे और दिलचस्प प्रोजेक्ट मिलेंगे। यही कारण है कि कोई मेरे बारे में जानना या मेरे बारे में लिखना चाहेगा। यह रिश्ता मेरे द्वारा किए गए अच्छे काम पर आधारित है। और यह तभी संभव है जब मैं कोई ऐसा प्रोजेक्ट करूं जो मुझे पसंद हो, न कि कोई ऐसी चीज जो चली आ रही हो।

# मुझे जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद है

मराठी फिल्म वन वे टिकट निर्माता कोमल उनायने ने शालिनी सक्सेना के साथ अन्य चीजों के साथ एक गीत के साथ अभिनय की शुरुआत करने के बारे में चर्चा की



**v एक निर्माता के रूप में आपकी शुरुआत कैसे हुई?**

सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के नाते मैं हमेशा से एंटरप्रेन्योर बनना चाहती थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं किसी के लिए काम करूंगी। मैं खुद अपना मालिक बनना चाहती थी। यह तब हुआ जब मैंने एक कंपनी शुरू करने का फैसला किया। इसके तहत हम टीवीसी, डिजिटल विज्ञापनों में फिल्में और ब्रांड प्रमोशन का निर्माण कर रहे थे। मैंने काफी अनुभव हासिल किया और बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए आश्वस्त हुई। यह तब हुआ जब मैंने फैसला किया कि मैं एक कदम आगे बढ़कर एक फीचर फिल्म का निर्माण किया।

**v क्या आपके मन में हमेशा मनोरंजन उद्योग में करियर बनाना था?**

हां, कुछ मायनों में यह हमेशा दिमाग में होता है। एक बार जब मैंने इंजीनियरिंग में अपना कोर्स पूरा कर लिया, तो मैं ऐसे रास्ते तलाश रही थी जहाँ मैं अपने रचनात्मक पक्ष को उजागर कर सकूं। मनोरंजन उद्योग रचनात्मकता से भरा है। उद्योग आपको खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देता है। यह एक ऐसी जगह है जहां आप अपने जुनून का पीछा कर सकते हैं।

**v महिला निर्माता के रूप में आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

हम सभी जानते हैं कि मनोरंजन उद्योग पुरुष प्रधान है। उद्योग में एक महिला के रूप में, हां, अपनी खास तरह की चुनौतियां सामने आती है। यहां -वहां कुछ संघर्ष होते हैं। मैं हमेशा उस उज्ज्वल पक्ष को देखती हूं जो जीवन पेश करता है। इसलिए, मैं हमेशा जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद करती हूं।

**v आप मराठी फिल्मों में कैसे आईं?**

अवधारणा ने मुझे रोमांचित किया। यह पहली बार था कि एक मराठी फिल्म की शूटिंग यूरोप के चार यूरोपीय देशों और क्रूज में की गई थी। मुझे यात्रा पसंद है। मैं एक ऐसी फिल्म बनाना चाहती थी जहां आप यात्रा देख सकें। एक अभिनेता के रूप में मेरा डेब्यू गीत तू जहां फिर मिले भी एक यात्रा गीत है।

**v एक निर्माता से एक अभिनेता बनना। ये कैसे हुआ?**

ऐसी कोई योजना कभी नहीं थी। यह अभी हुआ। मोहित चौहान के गीत निर्देशक लकी हंसराज को नए चेहरे की तलाश थी। मैं भाग्यशाली थी कि उन्होंने मुझसे पूछा। मैं हैरान थी और शुरू में काफी हिचकिचा रही था। लेकिन दोनों ने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं अभिनय कर सकती हूं। इसलिए आज मैं यहां हूँ।

**v डेब्यू करने के लिए गीत क्यों चुना?**

कोई योजना नहीं थी, यह सिर्फ सहज भाव से हो गया। मोहित चौहान का नाम मेरे लिए काफी है।

**v मराठी उद्योग में क्या परिवर्तन हुए हैं?**

लोग कहेंगे कि मैं पक्षपाती हूं। लेकिन उद्योग कुछ बहुत ही शानदार और वास्तव में सुंदर फिल्में बना रहा है .. उद्योग ने बड़ी छलांग लगाई है और आज डटकर खड़ा है।

**v क्या यह बॉलीवुड से अलग है?**

जैसा कि मुझे टीवीसी के निर्माणन और डिजिटल फिल्मों के विज्ञापन में अधिक अनुभव मिला है, मुझे लगता है कि हर उद्योग समान है। आप बस इतना करना चाहते हैं कि एक अच्छा उत्पाद पेश करें जहां दर्शक आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना करेंगे। जब तक दर्शक आपके काम से खुश हैं, तब तक आप आगे बढ़ने के लिए अच्छे हैं।

# मैंने गांधी को क्यों मारा

**निर्देशक: अशोक त्यागी**
**निर्माता: कल्याणी सिंह**
**अभिनीत: अमोल कोल्हे ( नाथूराम गोडसे )**
**प्रस्तुतकर्ता: मान सिंह**
**रिलीज की तारीख: 30 जनवरी, 2022**



ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आपको ऐसी फिल्में देखने को मिलती हैं जो वास्तविक जीवन से ली जाती हैं, खासकर जब उन लोगों की जीवन कहानियों की बात आती है जिन्होंने भारत को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ छोड़ दिया। मान सिंह की व्हाई आई किल्ड गांधी, गांधीजी की हत्या के मुकदमे के दौरान नाथूराम गोडसे द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कानूनी बयान का चित्रण है। न्यायमूर्ति आत्म चरण की अनुमति से नाथूराम गोडसे ने अदालत के समक्ष बयान पढ़ा। पूरे बयान को पढ़ने में करीब साढ़े चार घंटे का समय लगा। बाद में इसे इसी शीर्षक से एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। यह पुस्तक सभी लोकप्रिय ई-कॉमर्स साइटों पर स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है।

सभी जानते हैं कि गांधी जी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी। लेकिन ज्वलंत प्रश्न - जिसने उन्हें इतना चरम कदम उठाने के लिए प्रेरित किया - का उत्तर कभी नहीं दिया गया। हालाँकि, एक धारणा बनाई गई है कि गोडसे एक आतिवादी या मानसिक रूप से असंतुलित हिंदू चरमपंथी था। हालाँकि, जब आप उनका बयान पढ़ते हैं, तो आपको पता चलता है कि वे पुणे के एक स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने एक समाचार पत्र अग्रनी का संपादन किया।

1964 में, सरकार ने गांधीजी की हत्या के कारणों की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस जेएल कपूर के अधिकार क्षेत्र में एक सदस्यीय आयोग की स्थापना की। न्यायमूर्ति जेएल कपूर ने 1970 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और फिल्म की शुरुआत में 10 मिनट की टिप्पणी उस रिपोर्ट के अध्याय 12 से चयनित अंशों का पुनरुत्पादन है। फिल्म के शेष 35 मिनट, संपादित संस्करण, गोडसे द्वारा अदालत में प्रस्तुत कानूनी बयान है। फिल्म में बोला गया हर शब्द इस कानूनी दस्तावेज से लिए गए शब्दों का अनुवाद है। नाथूराम गोडसे को फांसी दिए जाने के बाद से फिल्म जो खुलासा करती है, उसे व्यवस्थित रूप से दबा दिया गया है और यह 20 वीं शताब्दी के भारत के इतिहास को देखने के लिए एक मौलिक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य देता है।

# पेसमेकर के साथ पीसमेकर




एक मजबूत सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, श्री सैनी अदम्य भावना रखने वाली एक जुझारू सेनानी हैं, उन्होंने अपने जीवन में समस्त अप्रत्याशित परिस्थितियों से लड़ाई लड़ी, और कम समय में लाखों लोगों का दिल जीता और अमेरिका की प्रिय शख्सियत बन गईं। पंजाब में जन्मी और वाशिंगटन में पली-बढ़ी सैनी को प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए लॉस एंजिल्स में मिस वर्ल्ड अमेरिका मुख्यालय में मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताज पहनाया गया।

वह सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन महत्वपूर्ण पुरस्कारों की विजेता हैं- मिस होप हार्ट वाशिंगटन, मिस इंडिया यूएसए और मिस इंडिया वर्ल्डवाइड।

वर्तमान मिस वर्ल्ड अमेरिका के रूप में, वह मिस वर्ल्ड की तैयारी कर रही हैं और क्राई, यूनिसेफ और अपने स्वयं के श्री सैनी फाउंडेशन, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, के साथ सामाजिक कार्यों के लिए अपना समय दे रही हैं।

सैनी कहती हैं, ''मेरे दिल की सर्जरी और दुर्घटना के बाद बिस्तर पर पड़े रहने के कारण बहुत अधिक भावनात्मक आघात हुआ। मैं समझ गयी थी कि भावनात्मक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। मैंने किताबें पढ़ीं और मेरे माता-पिता ने मुझे दूसरों को प्रेरित करने के लिए अपनी जीवन कहानी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।''

यह सच है कि यह आप ही हैं जो एक सुखी या दुखी जीवन जीने का निर्णय लेते हैं और आपके आस-पास के लोग इसे बेहतर या बदतर बनाते हैं। सैनी का कहना है कि हालांकि वह एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हैं, लेकिन उनके साथ के लोग बहुत प्रेरणादायी और प्यार करने वाले थे।

छोटे शहरों में लोगों के बड़े सपने होते हैं लेकिन यह उनके लिए आसान नहीं होता, विपत्तियां हावी हो जाती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप पहुंच बनाएं और मदद लें, गुरुओं और परामर्श की तलाश करें। सैनी कहती हैं, ''मैंने अपने घर और मन में दुख झेला, मदद मांगी, सलाह ली, सलाहकारों की तलाश की, हमारे पास बहुत सारे संसाधन हैं, अपने पादरी से बात करें, पाठ्येतर गतिविधियों के लिए आवेदन करें, प्रेरक वीडियो खोजें और ऑडियो बुक्स सुनें, डर का सामना करने के लिए खुद को चुनौती दें और डर का सामना करते हुए आगे बढ़ें, जब आप उन चीजों को करते हैं जिनसे आप सबसे ज्यादा डरते हैं, तो डर का आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, आपने डर पर विजय प्राप्त कर ली होती है।''

सैनी की विपत्तियों ने उन्हें व्यापक दृष्टिकोण रखने में मदद की। वह कहती हैं, ''मैं अब अपनी चुनौतियों से विचलित नहीं होती, मैं समाधान ढूंढती हूं। मैं अपने आप से पूछती हूं, इस समस्या के शीर्ष पांच समाधान क्या हैं, क्या मैं उन्हें लागू करने या अनिर्णय में फंसने का साहस करूंगा? मैं खुद को निर्णायक बनने और एक झटके से जल्दी उबरने की चुनौती देती हूं।''

बड़ी होती, सैनी का पसंदीदा काम अपनी मां और भाई के साथ पुस्तकालय जाना था। उसने मोस्ट बुक्स रीड अवार्ड और सिल्वरवुड टिकट भी हथिया लिया। वह कहती हैं, '' मेरे पास बहुत सारे ट्रीट कार्ड या मुफ्त शर्ट थे क्योंकि मैंने बहुत सारी किताबें पढ़ीं। मेरी मां मुझे और मेरे भाई को लगभग हर दिन पुस्तकालय ले जाती थीं और हमें किताबें पढ़ने और उनके साथ चर्चा करने के लिए कुछ भत्ता देती थीं। हमारे होम लाइब्रेरी में अब 1000 से अधिक किताबें हैं।''

मिस वर्ल्ड दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसका 70वां साल दिसंबर, 2021 में पूरा हो रहा है।

यह एक चौरिटी-आधारित प्रतियोगिता है जिसमें 125 से अधिक देश प्रतिस्पर्धा करते हैं। सैनी बताती हैं, '' मैं दुनिया भर के प्रतियोगियों द्वारा किए गए काम से रोमांचित थी। मैं छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड का हिस्सा बनना चाहती था, मेरे पास छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड के रूप में मेरी तस्वीर है।'' मिस वर्ल्ड अमेरिका का ताज पहनाया जाना सैनी को समाज की मदद करने से नहीं रोक पाया। इस संबंध में उनका पसंदीदा हिस्सा यह है कि यह उन्हें गैर-लाभकारी प्रमुखों से मिलने और उनके साथ काम करने, उनकी सेवा करने और सोशल मीडिया पर उनकी परियोजनाओं के बारे में बात करने में मदद करता है। ''प्रत्येक गैर-लाभकारी संस्था का एक महान लक्ष्य होता है, सभी कार्य महत्वपूर्ण होते हैं। मैं विशेष रूप से अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) की आभारी हूं, मैं चिकित्सा पेशेवरों द्वारा किए गए आविष्कारों के कारण जीवित हूं। मुझे अहा की सेवा करना अच्छा लगता है, मेरा पेसमेकर एक हालिया आविष्कार है, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं अहा की सेवा कर रही हूं।'' सैनी कहती हैं।

> **श्रीसैनी, जो एक अदम्य भावना रखने वाली जुझारू सेनानी हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में बता रही हैं कि वह एक सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य की प्रबल हिमायती हैं**

सैनी के लिए, अपने और दूसरों के साथ शांति से रहना ही सफलता है। वह कहती हैं कि जीवन में हम कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करेंगे, हमारे भावनात्मक प्रबंधन, हमारी बौद्धिक प्रतिक्रियाएं, हमारी भावनात्मक भलाई, हमारे व्यवहारिक विकल्प और अराजकता पर शांत होने की हमारी क्षमता सफलता है।

''हम किसी भी तनावपूर्ण स्थिति के जवाब में तनाव पैदा नहीं कर सकते हैं, हमें शांतचित्त बने रहने और खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या यह मेरे मन की शांति के लायक है। मैं एक पेसमेकर के साथ एक शांतिदूत हूं।'' सैनी कहती हैं। सैनी ने महामारी में जो एक महत्वपूर्ण सबक सीखा, वो यह है कि जब लोग एक साथ मिलकर सामाजिक दूरी को सामाजिक अलगाव समझने की गलती करते हैं तो इंसान अच्छा करता है।'' हमें दूरी रखने के लिए कहा गया था, लेकिन हमें दूर होने के लिए नहीं कहा गया था, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों को बनाए रखते हुए, हम अभी भी बाहर पार्कों में मिल सकते हैं और एक-दूसरे को खुशी और समर्थन ला सकते हैं।'' सैनी बताती हैं।

# कोरोना के नए वैरिएंट के खतरे के बीच भारत ए का सामना दक्षिण अफ्रीका ए से

## पहला चार दिवसीय टेस्ट पिछले सप्ताह खराब मौसम के कारण ड्रॉ रहा

**एजेंसी।** ब्लोमफोंटेन

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के खतरे के बीच भारत ए टीम मंगलवार से शुरू हो रहे दूसरे अनधिकृत टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी तो सीनियर टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहेंगे। पहला चार दिवसीय टेस्ट पिछले सप्ताह खराब मौसम के कारण ड्रॉ रहा। इस बीच कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के कारण कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका से यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी वजह से नीदरलैंड ने जोहानिसबर्ग में होने वाले आखिरी दो वनडे नहीं खेलने का फैसला किया। भारत ए टीम हालांकि यहां बायो बबल में रूकी है। मैच दर्शकों के बिना खेले जा रहे हैं और भारत की सीनियर टीम भी नौ दिसंबर को यहां सात सप्ताह के दौरे पर आ रही है। हालात बिगड़ने पर हालांकि दौरा रद्द हो सकता है जिसमें तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी20 मैच खेले जाने हैं। भारत ए के खिलाड़ियों को हालांकि महामारी के बारे में सोचने की बजाय पूरा फोकस क्रिकेट पर रखना होगा। पहले मैच में बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और अभिमन्यु ईश्वरन ने शतक जमाया जबकि कप्तान प्रियांक पांचाल ने 96 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने दक्षिण



अफ्रीका के 509 (पारी घोषित) के जवाब में चार विकेट पर 308 रन बनाए। आखिरी दिन बारिश के कारण मैच नहीं हो सका। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने 48 रन बनाए और वह एक बार फिर अच्छी पारी खेलना चाहेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में नहीं चुने गए हनुमा विहारी 25 रन ही बना सके और अब लय हासिल करना चाहेंगे।

भारत की गेंदबाजी चिंता का सबब है क्योंकि मेजबान टीम ने रनों का अंबार लगा दिया था। नवदीप सैनी और अर्जन नागवासवाला को दो दो विकेट मिले जबकि उमरान मलिक एक ही विकेट ले सके। स्पिनरों में राहुल चाहर ने 125 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन के गौतम और बाबा अपराजित नाकाम रहे। मेजबान के लिए पीटर मलान (163) और टोनी डे जोर्जी (117) ने शतक जमाए जबकि जे स्मिथ, एस केशिले और जॉर्ज लिंडे ने अर्धशतक बनाए।

### टीमें इस प्रकार से

**भारत ए :** प्रियांक पांचाल (कप्तान), पृथ्वी साव, हनुमा विहारी, अर्जन नागवासवाला, देवदत्त पडीक्कल, सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन, नवदीप सैनी, के गौतम, बाबा अपराजित, राहुल चाहर, ईशान पोरेल, सौरभ कुमार, उमरान मलिक, उपेंद्र यादव।

**दक्षिण अफ्रीका ए :** पीटर मालन (कप्तान) डोमिनिक हेंडरिक्स, रेनार्ड वान टोंडेर, जैसन स्मिथ, टोनी डे जोर्जी, सारेल एरवी, सेनुरान मुथुस्वाम, जॉर्ज लिंडे, मार्को जांसेन, मिगाएल प्रिटोरियस, सिनेथेम्बा केशिले, बूरान हेंडरिक्स, लुथो सिपामाला, ग्लेनटोंन एस।

**मैच का समय :1: 30 बजे से।**

# रचिन और ऐजाज ने भारत से छीनी जीत, पहला टेस्ट ड्रॉ

**एजेंसी।** कानपुर

न्यूजीलैंड के लिए अपना पहला टेस्ट खेल रहे रचिन रविंद्र और ऐजाज पटेल ने जबर्दस्त साहस और संयम का परिचय देते हुए अंतिम विकेट बचाकर भारत को तय लग रही जीत से वंचित कर दिया और पहला टेस्ट पांचवें और आखिरी दिन ड्रॉ पर छूटा।

जीत के लिए 284 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम ने नौ विकेट पर 165 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 345 रन बनाए थे जबकि दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित की थी। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 296 रन पर आउट हुई थी। पांचवें और आखिरी दिन पहले सत्र में जहां कीवी बल्लेबाजों का दबदबा रहा तो दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट लेकर वापसी की। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: तीन और चार विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर ही दी थी लेकिन रविंद्र और ऐजाज ने अंगद की तरह क्रीज पर पांव धरकर मेजबान के मंसूबों पर पानी फेर दिया। न्यूजीलैंड का नौवा विकेट 155 के स्कोर पर 90वें ओवर में गिरा और उसके बाद भी आठ ओवर खेले जाने बाकी थे। भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे ने काफी आक्रामक फील्ड भी लगाई लेकिन रविंद्र (18) ने 91 गेंद और ऐजाज (दो) ने 23 गेंद खेलकर



मैच को ड्रॉ की ओर धकेल दिया।

भारत को आखिरी सत्र में छह विकेट की जरूरत थी लेकिन एक अदद विकेट आखिर में नहीं मिल सका और जीत हाथ से फिसल गई। इस बीच हरभजन सिंह को पछाड़कर अश्विन टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। पहले सत्र में विल समरविले और टॉम लैथम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी लेकिन दूसरा सत्र भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा जिन्होंने तीन विकेट चटकाए। उमेश यादव ने लंच के ठीक बाद समरविले को शॉर्ट गेंद पर आउट किया जिन्होंने 110 गेंद में 36 रन बनाए। शुभमन गिल ने लांग लेग सीमा पर उनका कैच लपका। विलियमसन पहली पारी की तुलना में आत्मविश्वास से भरे दिखे जिन्होंने ईशांत शर्मा को चौका भी जड़ा ईशांत का फॉर्म फिर निराशाजनक रहा।

रोस टेलर को चाय से पहले रविंद्र जडेजा ने आउट किया। टॉम लैथम (146 गेंद में 52 रन) ने एक और अर्धशतक बनाया जो अश्विन की गेंद पर आउट हुए। अश्विन का यह 80वें टेस्ट में 418वां विकेट था जिन्होंने हरभजन को पछाड़ा। हरभजन के 103 टेस्ट में 417 विकेट हैं। आखिरी सत्र में जडेजा ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (24) को पगबाधा आउट करके भारत की उम्मीदें बंधाई। उन्होंने जैमीसन (पांच) और साउथी (चार) को भी पवेलियन भेजा। सुबह भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई मदद नहीं मिली। जडेजा की एक गेंद पर लैथम चकमा जरूर खा गए। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर भारत ने डीआरएस लिया लेकिन रिव्यू से साफ था कि गेंद विकेट पर नहीं पड़ रही थी। ईशांत शर्मा और उमेश यादव भी इस पिच पर टिम साउथी और काइल जैमीसन जैसी गेंदबाजी नहीं कर सके। ईशांत पहले स्पैल में बिल्कुल लय में नजर नहीं आए। उन्होंने और उमेश ने शॉर्ट गेंदें भी डाली लेकिन समरविले विचलित नहीं हुए। आम तौर पर दसवें नंबर पर उतरने वाले समरविले ने उमेश को तीन चौके भी जड़े जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

**भारत पहली पारी : 345 रन**
न्यूजीलैंड पहली पारी : 296 रन
भारत दूसरी पारी : सात विकेट पर 234 रन (घोषित)
न्यूजीलैंड दूसरी पारी :
टॉम लैथम बो अश्विन 52
विल यंग पगबाधा अश्विन 2
विलियम समरविले का गिल बो यादव 36
केन विलियमसन पगबाधा बो जडेजा 24
रोस टेलर पगबाधा बो जडेजा 2
हेनरी निकोल्स पगबाधा बो पटेल।
टॉम ब्लंडेल बो अश्विन 2
रचिन रविंद्र नाबाद 18
काइल जैमीसन पगबाधा बो जडेजा 5
टिम साउथी पगबाधा बो जडेजा 4
ऐजाज पटेल नाबाद 2
अतिरिक्त :17 रन
**कुल योग :** 98 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन
**विकेट पतन :** । . 3, 2 . 79, 3 . 118, 4 . 125, 5 . 126, 6 . 128, 7 . 138 , 8 . 147, 9 . 155

# अश्विन ने हरभजन को पीछे छोड़ा, तीसरे भारतीय गेंदबाज बने



**एजेंसी।** कानपुर

भारत के अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सोमवार को हरभजन सिंह को पछाड़कर भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए।

अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में यह कमाल किया। इस सूची में शीर्ष पर महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने 434 टेस्ट विकेट लिए हैं। अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन टॉम लैथम को आउट करके 418वां विकेट लिया। हरभजन ने 103 टेस्ट में 417 विकेट लिए थे। अश्विन ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में तीन विकेट चटकाए थे।

हरभजन ने कहा, मैं अश्विन को बधाई देना चाहता हूं। उम्मीद है कि वह भारत के लिए और कई मैच जीतेगा। उन्होंने कहा, मुझे तुलना पसंद नहीं है। हमने अलग दौर में अलग विरोधियों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेली।

मैने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अब अश्विन वही कर रहा है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 13वें स्थान पर आ गए। उन्होंने पाकिस्तान के वसीम अकरम (414) को भी पछाड़ा।

मौजूदा टेस्ट क्रिकेटरों में अश्विन से अधिक विकेट इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (524) और जेम्स एंडरसन (632) के हैं। अश्विन ने दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने बल्ले से भी जौहर दिखाते हुए 2685 रन बनाए हैं जिसमें पांच शतक शामिल है। उन्होंने 111 वनडे में 150 और 51 टी20 में 61 विकेट लिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टेबलेट गले में फंसने के कारण जब बुरी तरह डर गए थे स्टोक्स

**ब्रिसबेन।** इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स ने खुलासा किया है कि एक टेबलेट गले में फंस जाने के कारण वह बुरी तरह डर गए थे कि अब उनका अंत निकट आ गया है। आठ दिसंबर से शुरू हो रही एशेज श्रृंखला से पहले स्टोक्स अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य कारणों और अंगुली में फ्रेक्चर के कारण ब्रेक लिया था। डेली मिरर के लिए अपने कॉलम में स्टोक्स ने इस भयावह अनुभव का जिक्र किया लेकिन यह नहीं बताया कि घटना कब और कहां हुई। उन्होंने लिखा, मैने एक गोली ली थी जो मेरे गले की नली में फंस गई और मुझे उसे बाहर निकालने में काफी मेहनत करनी पड़ी। जब तक वह बाहर नहीं निकली, मुझे लगा कि अंत निकट आ गया है। मैं कमरे में अकेला था और सांस भी नहीं ले पा रहा था। धीरे धीरे वह गल गई लेकिन मैं बहुत डर गया था। उन्होंने लिखा, टीम डॉक्टर मुझे देखने आई और उन्होंने बताया कि क्या हुआ था।

### गले में जकड़न के कारण पांचवें दिन मैदान पर नहीं उतरे साहा

**कानपुर।** गले में जकड़न के कारण भारतीय विकेटकीपर रिधिमान साहा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को मैदान पर नहीं उतरे। साहा ने चौथे दिन 61 रन की पारी खेली थी जिसकी बदौलत पांच विकेट 51 रन पर गंवाने के बाद भारत ने वापसी की। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, रिधिमान साहा के गले में जकड़न है। इससे विकेटकीपिंग में उसकी मूवमेंट पर असर पड़ रहा था। उनकी जगह पांचवें दिन केएस भरत विकेटकीपिंग करेंगे। साहा को ऋषभ पंत की जगह टीम में रखा गया था क्योंकि पंत को विश्राम दिया गया है।

### पुर्तगाल के फुटबॉल क्लब में नए वैरिएंट के 13 मामले

**तोक्यो।** पुर्तगाल की एक पेशेवर फुटबॉल क्लब में कोराना वायरस के तेजी से फैलने वाले नए स्वरूप ओमीक्रोन के 13 मामलों की पहचान हुई है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिकार्डो जॉर्ज नेशनल हेल्थ इंस्टीट्यूट ने सोमवार को कहा कि लिस्बन स्थित बेलेनेंस सॉकर क्लब में जांच में पॉजिटिव आने वालों में एक व्यक्ति ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी। इस वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप की सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पहचान की गई थी। एक सदस्य को छोड़कर किसी अन्य ने दक्षिण अफ्रीका की यात्रा नहीं की थी, ऐसे में यह दर्शाता है कि यह दक्षिण अफ्रीका के बाहर वायरस के सबसे तेजी स्थानीय प्रसार के शुरुआती मामलों में से एक हो सकता है। संस्थान ने कहा कि कोविड-19 के दोनों टीके लेने के बाद भी जो लोग पॉजिटिव आने वालों के संपर्क में रहे हैं, उन्हें हर हाल में खुद को पृथक कर लेना चाहिए। इन लोगों की कोविड-19 की लगातार जांच की जाएगी।

### एशियन मास्टर्स मैराथन का अगले साल भारत में आयोजन होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय मास्टर्स एथलेटिक्स संघ (एमएएफआई) अगले साल देश में एशियाई मास्टर्स मैराथन के शुरुआती सत्र का आयोजन करेगा। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार 40 से अधिक एशियाई देशों के 35 वर्ष से अधिक आयु के एथलीटों के (धावक) मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ में भाग लेने की उम्मीद है। एमएएफआई ने कहा कि 2022 की अंतिम तिमाही में होने वाली दौड़ उच्चतम तकनीकी मानकों के अनुसार आयोजित की जाएगी। एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स (एएमए) के सचिव एस शिवप्रगसम ने कहा, अक्टूबर 2021 में हुई बैठक में एएमए समिति ने एमएएफआई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन किया और भारत को मेजबानी का अधिकार दिया।

### कोलंबिया से हारकर अमेरिका डेविस कप फाइनल्स से बाहर

**वाशिंगटन।** रिकॉर्ड 32 बार की चैम्पियन अमेरिकी टीम कोलंबिया से शर्मनाक हार के बाद डेविस कप टेनिस फाइनल्स से बाहर हो गई।अमेरिका को 0-2 से पराजय का सामना करना पड़ा चूंकि रीली ओपेलका और जैक सॉक युगल मैच में कोलंबिया के जुआन सेबेस्टियन काबाल और रॉबर्ट फाराह से पहले सेट में पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। इससे पहले डेनियल इलाही गालान ने जॉन इसनेस को 6-3, 3-6, 7-6 से हराकर बराबरी की थी। फ्रांसिस टियाफो ने निकोलस मेजिया को 4-6, 6-3, 7- 6 से हराकर अमेरिका को बढत दिलाई थी। इस बीच रूस ने गत चैम्पियन स्पेन को 2-1 से हराकर बाहर कर दिया। इससे ग्रुप की दूसरी टीम के रूप में नोवाक जोकोविच की सर्बिया अगले दौर में पहुंच गई। रूसी टेनिस महासंघ की टीम का सामना क्वार्टर फाइनल में स्वीडन से होगा।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम चिली से 0-3 से हारी

**एजेंसी।** मनाउस (ब्राजील)

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम को बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद सोमवार को यहां अमेजन एरेना में चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में चिली के खिलाफ 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

स्ट्राइकर मारिया उरुतिया (14वें मिनट) ने चिली को पहले हाफ में बढ़त दिलाई जबकि इसिदोरा हर्नांडेज और कारेन अराया ने क्रमश: 84वें और 85वें मिनट में गोल दागकर भारत की वापसी की उम्मीदें तोड़ दी।

भारत ने ब्राजील के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली टीम की शुरुआत एकादश में तीन बदलाव करते हुए गोलकीपर अदिति चौहान की जगह एम लिनतोइगांबी देवी को मौका दिया



जबकि कमला देवी और डेंगमेई ग्रेस की जगह मार्टिना थोकचोम और मनीषा पन्ना को खिलाया। भारत के लिए पहला मौका ब्राजील के खिलाफ गोल करने वाली मनीषा कल्याण ने बनाया लेकिन छठे मिनट में उनका शॉट सीधा विरोधी गोलकीपर के हाथों में चला गया। चिली ने इसके बाद मैच पर नियंत्रण बनाया। दाएं छोर से मारिया रोजस के क्रॉस पर जेविएरा टोरो के प्रयास को लिनतोइगांबी ने नाकाम किया। एक मिनट बाद हालांकि चिली ने रोजस के पास पर मारिया के गोल से बढ़त बना ली। मध्यांतर तक चिली की टीम ने 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। दूसरे हाफ के 66वें मिनट में भारत ने अच्छा मूव बनाया। मनीषा ने गेंद को 20 साल की स्थानापन्न खिलाड़ी डेंगमेई की ओर बढ़ाया लेकिन उनके शॉट को एंडलर ने रोक दिया। हालांकि जब लग रहा था कि भारत हार के अंतर को कम रखने में सफल रहेगा तब चिली ने दो मिनट के भीतर दो गोल दागकर 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

भारत अपना अंतिम मैच गुरुवार को वेनेजुएला के खिलाफ खेलेगा।

# इंग्लैंड में जन्मे इंगलिस को एशेज श्रंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए मौका मिलने की उम्मीद

**एजेंसी।** गोल्ड कोस्ट

**जोश** इंगलिस ने अपना बचपन इंग्लैंड का समर्थन करते हुए बिताया और उन्हें 2005 में खेली गई एशेज श्रृंखला की यादें ताजा है जिसने ऑस्ट्रेलिया के प्रभुत्व को खत्म किया था।

इंग्लैड में जन्म यह क्रिकेटर अब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के लिए तैयार हैं। पूर्व कप्तान टिम पेन के हटने के बाद इंगलिस और अनुभवी एलेक्स कैरी ऑस्ट्रेलियाई टीम में विकेटकीपर की दावेदारी पेश कर रहे है। इंगलिस का जन्म लीड्स में हुआ था, लेकिन किशोरावस्था में वे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में बस गए थे। उन्होंने वहां खुद को घरेलू क्रिकेट प्रणाली में स्थापित किया। ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, शेफील्ड



शील्ड में पिछले सत्र में उनका औसत 73.12 था। उन्होंने सोमवार को कहा, एक बच्चे के तौर पर मैंने जाहिर है कि इंग्लैंड का समर्थन किया था। लेकिन अब चीजें बदल गई है। उन्होंने कहा, एक बार जब आप पेशेवर क्रिकेट में अपना रास्ता बनाना शुरू कर देते हैं, तो किसी देश के लिए खेलने की कोशिश करना और उनका समर्थन नहीं करना काफी कठिन होता है। तो हां, इस मामले में बहुत जल्दी बदलाव आया है।

# सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया

**एजेंसी।** बाली

**दुनिया** की 11वें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार से शुरू हो रहे सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह बना ली है।

सात्विक और चिराग इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। जापान के अकिरा कोगा और ताइची सेइतो के भी सेमीफाइनल में हारने के बाद उन्होंने जगह बनाई। उन्होंने जापानी जोड़ी को रेस टू बाली रेस में पछाड़ा। उन्हें कट में प्रवेश के लिए सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक जोड़ी मार्कस एफ गाइडोन और केविन एस को हराना था लेकिन वे 16- 21, 18-21 से हार गए। अकिरा और ताइची भी जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से हार गए जिससे भारतीय जोड़ी को जगह मिल



गई। चिराग ने इंस्टाग्राम पर लिखी , हम पहली बार विश्व टूर फाइनल्स खेलेंगे। दुनिया की शीर्ष आठ जोड़ियों के खिलाफ खेलने को लेकर रोमांचित हूं।

सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद। इससे पहले लक्ष्य सेन 15 लाख डॉलर ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, किदाम्बी श्रीकांत, महिला जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी भी भाग ले रहे हैं। सिंधू ने 2018 में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स जीता था जबकि साइना नेहवाल 2011 में खिताबी मुकाबले तक पहुंची थी। श्रीकांत और समीर वर्मा नॉकआउट चरण तक पहुंचे हैं।

# आईपीएल रिटेन समय सीमा से पहले कुछ खिलाड़ियों को लेकर दुविधा



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मौजूदा आठ फ्रेंचाइजी के लिए खिलाड़ियों को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखने) करने की समय सीमा मंगलवार को खत्म हो रही है और ऐसे में कुछ टीम अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रख सकती हैं जबकि कुछ टीम कम खिलाड़ियों को रिटेन करके नीलामी में उतरने वाले खिलाड़ियों से अपनी टीम का कोर बनाने का प्रयास करेंगी।

अगले साल होनी वाली बड़ी नीलामी से पहले अंतिम लम्हों में अधिकतर टीम अपनी पसंद के खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखने के प्रयास कर रही हैं। मौजूदा आठ टीम के रिटेन होने वाले खिलाड़ियों को अंतिम रूप देने के बाद दो नई फ्रेंचाइजी लखनऊऔर अहमदाबाद को एक से 25 दिसंबर के बीच तीन खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा जिसके बाद जनवरी में नीलामी होगी। मौजूदा आठ टीम अधिकतम चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं जिसमें तीन से अधिक भारतीय और दो से अधिक विदेशी खिलाड़ी नहीं हो सकते। समय सीमा खत्म होने से पहले पीटीआई भाषा रिटेन होने वाले संभावित खिलाड़ियों के नाम पर विचार कर रहा है:

**दिल्ली कैपिटल्स :**
फ्रेंचाइजी के कप्तान ऋषभ पंत, पृथ्वी साव, अक्षर पटेल और दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्किया को अपने साथ बरकरार रखना लगभग तय है। टीम को हालांकि आर अश्विन और कागिसो रबाडा जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को छोड़ना होगा जिन्हें टीम नीलामी में खरीदने का प्रयास कर सकती है। कंधे में चोट के बाद वापसी करते हुए दिल्ली की कप्तानी वापस नहीं मिलने के कारण स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर टीम को छोड़कर जा रहे हैं।

**मुंबई इंडियन्स :**
पांच बार की चैंपियन टीम कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह के आसपास टीम तैयार करेगी। सूर्यकुमार यादव और अनुभवी कीरोन पोलार्ड को भी टीम रिटेन करना चाहेगी। टीम के सामने हालांकि सूर्यकुमार और इशान किशन में से एक को चुनने की चुनौती हो सकती है। गेंदबाजी नहीं कर पाने के कारण हार्दिक पंड्या पहले जैसे आलराउंडर नहीं हैं लेकिन टीम उन्हें नीलामी में दोबारा खरीदने का प्रयास कर सकती है।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :**
चार बार की चैंपियन सुपरकिंग्स की टीम अपने चार खिलाड़ी लगभग तय कर चुकी है। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा का रिटेन होना तय है जबकि पिछले सत्र में टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले रुतुराज गायकवाड़ को टीम बरकार रख सकती है। विदेशी खिलाड़ियों में आलराउंडर मोईन अली और लंबे समय से टीम के साथ जुड़े रहे फाफ डुप्लेसिस में से एक को चुनने का मुश्किल फैसला टीम को करना होगा।

**पंजाब किंग्स :**
कप्तान लोकेश राहुल का नीलामी में उतरना लगभग तय है और ऐसे में फ्रेंचाइजी नई शुरुआत करने की कोशिश करेगी। टीम हालांकि अर्शदीप और रवि बिश्नोई जैसे खिलाड़ियों को रिटेन करने की कोशिश करेगी जिन्होंने अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। टीम को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में मयंक अग्रवाल, मोहम्मद शमी और निकोलस पूरन के बीच से चुनन होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :**
टीम के वरूण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर और सुनील नारायण को बरकार रखने की संभावना है लेकिन इसका मतलब है कि इंग्लैंड की विश्व कप जीतने वाली टीम के कप्तान इयोन मोर्गन और शुभमन गिल को टीम को नीलामी में उतारना होगा। मोर्गन की अगुआई में नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2021 के यूएई चरण में शानदार वापसी करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। उनकी नेतृत्वक्षमता को देखते हुए उन्हें रिलीज करने का फैसला आसान नहीं होगा।

**राजस्थान रॉयल्स :**
संजू सैमसन को कप्तान बनाने के बाद भी टीम की किस्मत नहीं बदली लेकिन टीम के उन्हें और इंग्लैंड के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को बरकरार रखने की संभावना है। बेन स्टोक्स को बकरार रखने को लेकर टीम दुविधा में होगी जो चोट और मानसिक स्वास्थ्य समस्या के कारण पिछले सत्र के अधिकतर मैचों में नहीं खेले। फिटनेस को लेकर जूझने वाले जोफ्रा आर्चर भी ऐसे ही खिलाड़ी हैं जिन्हें लेकर टीम दुविधा में होगी। अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले यशस्वी जायसवाल भी रिटेन होने की दौड़ में हैं।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :**
कप्तान छोड़ने वाले विराट कोहली और युजवेंद्र चहल को रिटेन किया जाएगा जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने भी पिछले सत्र में अच्छे प्रदर्शन से टीम का भरोसा जीता है। यादगार आईपीएल के बाद भारत की ओर से सफल पदार्पण करने वाले हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज के बीच रिटेन होने के लिए संघर्ष होगा।

**सनराइजर्स हैदराबाद :**
पिछले सत्र में पूर्व कप्तान डेविड वार्नर के साथ मतभेद के चलते गलत कारणों से खबरों में रहे सनराइजर्स का केन विलियमसन और राशिद खान को रिटेन करना लगभग तय है। टीम को देखना होगा कि वे अपना तेज गेंदबाजी आक्रमण भुनेश्वर कुमार और टी नटराजन को लेकर बनाएंगे या नई शुरुआत करेंगे।